रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 7 अक्टूबर 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-07, अंक- 47 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### पश्चिम बंगाल में विसर्जन के दौरान आठ लोग डूबे, प्रधानमंत्री ने जताया शोक



**माल बाजार।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में बुधवार रात दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटना में कम से कम आठ लोगों के डूब जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि कल शाम करीब साढ़े आठ बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान माल नदी में बड़ी संख्या में लोगों के बह जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई।

### गांधी जयंती पर दिल्ली में खादी इंडिया की बिक्री 1.34 करोड़ रुपए

**नयी दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के नयी दिल्ली के कनॉटप्लेस (सीपी) शोरुम में खादी इंडिया ने गांधी जयंती पर रिकार्ड 1.34 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि इस वर्ष दो अक्टूबर को खादी इंडिया के सीपी शोरुम ने एक बार फिर एक ही दिन में खादी की बिक्री का नया कीर्तिमान बनाया है। गांधी जयंती पर खादी इंडिया शोरूम ने 1.34 करोड़ की रुपये की बिक्री दर्ज की है। पिछले वर्ष दो अक्टूबर को 1.01 करोड़ रुपए की बिक्री की गयी थी।

# दीपावली के पहले छत्तीसगढ़ के किसानों, ग्रामीण भूमिहीन मजदूरों और गोबर विक्रेताओं के खाते में आएगी 1800 करोड़ रूपए की राशि


## मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 8.13 करोड़ रूपए का किया ऑनलाईन अंतरण

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

गोबर विक्रेताओं को अब तक 170 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान मुख्यमंत्री ने किसानों से की पैरादान की अपील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि दीपावली के पहले 17 अक्टूबर को किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीसरी किस्त के साथ राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना की राशि का भुगतान हितग्राहियों को किया जाएगा। किसानों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और गोबर विक्रेताओं को लगभग 1800 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा दीपावली हम सब के लिए बड़ा त्यौहार है। दीपावली के पहले राशि मिलने से हम सब धूमधाम से दीपावली मनाएंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 17 अक्टूबर को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और गोधन न्याय योजना की राशि का करेंगे भुगतानमुख्यमंत्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों के खाते में 8 करोड़ 13 लाख रूपए की राशि का ऑनलाईन अंतरण करते हुए यह जानकारी दी। इस राशि में से गोबर विक्रेता पशुपालकों, ग्रामीणों को 5.34 करोड़ रुपए की राशि, गौठान समितियों को 1.69 करोड़ और महिला स्व सहायता समूहों को 1.11 करोड़ रूपए की लाभांश राशि वितरित की गई। गोबर विक्रेताओं को आज भुगतान की गई राशि को मिलाकर गोबर खरीदी के एवज में अब तक 170.34 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ. अय्याज एफ तम्बोली, मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अवनीश शरण, संचालक पशुधन चंदन संजय त्रिपाठी, कृषि विभाग के उप सचिव तूलिका प्रजापति भी उपस्थित थीं।




### ग्राम पंचायतों के आश्रित गांवों में गौठान शुरू करने तैयार करें कार्ययोजना

बघेल ने कहा कि प्रदेश में अब तक 10 हजार 624 गौठानों की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 8408 गौठान निर्मित हो चुके हैं। अब ग्राम पंचायतों के बाद उनके आश्रित गांवों में गौठान की मांग आ रही है। इन गांवों में गौठान प्रारंभ करने की कार्ययोजना बनाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब गांवों में पहले पहल गांवों में गौठान बने तो महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं में गौठान से जुड़कर वहां आजीविका मूलक गतिविधियां चलाने के लिए होड मच गई। महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट के साथ सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, मछली पालन, मशरूम उत्पादन जैसी गतिविधियों से जुड़ी। अब विगत 2 अक्टूबर को 300 रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के शुभारंभ के बाद अनेक गांवों से रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क प्रारंभ करने की मांग आ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे गांवों में रीपा शुरू करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। हमें युवाओं को भी गौठानों से जोड़ना होगा।

### किसानों से पैरादान की अपील

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में किसानों से पैरादान की अपील करते हुए कहा कि धान की कटाई शुरू होने वाली है। किसान पैरा न जलाएं, गौठानों में मवेशियों के चारे के लिए पैरादान करें। पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था होने से वे खेत में नही जाएंगे। इससे खरीफफसल के साथ-साथ उन्हारी फसल भी बचेगी। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों से उन्हारी फसलों, सरसों, तिवरा, अलसी आदि के बीज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 नवम्बर से शुरू की जाएगी। अधिकारियों को बारदाने सहित धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दे दिए गए हैं, जिससे किसानों को धान बेचने में असुविधा न हो।

### कृषि उपज मण्डी की जमीन पर रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क शुरू करने कार्ययोजना बनाएं

मुख्यमंत्री बघेल ने कृषि मंत्री द्वारा कृषि उपज मण्डी की खाली पड़ी जमीन में रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क प्रारंभ करने के सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि मंडियों में शेड और चबूतरे बने हैं, लेकिन इनका उपयोग नही हो पा रहा है। यहां रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क शुरू किए जा सकते हैं। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में भी यदि अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क प्रारंभ किए जाएं और इससे युवाओं को जोड़ा जाए तो बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने मण्डी की खाली जमीन पर कृषि सेवा केन्द्र प्रारंभ करने गौठानों में विभिन्न आय मूलक गतिविधियों के लिए महिलाओं और युवाओं की ट्रेनिंग शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौठानों में अब तक 53 हजार 231 लीटर गौ मूत्र का क्रय किया गया है, जिससे तैयार कीट नियंत्रक ब्रम्हास्त्र और वृद्धिवर्धक जीवामृत की बिक्री से महिला समूहों को 10.05 लाख रूपए की आय हुई है। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने इस अवसर पर कहा कि गांवों के गौठान, गोधन न्याय योजना और रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क आने वाले समय में हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मूलभूत आधार बनेंगे। चौबे ने कहा कि राज्य शासन की योजनाओं से छत्तीसगढ़ आज देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य है।

# गांव में त्यौहार का जश्न मातम में बदला, एक ही परिवार के तीन सदस्यों की गला रेतकर निर्मम हत्या, आरोपी फरार



पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

दशहरा और कर्मा त्यौहार का जश्न जिला मुख्यालय के नजदीकी गांव घोलेंग कदमटोली में मातम में बदल गया। त्यौहार बुधवार की रात किसी अज्ञात हमलावर ने घर घुसकर एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हथियार से वारकर निर्मम हत्या कर दी। पति, पत्नी और एक बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना मिलने पर गुरूवार की सुबह कोतवाली पुलिस घटनास्थल पहुंची और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### इनकी हुई हत्या

घोलेंग से लगे कदमटोली में रहने वाले तीनों मृतक एक ही परिवार के हैं। जिसमें माता पिता समेत उनकी बेटी भी शामिल हैं। तीनों रात में लगभग आठ बजे के आसपास खाना खाकर सो गए थे जिसके बाद यह घटना हुई। घटना स्थल पर पुलिस को जो जानकारी मिली है उसमें यह बातें सामने आई हैं कि एक ही कमरे में धारदार हथियार से 43 वर्षीय अर्जुन उसकी 36 वर्षीय पत्नी



फिरनी और 19 वर्षीय बेटी सजना की हत्या कर दी गई है। कुछ लोग इसे जमीन विवाद से जोड़कर देख रहे हैं वहीँ पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार जादू टोने के शक में भी हत्या किए जाने की बातें सामने आ रही हैं। फिलहाल पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### चल रही है जांच

जशपुर एसपी डी रविशंकर ने बताया की हत्या के उक्त मामले की गंभीरता से जाँच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद का प्रतीत होता है। जमीन विवाद के साथ जादू टोने के शक में भी हत्या किए जाने की बातें सामने आ रही हैं,फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। हर पहलु पर पुलिस जाँच कर रही है,जल्द ही पुरे मामले का खुलासा होगा,आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# भाजपा ने गुजरात में 27 सालों में मात्र 73 स्कूलों को किया ठीक : सिसोदिया

वार्ता ‹ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा ने 27 सालों से गुजरात की सत्ता में रहते हुए वहां मात्र 73 सरकारी स्कूलों को ठीक किया है और राज्य की सभी 40,800 सरकारी स्कूलों को ठीक करने में 15,000 साल का समय लग जाएगा। सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में



कहा कि गुजरात के लोगों को भाजपा का स्कूलों का ठीक करने का यह फामूर्ला स्वीकार नहीं है। गुजरात के लोग यह जानते है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मात्र पांच सालों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों को शानदार बना दिए है और वे गुजरात के स्कूलों को भी पांच सालों में शानदार बना सकते है। सिसोदिया ने कहा कि गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने बयान दिया है कि गुजरात के सूरत शहर में भाजपा सरकार ने 73 प्राइमरी स्कूलों को स्मार्ट बोर्ड लगाकर ठीक किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुःख की बात है कि भाजपा पिछले 27 सालों में गुजरात के केवल 73 स्कूलों को ही ठीक करवा सकी।

### निर्माण स्थलों पर नियम उल्लंघन होने पर पांच लाख तक जुर्माना : गोपाल राय

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली में छह नवंबर तक एंटी डस्ट अभियान शुरू किया गया और निर्माण स्थलों पर नियम उल्लंघन होने पर 10 हजार से पांच लाख रुपए तक जुमार्ना लगाया जाएगा। राय ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 30 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान की घोषणा की है जिसके आधार पर संबंधित विभागों ने इसे जमीन पर लागू करने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। हमने ग्रीन वॉर रूम लॉन्च किया है, जहां से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि एंटी डस्ट कैंपेन के लिए 586 टीमों का गठन किया है जिसमें 12 संबंधित विभागों की टीम शामिल है।

### लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में ओपीडी में पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड

**नयी दिल्ली।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत नयी दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं सुचेता कृपलानी अस्पताल में ओपीडी में पंजीकरण के लिए क्यूआर कोड व्यवस्था लागू कर दी गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि क्यूआर कोड व्यवस्था पुराने और नए रोगियों के पंजीकरण के लिए लागू होगी। इससे रोगियों को ओपीडी पंजीकरण में कम से कम समय लगेगा और लंबी कतारों से बचा जा सकेगा।







# गुरु गद्दी दर्शन कर सीएम ने प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया

- भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- संत समागम स्थल पर भव्य मंच निर्माण और मैदान के समतलीकरण तथा गांव में सतनाम भवन की घोषणा
- गुरुदर्शन मेला के लिए प्रति वर्ष दिए जाएंगे 10 लाख रुपए




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर जिले के आरंग तहसील अंतर्गत भंडारपुरी धाम में आयोजित गुरु दर्शन मेला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम गुरु गद्दी दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संत शिरोमणि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की जयकारे के साथ मेला पर आयोजित कार्यक्रम को बरसते पानी में संबोधित करते हुए कहा कि आज एकादशी के दिन ही गुरु बालकदास जी का राज्याभिषेक हुआ था। बाबा गुरुघासी दास के पुत्र गुरु बालकदास के गद्दीनसीन होने की याद में बरसों से संत समागम और गुरुदर्शन की परंपरा को पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा की हमारा प्रदेश धान का कटोरा और किसानों का प्रदेश है। किसान ठंड, गर्मी और बरसात की चिंता किए बगैर कड़ी मेहनत करता है। हमारी सरकार किसानों को उनकी मेहनत का प्रतिफल देने प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा की हमारी सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की किश्त 17 अक्टूबर को देने जा रही है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के संदेश मनखे-मनखे एक समान को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक समरसता को और मजबूत किया जाएगा। सरकार किसानों, मजदूरों के साथ सभी वर्गो के आर्थिक मजबूती के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। राज्य के किसानों को धान का जितना मूल्य दिया जा रहा है,उतना देश के किसी भी राज्य में नहीं मिल रहा है। बाबा घासीदास ने गौवध को रोकने का जो कार्य किया है, उसको भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर उन्होंने संत समागम स्थल पर भव्य मंच निर्माण और मैदान का समतलीकरण, गांव में सतनाम भवन,गुरुदर्शन मेला के लिए प्रति वर्ष 10 लाख रुपए, भंडारपुरी के अधूरे गुरुद्वारा को पूर्ण करने तथा भंडारपुरी से गैतरा तक सड़क निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर सतनामी समाज के संत, राजमहंत, प्रबुद्ध जन, पंचायत एवं नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधि गण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया ने कहा कि सरकार ने जो वादे किए थे, उसमे से अधिकांश पूरा हो गया है। शिक्षा, रोजगार,आर्थिक सशक्तिकरण आदि सहित सभी क्षेत्रों में समाज के लोगो को आगे बढ़ाने एवं सर्व समाज को सम्मान देने का कार्य सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि परंपरा के अनुसार आज गुरु दर्शन कर संत समागम में शामिल हो रहे हैं। सतनामी समाज अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा की सरकार सतनाम के मार्ग पर चले इसका विशेष प्रयास रहता है। राजागुरु बालदास साहेब ने गुरुद्वारा भंडारपुरी में आए श्रद्धालुजनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरु अमरदास ने गुरु घासीदास बाबा के मनखे मनखे एक समान की परंपरा को आगे बढ़ाया। गुरु किसी एक का नहीं अपितु सम्पूर्ण समाज का होता है। समाज की प्रगति और विकास के लिए लोगों को संगठित होना जरूरी है। समाज के लोग जितना अधिक शिक्षित होंगे समाज उतना ही अधिक उन्नति करेगा।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को दिया जा रहा है बढ़ावाः मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को दिया जा रहा है बढ़ावाः मुख्यमंत्री बघेल छत्तीसगढ़ की संस्कृति तीज त्यौहार, लोक संस्कृति, लोक कला को बढ़ावा देने के बाद अब छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को भी वैश्विक पहचान दिलाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम में इसकी शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता और विशिष्ट पहचान यहां की ग्रामीण परंपराओं और रीति रीवाजों से है। इसमें पारंपरिक खेलों का विशेष महत्व है। पिछले कुछ वर्षो में छत्तीसगढ़ के इन खेलों को लोग भूलते जा रहे थे। खेलों को चिरस्थायी रखने, आने वाली पीढ़ी से इनको अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक खेलों की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ के ये खेल मनोरंजक होने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों से बच्चे, बुजुर्ग व युवा सभी व्यायाम आदि शारीरिक गतिविधियों से जुड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों से राज्य के हर गांव, हर ब्लाक तथा हर जिले में स्थानीय खेलों का आयोजन होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की जानकारी देने वाले ब्रोशर का भी विमोचन किया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ अवसर पर खेल मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि ये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सोच है कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास अभी तक किसी ने नहीं किया। पहली बार यह प्रयास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा, खानपान, लोक कला, संस्कृति, खेलकूद को बढ़ावा देने और उसे छत्तीसगढ़ के बाहर भी पहचान दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। खेल मंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयास सफल भी होते दिख रहे हैं। बोरे बासी खाने के अभियान को देश विदेश में पहचान मिली है। अब छत्तीसगढ़िया खेल भी अपनी अलग पहचान बनाएंगे। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों के शुभारंभ अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, महापौर ऐजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मडल के अध्यक्षकुलदीप जुनेजा, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, विधायक सत्यनारायण शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, युवा आयोग के अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार सहित अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, सुब्रत साहू, सचिव खेल नीलम नामदेव एक्का व संचालक खेल श्रीमती श्वेता सिन्हा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

# भगवान राम से प्रेरणा लेकर, स्त्री की अस्मिता की रक्षा ही सही मायनों में दशहरा का पर्व होगाः राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके भिलाई के रिसाली स्थित दशहरा मैदान में आयोजित दशहरा उत्सव में शामिल हुईं । उन्होंने कहा कि भगवान राम स्त्री की अस्मिता के रक्षक हैं। आज ही के दिन उन्होंने अधर्मी रावण का वध कर बुराई का अंत किया था। राज्यपाल उइके ने कहा कि स्त्री अस्मिता की रक्षा ही सही मायनों में दशहरा का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई ऐसे आसुरी प्रवृत्ति के लोग हैं जो एक स्त्री की अस्मिता को तार-तार कर रहे हैं। हमें उन लोगों से हमारे समाज को मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन ही देवी दुर्गा ने भी महिषासुर का वध कर आसुरी शक्ति का नाश किया था। इसलिए यह दिन असत्य, बुराई और अधर्म पर सत्य, अच्छाई और धर्म की जीत के रूप में मनाया जाता है। शाही दशहरा उत्सव महिला समिति भिलाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए, वहां उपस्थित सभी लोगों को एवं देश-प्रदेश के सभी जनमानस को दशहरा उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का रूप धारण किए हुए बच्चों को भी विशेष रूप से बधाई दीं। उन्होंने कहा कि यह जनमानस के लिए हर्ष और उल्लास का पर्व है। इस दिन देश भर में मेले का, रामलीला का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि दशहरा अथवा विजयादशमी भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में बुरी शक्तियों का अंत और भगवान के पवित्र एवं अदम्य शक्ति की पूजा का पर्व है। इसलिए हम बुराई के प्रतीक, रावण का पुतला बनाकर उसे जलाते हैं। ताकि समाज बुराई के प्रति संवेदनशील हो और असत्य और बुराई को नाश करने की क्षमता प्रकट हो। हम काम, क्रोध, लोभ, मोह,घृणा, द्वेष, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी जैसे बुराईयों से मुक्त हो सकें और एक बेहतर तथा सभ्य समाज का निर्माण हो सके। इसलिए इस दिन हम बुरी शक्तियों को नाश करने वाले शस्त्रों की पूजा करते हैं और नवीन कार्यो का आरंभ भी करते हैं। रावण रूपी बुराई को समूल नष्ट करना होगा। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने दशहरा मैदान पहुंच कर सर्वप्रथम माता दुर्गा के पण्डाल में पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने भगवान राम का स्मरण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड भी बनेंगे




**छुईखदान।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में 7 अक्टूबर को वृहद स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया है। स्वास्थ्य मेला आयुष्मान पखवाड़े के तहत 23 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न स्थानों पर लगातार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम डॉ अदित्य पारख (जनरल सर्जन), डॉ रितेश भास्कर (अस्थि रोग विशेषज्ञ) व डॉ हिना चिचेरिया (प्रसूति एवम स्त्री रोग) रहेंगे और गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। शिविर में छूटे हुए व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया जाएगा। खंड चिकित्सा अधिकारी मनीष बघेल व ब्लॉक प्रोग्राम अधिकारी बृजेश ताम्रकार ने ब्लॉक के लोगो को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

# मुख्यमंत्री ने रेफरी बन खेल की शुरूआत की पारंपरिक खेलों मे खुद आजमाए हाथ

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



दीप प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और सभ्यता की चर्चा पुरातन काल से होती आ रही है। बीते कुछ समय तक इस संस्कृति को लगभग भुला दिया गया था। लेकिन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से ही भूपेश बघेल ने यहां की संस्कृति और पुरातन सभ्यता को विश्व पटल पर लाने की योजना पर काम शुरू किया। स्थानीय त्यौहारों के अवसर पर अवकाश, बोरे-बासी को वैश्विक पहचान दिलाना, स्थानीय त्यौहारों के प्रति लोगों को जागरुक करना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल का परिणाम है। इसी कड़ी छत्तीसगढ़ की संस्कृति से लोगों को जोड़ने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई है जिसकी संकल्पना खुद मुख्यमंत्री बघेल ने की है।

मुख्यमंत्री की सादगी,संजीदगी और स्थानीय संस्कृति के प्रति लगाव का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री खुद रेफरी की सीटी लेकर महिला कबड्डी खिलाड़ियों के बीच पहुंच गए और मैच में निर्णायक की भूमिका निभाने लगे। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री ने लंगड़ी, भौंरा, बाटी (कंचा) और पिट्ठुल जैसे खेलों मे खिलाड़ी के रूप में खुद भी हाथ आजमाया और अन्य खिलाड़ियों के साथ खुद को एक खिलाड़ी के रूप में प्रस्तुत किया और खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति से लोगों को जोड़ कर रखने के लिए स्थानीय खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत आज 6 अक्टूबर से की गई है। 6 जनवरी 2023 तक चलने वाले इस ओलंपिक में दलीय एवं एकल श्रेणी में 14 प्रकार के पारंपरिक खेलकूदों को शामिल किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग शामिल हो रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को एक तरफ खेल का मंच मिलेगा वहीं उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और खेल भावना का भी विकास होगा।

# मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए स्टेट मास्टर प्लान तैयार करने के दिए निर्देश




- मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के लिए स्टेट मास्टर प्लान तैयार करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत एम्पावर्ड ग्रुप आफ सेक्रेटरी की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई।

मुख्य सचिव ने गतिशक्ति योजना के स्टेट मास्टर प्लान के निर्माण के सम्बंध में विस्तार से चर्चा करते हुए पी.एम गतिशक्ति पोर्टल में आवश्यक जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के डाटा अपडेट की स्थिति, भू-अभिलेखों के जियो रिफिरिंग हेतु समयबद्ध कार्य योजना तथा पी.एम गतिशक्ति अंतर्गत वित्तीय सहायता (पार्ट-2) हेतु नवीन प्रोजेक्ट चयन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव वाणिज्य कर और योजना विभाग गौरव द्विवेदी, सचिव वन-तकनीकी शिक्षा आर.संगीता, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के विशेष सचिव हिमशिखर गुप्ता, छत्तीसगढ़ उद्योग विकास निगम के प्रबंध संचालक सारांश मित्तर सहित जल संसाधन, ऊर्जा, नगरीय प्रशासन, राजस्व, पर्यटन और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# हल्की बारिश, पूरा दिन छाए रहे बादल



पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दोपहर को हल्की बारिश के बाद पूरा दिन बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की आशंका जताई थी। हालांकि बरसात कुछ देर ही हुई लेकिन इसका असर पूरा दिन रहा। बदली के चलते मौसम खुशनुमा बना रहा। अब तक हो रही बारिश के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ी है। चिकित्सकों ने लोगों को खास एहतियात बरतने की बात कही है।

## 921 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों की दी सौगात

# हम जिस राह पर चले, वो राह स्वामी आत्मानंद जैसी विभूतियों ने दिखाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और आजीविका मूलक गतिविधियों पर जो काम हो रहा है उसकी राह स्वामी आत्मानंद, डॉ खूबचंद बघेल जैसी विभूतियों ने दिखाई है। यह बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले के पाटन में आयोजित स्वामी आत्मानंद जयंती समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 921 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन पाटन विधानसभा में किया। मुख्यमंत्री ने लगभग 280 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन और लगभग 641 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण इस अवसर पर किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने अपना पूरा जीवन शिक्षा को गुणवत्ता के साथ सभी वर्गों के लिए उपलब्ध कराने के लिए लगाया। उनके सपनों को मूर्त रूप देने के लिए हमने 701 अंग्रेजी स्कूल उनके नाम से आरम्भ किये हैं। यहाँ अंग्रेजी के साथ संस्कृत और छत्तीसगढ़ी की सीख भी दी जा रही है ताकि बच्चे अपनी परंपरा और जड़ों से भी जुड़े रह सके। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए आर्थिक अवसर उपलब्ध कराने के साथ संस्कृति को सहेजने की दिशा में हमने कार्य किया है। आज स्वामी आत्मानंद जी की जयंती समारोह पर हम सब एकत्रित हुए हैं। हम उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि मैंने रायपुर में छत्तीसगढिया ओलंपिक का शुभारंभ किया। हमारे छत्तीसगढ़ी खेल विलुप्तप्राय हो गए थे। अब 14 प्रकार के हमारे स्थानीय खेल हमने शामिल किए हैं। सभी के लिए इसमें खेल में भाग लेने के अवसर हैं। स्वामी आत्मानंद जी की जयंती पर यह कार्यक्रम आरम्भ हुआ है और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर समाप्त होगा। दीवाली के पहले हम किश्त की राशि 17 अक्टूबर को देंगे ताकि लोग अच्छे से दीवाली मनाए। इससे व्यापारी भी अच्छे से दीवाली मना पाएंगे। 1 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत होगी। आप सभी पैरादान जरूर करें। आपके लिए ही गौठान बनाये गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिलहन की फसल भी लें और गौठान में ही पेराई भी करें, इसलिये ग्रामीण आजीविका केंद्र बनाए गए हैं। इन आजीविका केंद्रों में पढ़े लिखे युवाओं के लिए भी रोजगार की व्यवस्था है। स्वास्थ्य में पाटन में अनेक प्रकार के जांच मुफ्त हो रहे हैं दुर्ग में भी इसी तरह से मुफ्त में जांच हो रही है। हम पूर्वजों के देखे सपने पूरे करने कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सभा को सामाजिक पदाधिकारी मेहतरलाल वर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्षजवाहर वर्मा, जिला मंडी बोर्ड के अध्यक्ष अश्विनी साहू, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। साथ ही कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, एसपी डॉ अभिषेक पल्लव एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भारत को एकसूत्र में बांधने की कोशिश है भारत जोड़ो यात्रा : कांति

## कांति बोली भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जनता के मन में यात्रा के प्रति अपार श्रद्धाभाव

पायनियर संवाददाता ‹ पखांजूर/अंतागढ़
www.dailypioneer.com






राज्य योजना आयोग की सदस्य एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री (पीसीसी सदस्य) कांति देवी नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस के भारत जोड़ों यात्रा पर अपने विचारो को खुलकर व्यक्त किए है उन्होंने कहा की भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उदयपुर चिंतन शिविर में राहुल गांधी ने देश की परिस्थितियों की ओर इशारा करते हुए कहा था कि आज हमें चर्चा करने की इजाजत नहीं है। संसद में हमारे माइक बंद कर दिए जाते हैं। न्यायपालिका दबाव में है। संवाद की परंपरा को रौंद दिया गया है। इस देश की संस्थाओं को अपना काम नहीं करने दिया जा रहा है। मीडिया अपना काम नहीं कर पा रहा है। देश आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। महंगाई और बेरोजगारी इतिहास की सबसे बड़ी समस्या बन गए हैं। अब सवाल ये है कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी जनता के साथ खड़े होने की है। हमें जनता के पास जाना पड़ेगा। हमारे लिए नहीं, देश के लिए। अब हमें बिना कुछ सोचे जनता के बीच जाना चाहिए।

नाग ने इसके बाद रामलीला मैदान में हुई महंगाई रैली के बारे जिक्र करते हुए दोहराया कि सारी संस्थाएं और एजेंसियां, मीडिया और अदालतें जनता से छीन ली गई हैं। अब हमें जनता की अदालत में जाना होगा। दुर्भाग्य से मीडिया और बुद्धिजीवी वर्ग ने इस तथ्य को नजरअंदाज किया और विपक्ष की इस चिंता पर ध्यान नहीं दिया। कांति ने कहा की देश के इतिहास की ओर देखें तो बुद्ध, महावीर, केशकंबली और सम्राट अशोक के जमाने से ही हमारे समाज में यात्राओं के प्रति जनता के मन के एक आध्यात्मिक किस्म का आदर रहा है। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जनता के मन में यात्राओं के प्रति अपार श्रद्धाभाव है। महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद का आशीर्वाद लेकर शुरू हुई यह यात्रा श्री नारायण गुरु के दरबार होते हुए केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर पार करके वडक्कनचेरी पहुंच चुकी है और इसे अभी देश के तमाम पवित्र स्थलों, महात्माओं और जनता जनार्दन की ड्योढ़ी से होकर गुजरना है। याद करने वाली बात है कि दक्षिण से लौटकर ही राम नायक बने थे। शंकराचार्य की जिस यात्रा ने भारत में सांस्कृतिक-धार्मिक उसे ढोए जा रही हैं। समन्वय स्थापित किया वह भी दक्षिण से उत्तर आई। दक्षिण से चलकर ही आलवारों और अक्का महादेवी की भक्ति महाराष्ट्र के वरकरियों से होती हुई कबीर, नानक, सूर, रसखान और तुलसी तक पहुंची और भक्ति आंदोलन का सूत्रपात हुआ।

कांति नाग ने आगे कहा की कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि भारत तो एक है, राहुल गांधी क्या जोड़ने निकले हैं? अब इसकी सफाई जनता दरबार में दी जाएगी ।

राहुल गांधी जनता की अदालत में यही फरियाद लेकर गए हैं कि भारत के महान पूर्वजों ने अपना खून बहाकर अपनी जान देकर दुनिया भर में प्रतिष्ठा पाने वाला लोकतंत्र का जो मंदिर खड़ा किया था, अब उसे ढहाया जा रहा है और इसे बचाने की जरूरत है। देश में संवैधानिक संस्थाओं को विपक्षी नेताओं का शिकार करने के काम में लाया जा रहा है। देश में न्यायपालिका को सत्तापक्ष की बंदी बना दिया गया है। जनता की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं की जा रही है। राजनीतिक विद्वेष के तहत विपक्ष-मुक्त भारत अभियान कानून प्रवर्तन एजेंसियों के कंधे पर लाद दिया गया है। सबसे ज्यादा हैरानी की बात है कि ये एजेंसियां फिर आखिर रास्ता क्या बचा है?

भारत जोड़ो यात्रा के जरिए भारत की जनता को एकजुट होकर अपने पूर्वजों के बलिदान की कीमत पर हासिल लोकतंत्र पर पुनः दावा ठोंकना है, पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ना है और देश की दिशा को शांति, समृद्धि और सौहार्द की तरफ मोड़ना है। अब फैसला जनता के हाथ में है।

## विजयदशमी के अवसर पर शस्त्रों की पूजा कर सुख शांति की कामना की



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग

विजयदशमी के अवसर पर पुलिस लाइन जिला- दुर्ग के शस्त्रागार में शस्त्र पूजा का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजा मे डॉ अभिषेक पल्लव (भापुसे) पुलिस अधीक्षक जिला- दुर्ग के द्वारा माता दुर्गा की पूजा एवं शस्त्रों की पूजा सुबह पंडित जी के मंत्र उच्चारण के साथ की गई पूजा की परंपरा विधि विधान से संपन्न होने के बाद पुलिस अधिकारियों के द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई। समस्त अधिकारी /कर्मचारियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी गई तत्पश्चात वाहन शाखा रक्षित केंद्र दुर्ग में वाहनों की पूजा की गई । पुलिस के आला अफसरों से लेकर सिपाहियों तक ने शस्त्र पूजा में हिस्सा लेकर शस्त्रों की पूजा कर माता से आशीर्वाद लिया दशहरा के दिन पुलिस लाइन दुर्ग में शस्त्र पूजा के लिए विशेष इंतजाम किया गया था। शस्त्र पूजा में मां भवानी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है ताकि बुराई का अंत कर अच्छाई पर जीत प्राप्त की जा सके।

# छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शिशुपाल शोरी ने किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com



जिले में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक प्रारंभ हो गया है। इस खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल जैसे-गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद इत्यादि में महिला, पुरूष प्रतिभागी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

संसदीय सचिव एवं कांकेर विधानसभा के विधायक शिशुपाल शोरी ने आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मनकेसरी में आयोजित प्रतियोगिता में भंवरा चलाकर छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ किया। राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीगसढ़ की संस्कृति, परंपरा को सहेजने व संवारने का कार्य कर रहे हैं। लुप्त हो रही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल को संरक्षण प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक शुरू किया गया है, जिसमें ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। खेल से शरीर स्वस्थ्य रहता है तथा स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। गांव के सभी युवा अपने-अपने पसंद के खेल में भाग लेकर प्रतियोगिता का आनंद उठायें। संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी की उपस्थिति में महिलाओं की फुगड़ी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अनिता बोरकर, गौरी पटेल, टिकेश्वरी, हेमलता, लक्ष्मी मेश्राम, दुर्गा, अश्वनी, इंदु इत्यादि महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गौरी पटेल विजेता रहीं। कृषि उपज मंडी समिति कांकेर के अध्यक्ष श्री राजेश भास्कर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यहां के पारंपरिक खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। बचपन में हम सब गिल्ली डंडा, गेड़ी इत्यादि खेला करते थे, जिसे भूल रहे थे। छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के रूप में प्रारंभ कर इसे संरक्षण प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि गांव के सभी युवा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार द्वारा नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना संचालित की जा रही है, जिससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे हैं। गौठानों में गोबर से वर्मी कम्पोस्ट बनाये जा रहे हैं, इसके अलावा अन्य विभिन्न आर्थिक गतिविधियां भी संचालित की जा रही है, जिससे महिला स्व-सहायता समूह को काम मिल रहा है।कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभद्रा सलाम, जनपद पंचायत कांकेर के उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन, कृशि उपज मंडी समिति कांकेर के उपाध्यक्ष महेन्द्र यादव, चमन साहू, जनपद सीईओ अश्वनी यादव, ग्राम पंचायत मनकेसरी के सरपंच ममता शेरवे, ग्राम पटेल रमसोबाई, युवा मितान क्लब के अध्यक्ष धनिका देवांगन, नीरा साहू, गीता भास्कर, अंबिका सोनवानी, कौशिल्या कवाची, नरसिंह तेता, भोपेश पडोटी, कृश्ण कुमार पटेल, जीवन कोर्राम सहित ग्रामीणजन एवं छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में भाग लेने वाले प्रतिभागी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 16,873 लोगों का किया गया उपचार

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजनांतर्गत जिले में अब तक 16,873 लोगों का उपचार कर 12184 लोगों को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया। जिले में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ 01 अप्रैल 2022 से किया गया है, जिसमें जिले के सभी 06 नगरीय निकायों में 3597 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर 41 प्रकार के लैब टेस्ट निःशुल्क किया गया है। नगरपालिका परिषद कांकेर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश यादव ने जानकारी दी है कि मुख्यमंत्री मोबाईल यूनिट के माध्यम से जिले के 286 स्थानों में कैम्प लगाकर 16873 लोगों का उपचार, 12184 लोगों को निःशुल्क दवाई वितरण तथा 3597 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें नगरपालिका परिषद कांकेर में 79 स्थानों में कैम्प लगाकर 4489 मरीजों का उपचार कर 3211 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया तथा 972 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत नरहरपुर में 24 स्थानों पर कैम्प लगाकर 1273 मरीजों का उपचार कर 865 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण किया गया तथा 178 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। नगर पंचायत चारामा में 39 स्थानों पर कैम्प लगाकर 2987 मरीजों का उपचार कर 2194 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण तथा 609 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 48 स्थानों पर कैम्प लगाकर 2770 मरीजों का उपचार कर 1961 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण तथा 740 मरीजों का स्वास्थ्य जांच किया गया। नगर पंचायत अंताग? में 49 स्थानों में पर कैम्प लगाकर 2800 मरीजों का उपचार, 2006 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण तथा 571 मरीजों का स्वास्थ्य जांच और नगर पंचायत पखांजूर में 47 स्थानों पर कैम्प लगाकर 2554 मरीजों का उपचार कर 1947 मरीजों को निःशुल्क दवाई वितरण तथा 527 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

# फुटबॉल ग्राउंड में मनाया गया विजयदशमी का पर्व

पायनियर संवाददाता ‹ किरन्दुल
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल किरंदुल के तत्वावधान में असत्य पर सत्य की अन्याय पर न्याय की एवं आसुरी वृत्ति पर देवत्व की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व का आयोजन बुधवार रात स्थानीय फुटबॉल ग्राउंड में भव्य तरीके से किया गया। छत्तीसगड़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल किरंदुल द्वारा प्रतिवर्ष दशहरा के पावन पर्व पर परम्परानुसार लगातार 54 वें वर्ष यह गरिमामयी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनएमडीसी महाप्रबंधक उत्पादन एसबी सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय, उपमहाप्रबंधक बी के माधव, इंटक सचिव ए के सिंह, एसकेएमएस अध्यक्ष के साजी, समिति के अध्यक्ष लोकनाथ उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन पीएल साहू,मंच संचालन बीएल तारम एवं आभार व्यक्त हलधर पटेल ने किया।

## बंगीय समाज की महिलाओं ने सिंदूर खेलकर मां दुर्गा से मांगी पति के लंबी उम्र



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर के बंगाली कैंप स्थित शारदीय दुर्गा पूजा बंगीय समाज द्वारा माता दुर्गा की विदाई से पूर्व विजयादशमी के दिन माँ को सिंदूर लगाया जाता है।बुधवार को बंगीय समाज की महिलाओं का मानना है की उसी सिंदूर को महिलायें लगाने से पति की आयु दीर्घ होती है इसलिए सभी एक दूसरे को सिंदूर लगाकर अपने पति की लंबी आयु के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना करते है इसके बाद कोलकाता के ढाक बाजा पर सभी महिलाए नृत्य भी करती है। उसके पश्चात माता की विसर्जन के लिए पुरे विधि विधान से पूजा कर नाचते गाते माता रानी को बंगाली कैंप के तालाब में विसर्जित किया गया।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा बस्तर संभाग करेगी चक्काजाम




पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अटल सदन भाजपा कार्यालय कोण्डागांव में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक आहूत की गई, यह बैठक कार्यक्रम प्रभारी दिनेश कश्यप पूर्व सांसद के नेतृत्व की गई 8अक्टूबर को होने वाले चक्का जाम की पूरी रूपरेखा तैयार की गई और यह निर्णय लिया गया की पूरे संभाग से लगभग दस हजार की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कोण्डागांव चक्का जाम कार्य कोण्डागांवम में सम्मिलित होंगे और इस आदिवासी विरोधी कांग्रेस सरकार को नींद से जगाएंगे। इस बैठक में मुख्यरूप से लता उसेंडी, सुभाऊ कश्यप, लच्छू कश्यप, ब्रम्हानंद नेताम, राजाराम तोड़ेम, सतीश लाटिया, नंदलाल मुड़ामी, रूपसिंह मंडावी, समुंदसाय कच्छ, मनोज जैन, संजीव पोयाम, तारा ठाकुर, एनबती कोर्राम, आशाराम नेताम, राधेलाल नाग, जितेंद्र सुराना, प्रदीप नाग, गौरव ठाकुर, सखाराम कोर्राम एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## संविदा नियुक्ति के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित

दुर्ग। संविदा नियुक्ति (व्याख्याता) पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरान्त पात्र एवं अपात्र की सूची प्रकाशित की गई है। आवेदक 08 अक्टूबर 2022 तक कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से 05 बजे के मध्य दावा आपत्ति कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग में प्रस्तुत कर सकते है। यदि किसी आवेदक का नाम दावा आपत्ति सूची में नही है तथा उन्होने आवेदन डाक के माध्यम से प्रेषित किया था, ऐसी स्थिति में आवेदक से आवेदन के साथ रजिस्ट्री / स्पीड पोस्ट के रसीद की मूल प्रति प्रस्तुत किए जाने पर जांच उपरांत आवेदन स्वीकार / शामिल किए जाने के संबंध में विचार किया जाएगा। दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त 11 अक्टूबर 2022 तक मेरिट सूची प्रकाशित की जाएगी।

# पदभार संभालते ही नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप ने दिखाए कड़े तेवर, निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com




जिले के नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर शर्मा 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व वे कोरिया जिले के जिलाधीश के रूप में कार्य कर चुके हैं। हाल ही में उनका स्थानांतरण कलेक्टर कोरिया से कलेक्टर बालोद के रूप में हुआ है। पदभार ग्रहण करते ही शर्मा ने जिलास्तर के सभी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को शासन की सभी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ आम लोगों को मिल सके। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर उक्त ाशय के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि हम सभी का प्रयास होनी चाहिए कि शासन के सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में हमारे जिले का प्रदर्शन अग्रणी हो। उन्होंने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर कार्यालयों में आने वाले लोगों से मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके समस्याओं के त्वरित निराकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि शासन-प्रशासन के प्रति आम जनता में बेहतर छवि निर्मित हो सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम योगेन्द्र श्रीवास सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने निर्देश

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागवार कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों से बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन आदि के प्रकरणों के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में आम जनता को अपने समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यालयों का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को पहली बार में ही कार्यालय में आने वाले लोगों के मांगों एवं समस्याओं को निराकरण के प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। समस्याओं के निराकरण नहीं होने की स्थिति में आवेदक को उनका वाजिब कारण बताने के भी निर्देश दिए। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन की समीक्षा करते हुए जिले में इसका बेहतर से बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश

शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को अधोसंरचना से जुड़े कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में शतप्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित कराने तथा गुणवत्ताहीन कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने को कहा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु की गई व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली तथा लापरवाह शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बोर्ड परीक्षा की तैयारी की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं के बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए स्पेशल योजना बनाने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को शतप्रतिशत बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर चौबीस घंटे क्रियाशील करने के निर्देश

शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मितानिनों के पास पर्याप्त दवाईयाँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में आम लोगों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाए प्रदान करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने आम लोगों तथा जिले के सुदूर अंचल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु मेगा स्वास्थ्य कैम्प के आयोजन करने की भी जानकारी दी।


## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक
रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

### सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा।जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे।ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060713713875, साहस राम सरवा (ऋणी), बिंदेश्वरी सरवा (सहऋणी), देवेन्द्र कुमार सरवा (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 18,59,744/- अठारह लाख उनसठ हजार सात सौ चवालीस रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 05 429 2 ग्राम पंचायत धमतरी गुरू छत्तीसगढ क्षेत्रफल 363 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060817552921, साहस राम सरवा (ऋणी), देवेन्द्र कुमार सरवा (सहऋणी), बिंदेश्वरी सरवा (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 3,88,429/- तीन लाख अठासी हजार चार सौ उनतीस रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 05 429/2 सामनोद गुरू दुर्ग बलोद छत्तीसगढ क्षेत्रफल 363.13 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124338508, रोहित कुमार साहू (ऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 2,20,961/- दो लाख बीस हजार नौ सौ इकसठ रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित राजनंदगांव, छत्तीसगढ 491441, क्षेत्रफल 1305 वर्ग गज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060714704608, रोहित कुमार साहू (ऋणी), दशोदा साहू (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 11,56,553/- ग्यारह लाख छप्पन हजार पांच सौ तिरेपन रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में पीएच नं. 41, शिवनाथ वार्ड नं. 45 बलोद रोड खसरा नं. 186/1 राजनन्दगांव हरडी , छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1305 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060719884811, बेलमती बाग यादव (ऋणी), शिव बागयादव (सहऋणी), कुमना बाग यादव (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 12,03,117/- बारह लाख तीन हजार एक सौ सत्रह रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 32, खसरा नं. 687 132, टीपूपारा, बिलासपुर छत्तीसगढ क्षेत्रफल 105.1 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119521828, सलीम कंवर (ऋणी), मीना कंवर (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 7,73,483/- सात लाख तिहत्तरहजार चार सौ तिरासी रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में मेट्रो एवं शहरी 558 460 शंकरा महासमुंद छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2152 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061121945090, सलीम कंवर (ऋणी), मीना कंवर (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 1,30,027/- एक लाख तीस हजार सत्ताईस रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित तालुका नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण पीएच नं. 46 560/1 एवं 558 बाई 1 महासमुंद छत्तीसगढ क्षेत्रफल 239.11 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122658291, श्रवण कुमार साहू (ऋणी), श्याम कुमार साहू (सहऋणी), विकास कुमार साहू (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 4,00,120/- चार लाख एक सौ बीस रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम सीमा में अर्द्ध शहरी एवं ग्रामीण एनए 936/9 मध्यम जांजगीर चम्पा डबरा छत्तीसगढ क्षेत्रफल 484 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122748902, चन्द्रवंशी गुड उद्योग (ऋणी), उत्तम चन्द्रवंशी (सहऋणी), दीपचन्द चन्द्रवंशी (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 10,44,927/- दस लाख चवालीस हजार नौ सौ सत्ताईस रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 10, खसरा नं. 267/1 गंदाई कला कवरधा कबीरधाम छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1161.55 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060123035391, सदभाव ग्रुप (ऋणी), शब्बीर सोलंकी (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 21,39,902/- इक्कीस लाख उनतालीस हजार नौ सौ दो रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम पीएच नं. 28 ठाकुर प्यारे लाल वार्ड खसरा नं. 345 14 वार्ड नं. 14 मध्यम क्लास राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 48.33 वर्गगज |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060123243960, मझार अली (ऋणी) असगर अली (सहऋणी) | 14-सितम्बर-22 ₹ 5,15,706/- पांच लाख पन्द्रह हजार सात सौ छः रूपये मात्र 12-सितम्बर-22 तक | संपत्ति स्थित नगर निगम शीट नं. 32सी प्लॉट नं. 216 धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 57.41 वर्गगज |

दिनांकः 06.10.2022
स्थानः छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

## 10 अक्टूबर को होगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**बलौदाबाजार।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय परिसर में 10 अक्टूबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्लेसमेन्ट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक जायका आटोमोबाईल्स प्रा. लि.रायुपर द्वारा मैकेनिक के 10 पद, योग्यता आईटीआई डीजल मैकेनिक,मोटर मैकेनिक पास एवं अनुभव,उम्र 20 वर्ष से अधिक, वेतन 11हजार से 15हजार रूपये तक देय होगा, कार्यक्षेत्र टाटीबंध रायपुर, तेलीबांधा रायपुर,धमतरी, जगदलपुर, कांकेर होगा।फायर सेफ्टी एंड डिजास्टर मैनेजमेंट बलौदाबाजार द्वारा फायर मेन के 15 पद, योग्यता दसवीं,बारहवीं एवं फायर डिप्लोमा पास एवं अनुभव, सेक्यूरिटी सुपरवाइजर के 15 पद योग्यता स्नातक एवं अनुभव, सेक्यूरिटी गार्ड के 75 पद, योग्यता 10वीं पास, डीसीपीओ (ड्रायवर कम फायरमेन) के 10 पद, योग्यता दसवीं एवं हैवी लायसेंस। उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष, वेतन 8 हजार से 15 हजार रूपये तक देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, दुर्ग, बलौदाबाजार होगा। अमरनाथ ट्रैक्टर बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के 1 पद, योग्यता स्नातक एवं अनुभव, सेल्समेन के 2 पद, योग्यता बारहवीं पास, उम्र 21 वर्ष से 40 वर्ष, वेतन 6 हजार से 12 हजार रूपये तक देय होगा, का?क्षेत्र बलौदाबाजार होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण,पत्र आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए उपस्थित हो सकते है। इस संबंध मे अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727- 222143 में सम्पर्क कर सकते है।

## नवागांव के गोड़ आदिवासी समाज के सदस्यों ने विजय दशमी के दिन किया नवा खवाई

**तिल्दा नेवरा।** सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागांव जो की कुछ ही दूरी में स्थित है। जहां पर गांव में आदिवासी गोड़ समाज के लोग निवासरत हैं। जो की सौ साल पहले बूढ़ा देव की मंदिर स्थित है। जहां पर बुढा देव विराजमान है। गोड़ समाज के पुरखो के समय से रित चली आ रही है। की विजयदशमी यानी( दशहरा) के दिन आदिवासी गोड़ समाज के सदस्यो द्वारा नवागांव के बूढ़ा देव मंदिर में नवाखवाई का त्यौहार धुमधाम व हर्षोंउल्लास पूर्वक मानाया गया जो की इस समय नये फसल से नवाखवाई मनाने की परम्परा आदिवासी समुदाय के लोगो द्वारा मनाई जाती है। जिससे की आने वाले धान की फसल अच्छे से हो और सुख समृध्दि की भगवान से कामना की गई। भगवान अपने भक्तो की मनोकामना पूर्ण करती है। समुदाय के ईष्ट देव बूढ़ा देव है। नवागांव के आदिवासी समुदाय के सदस्यो द्वारा नवाखाई का पर्व उल्लास पूर्वक मनाते है। उसके उपरांत आदिवासी समुदाय के द्वारा भव्य रैली निकाली गई थी और बूढ़ा देव की जयकारा लगाते हुये गावं के मुख्य मुख्य मार्गो से निकलते हुये।

## मुख्यमंत्री न्याय रथ पहुंचा बलौदाबाजार, सप्ताह तक जिले के विभिन्न स्थानों में पहुंचकर लोगों को दी जाएगी जानकारी

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं को विधिक



संरक्षण और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 1 अक्टूबर से 1 सप्ताह तक मुख्यमंत्री न्याय रथ जिले के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगी। प्रथम दिवस विकासखंड पलारी के ग्राम सडी, कोदवा,पलारी,अमेरा,सकरी, बलौदाबाजार शहर में नुक्कड़ नाटक चलचित्र इत्यादि के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया, रथ में एलईडी स्क्रीन के साथ लघु फिल्म दिखाई जा रही है। रथ के साथ अधिवक्ता गण आयोग के स्टाफ तथा महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी भी साथ है।न्याय रथ मे पीड़ति महिलाओं को तत्काल उनकी शिकायतों का निराकरण भी किया जा रहा है साथ ही महिला आयोग की गतिविधियों,महिलाओं के संवैधानिक अधिकार एवं विधिक अधिकारों का संरक्षण शासन की विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। राज्य महिला आयोग मे किस तरह शिकायत इत्यादि किया जाए की जानकारी दिया जा रहा है।आगामी 1 सप्ताह में जिले के सभी विकासखंड के महत्वपूर्ण स्थानों में भ्रमण कर आयोग तथा शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## दुर्गा का आशीर्वाद लेने इंजीनियर केके देवांगन पहुंचे



**भाटापारा।** सुहेला में नवमीं के दिन 21 दुर्गा का आशीर्वाद लेने इंजीनियर केके देवांगन प्रतिनिधि जिला पंचायत सभापति पहुंचे। माता रानी से सबकी खुशहाली की कामना की, बहुत ही भव्य आयोजन युवा दुर्गा समिति सुहेला के द्वारा किया गया सभी को बधाई दी। इस अवसर पर रात्री 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक धारा का आयोजन रखा गया था, जिसका शुभांरभ मां सरस्वती की प्रतिमा मे पुजा कर किया गया, बहुत संख्या में लोग 21 दुर्गा का दर्शन करने पहुंचे थे, सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि द्वारिका वर्मा भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री धनी राम साहू, सरपंच सविता संतोष वर्मा, सरपंच बेदिन रामकुमार साहू, होरिलाल वर्मा, सुरेन्द ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि यादव, युगल किशोर वर्मा, घनश्याम वर्मा, रोहित यदु, युवा दुर्गा समिति के सभी सदस्य एवम आसपास से आए श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# असत्य पर सत्य की हुई जीत, बुराई रूपी रावण का पुतला हुआ दहन

पायनियर संवाददाता ➤ बलोदाबाजार
www.dailypioneer.com



वियजादशमी पर अंचल में जगह-जगह असत्य व अहंकार के प्रतीक रावण का पुतला दहन किया गया। शहर में दशहरा का मुख्य कार्यक्रम दशहरा मैदान में हुआ। पुरानी बस्ती से भगवान राम की झांकी करमा पार्टी के साथ शाम 5 बजे निकली। रामजी की सवारी नगर भ्रमण करते दशहरा मैदान पहुंची, जहां 55 फीट के रावण का दहन कर असत्य पर सत्य की जीत का जश्न मनाया गया नगर के दशहरे मैदान में हजारों लोगों की उपस्थिति रामलीला के मंच के बाद तेरे साथ में राम के पात्र में 55 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया मैदान नगर समेत आसपास के दर्जनभर गांव के ग्रामीणों के साथ ही साथ नगर के जनप्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जयसवाल बिहार विधायक प्रमोद शर्मा भारतीय जनता पार्टी उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा पूर्व विधायक लक्ष्मी वर्मा एसपी दीपक झा एसडीओपी सुभाष राव एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। रावण दहन के पूर्व आकर्षक रंग बिरंगी व मनमोहक आतिशबाजी का नजारा रहा। मैदान के दशहरा का मुख्य कार्यक्रम होने से यहां बड़ी तादाद में लोग पहुंचे थे। मैदान के बाहर व अंदर लगे खिलौने व खाने-पीने के सामान की दुकानें लगी थीं। दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदी की, जिससे मेले जैसा माहौल लग रहा था। बच्चों ने भी अपने-अपने स्तर पर छोटे आकार के रावण पुतले का दहन किया। मोहल्लों में भी बच्चों की टोलियों ने मेहनत कर रावण का पुतला बनाया था। शाम होते ही जगह-जगह बच्चों को रावण दहन करते देखा गया। नगर में मुख्य रूप से तीन स्थानों में बड़े स्तर पर रावण पुतला का दहन किया गया।

### सोनपत्ती देकर लिया आर्शीवाद

दशहरा के दिन सोनपत्ती का भी विशेष महत्व है। रावण दहन के बाद माता को सोनपत्ती देकर आर्शीवाद लेने का रिवाज है। मान्यता है कि रावण का वध करने के बाद अयोध्या पहुंचने पर भगवान राम ने माता कौशिल्या को सोनपत्ती भेंट किया था।

### नीलकंठ के किए दर्शन

विजयादशमी के दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन शुभ माना जाता है। सुबह से लोग शहर के बाहर एकांत स्थान व खेतों की ओर नीलकंठ पक्षी के दर्शन के लिए निकल गए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन नीलकंठ के दर्शन कर मांगी गई मन्नत पूरी हो जाती है

### जमकर हुई आतिशबाजी

उड़ीसा से आए हुए कलाकारों द्वारा रंग बिरंगी जमकर आतिशबाजी हुई आसमान में चारों तरफ रंग-बिरंगे तारे नजर आए। दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी उपाध्यक्ष पनीष केसरवानी कोषाध्यक्ष मनोज सोनी आकाश सोनी एवं पत्रकार गण मौजूद थे।

## संघ को महिलाओं को सम्मान देने में पूरी सदी लग गयी : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



आरएसएस के द्वारा दशहरा उत्सव के मंच पर पहली बार महिला को स्थान दिये जाने और संघ प्रमुख द्वारा देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू किये जाने की मांग पर कांग्रेस अनेक सवाल खड़ा किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आरएसएस ने अपनी स्थापना के 97 साल बाद दशहरा उत्सव के मंच पर पहली बार किसी महिला को स्थान दिया। जो काम पुरूष कर सकता है वह काम नारी भी कर सकती है इसे समझने में आरएसएस को पूरी सदी लग गयी। संघ खुद को हिन्दू धर्म और संस्कृति का ठेकेदार बताता हैं लेकिन इन्हें सनातन धर्म की इतनी भी समझ नहीं की बिना नारी के सहभागिता पुरुष का कोई अनुष्ठान पूर्ण नहीं हो सकता। सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेघ यज्ञ करने के लिए भगवान राम को स्वर्ण सीता बनाना पड़ा था। जिस संगठन को देश की आधी आबादी को सम्मान देने में 97 साल लग गए वह देश के धर्म संस्कृति की रक्षा की बात करता है तो वह ढोंग लगता है। आरएसएस ढोंगी संगठन है यह बात महिलाओं के प्रति उसके नजरिये से साफ होती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती शक्ति से आरएसएस मजबूर हुआ है समाज में हर क्षेत्र में महिलायें अग्रणी है, महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का लौह मनवाया राजनैतिक और सामाजिक रूप से महिलायें जागरूक हुई है। आरएसएस का महिलाओं के प्रति नजरिये में बदलाव राजनैतिक मजबूरी है, संघ जान गया है कि यदि उसने महिलाओं के प्रति अपने दकियानूसी रवैये में बदलाव नहीं किया तो उसका खुद का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। अपने अस्तित्व को बचाने की मजबूरी में संघ ने महिलाओं का अस्तित्व को स्वीकारने की शुरूआत किया है।

## जनता के खिलाफ षड्यंत्र रचने वाले ही बंद कमरों में कर रहे गुप्त बैठक : सुशील आनंद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

धमतरी के गंगरेल डैम के रिसोर्ट में भाजपा के गोपनीय बैठक पर सवाल खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा भी अब प्रतिबंधित संगठनों की भांति चोरी छुपे गोपनीय बैठक कर रही है भाजपा को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि 6 अक्टूबर को गंगरेल डैम के रिसोर्ट में गोपनीय बैठक का एजेंडा क्या है? ऐसा तो नही की आरएसएस और भाजपा मिलकर राजनीतिक महत्वकांक्षा की पूर्ति के लिये छत्तीसगढ़ की शांतधरा को अशांत करने के लिए कोई षड्यंत्र की रणनीति बनाने वाले है? क्योंकि गोपनीय बैठक और गुप्त बैठक जिसमें मीडिया का प्रवेश वर्जित हो जिस के संबंध में मीडिया को जानकारी नहीं दी जा रही है और जनता से दूरी बनाकर जो बैठक की जा रही है ऐसे बैठक सिर्फ षड्यंत्र रचने साजिश करने के लिए किया जाता है जिस प्रकार से कई प्रतिबंधित संगठन करते रहे है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास जनसरोकारों के कोई मुद्दा बचा नही है। भाजपा नेता लगातार झूठ बोलकर गलत बयानी कर सनसनी फैला रहे है। गोपनीय बैठक में भी कोई न कोई नया झूठ प्रचारित करने धार्मिक उन्माद फैलाने रणनीति बनाई जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में मुद्दों के दिवालियापन के दौर से गुजर रही है भाजपा में गुटबाजी चरम सीमा पर है भाजपा कई गुटों में बैठी हुई है ऐसे में आर एस एस से जो प्रभारी बनकर आए हैं वह अब गुप्त और गोपनीय बैठक कर किसी बड़े षड्यंत्र को अंजाम देने में लगे हुए हैं ऐसा प्रतीत होता है क्योंकि भाजपा जिस राज्य में सत्ता में नहीं होती है वहां हिंसा करना दंगा करना उन्माद फैलाना धर्म से धर्म को लड़ाना जाति से जाति को लड़ाना इनका मूल एजेंडा होता है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा और आर एस एस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा मिलकर देश की जनता के मूल मुद्दों से चर्चा करने से भाग रहे हैं।

## सासाहोली में मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम सासाहोली में शरदिय नवरात्रि का पावन पर्व नौ दिनो तक श्रद्धालुओं ने हर्षोंउल्लास व धूमधाम पूर्वक मनाया गया गांव के हदृय स्थल कहे जाने वाले गांधी चौक व नव दुर्गोत्सव समिती द्वारा माँ दुर्गा के



विसर्जन के तैयारी में सुबह से समिती के सदस्य गण लगे हुये थे। वही भक्त गणों का पंडालों में भीड़ उमड़ने लगी व सेवा समिति के सदस्यों द्वारा मांदर की थाप पर माँ दुर्गा की बिदाई जस गित गाते हुये व उनके पहले महिलाएं मॉ की सेवा गीत में नाचते झूमते व कुछ युवाओं द्वारा बाना नारियल पकड़े हुये मॉ दुर्गा के चारो तरफ नाचते झूमते रहे । मां दुर्गा की प्रतिमा व ज्योत जंवारा की झांकी के साथ चलते हुए गांव के मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए शीतला मंदिर में शितला माता की पुजा अर्चना करने के पशचात् गांव के ही कोणगी तलाब में विसर्जन के पहले माँ दुर्गा की समिती के सदस्यो व भक्तो ने माँ की विधि व्रत पूजा अर्चना कर आरती ऊतारी और भक्तो ने माता के जयकारा लगाते हुए मॉ को नम्र आंखो से विदा करते हुये विसर्जन किया गया विसर्जन का सिल सिला चलता रहा जिसमें मुख्य रूप से वार्ड पार्षद जितेन्द्र धुव्र, तुलाराम वर्मा, हरिराम यद्धु, ईशवर यद्धु, सौरभ जैन , दिनेश सोनी, पन्डा नेमसिगं वर्मा, बसंत विश्व कर्मा, लच्छु वर्मा, राजु चौहान, देवी लाल पटेल, उत्तम वर्मा, महेन्द्र वर्मा, योगेन्द्र पटेल, दाऊ यद्धु, गरीबा यद्धु, दिपक यद्धु, महेन्द्र चद्रांकर , राज्य वर्धन बिनकर, पत्रकार अजय नेताम व सैकण्डो की संख्या में ग्राम वासियों की उपस्थिति थी।

## माता रानी के ज्योत जंवारा व शक्ति का साक्षात प्रमाण देखने को मिला

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि मे माता रानी की ज्यौत की शक्ति का सक्षात प्रमाण देखने को मिला जो कि नवम दिन मातादेवालय मंदिर का ज्यौत विसर्जन के लिये प्रतिवर्ष अनुसार रामसप्ताह स्थित कहिय्या तालाब के लिये मंदिर से रात 9 बजे निकला था परंतु मातादेवालय मंदिर समिति के अध्यक्ष जेके दीक्षित से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 9.25 पर मातारानी का ज्यौत ज्वारा कलश अन्डर ब्रीज के पास जाकर खडा हो गया और आधे घंटे के भारी मान मनौव्वल व मन्नतों के बावजूद आगे नही बढ पाया फिर मातारानी से ही पूछा गया की हेय मातारानी आप ही बताये आपको विसर्जन करने किस दिशा से ले जाये फिर उन्होने अन्डर ब्रिज के बाये दिशा की और इशारा किया जिसके पश्चात मातादेवालय मंदिर समिति ने माता रानी के इच्छा के अनरुप ही मातादेवालय स्थित तालाब मे ज्यौत विसर्जन किया। गौरतलब है कि समिति के बताये अनुसार पूर्व मे कहिय्या तालाब का पानी गंदा होने के कारण कल्याण सागर मे ज्योति विसर्जन का निर्णय लिया गया था परंतु मातारानी के प्रभाव को देखते हुये कहिय्या तालाब मे ही कुंड बनाकर विसर्जित किया जाता था। समिति के अध्यक्ष जेके दीक्षित ने आगे यह भी बताया की मातादेवालय मंदिर स्थित मातारानी को ज्यौत विसर्जन कई सालों से कहिय्या तालाब मे होते आ रहा है परंतु अब अन्डर ब्रीज के बनने के कारण व मातारानी के फरमान का पालन करते हुये आने वाले समय प्रति वर्ष ज्यौत विसर्जन का कार्यक्रम मातादेवालय स्थित तालाब मे ही किया जायेगा।

# दुर्गा महानवमीं पर माता के भक्तों ने कन्या भोज कराया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन मंगलवार 04 अक्टूबर अधिकांश जगहों के दुर्गा पंडालों में विधिवत हवन पूजा सम्पन्न होने के बाद नव कन्याओं को खीर पूड़ी प्रसाद का भोजन भी कराए गए।वंही माता के अधिकांश भक्तों ने दुर्गा महानवमी तिथि मंगलवार को अपने अपने घरों में नव कन्याओं को भोजन प्रसाद खिलाए एवं उपहार स्वरूप भेंट प्रदान कर मंगल कामना का आशीर्वाद प्राप्त किये।नवरात्रि का पर्व पूरे अंचल में उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।26 सितंबर से 04अक्टूबर तक भक्तगण पूरे नव दिनों तक माँ की भक्ति एवं आराधना में लीन थे एवं नव दिनों तक माँ की सेवा करते हुए श्रद्धा भाव से व्रत नियमों का पालन भी किये थे।नवरात्र में व्रत नियमों का पालन करना अपना ही एक अलग महत्व है।शारदीय नवरात्रि का अष्टमी हवन देवी मंदिरों में सोमवार को अष्टमी तिथि पर हवन एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ,लवन स्थित माँ महामाया मन्दिर में सोमवार को हवन यज्ञ सम्पन्न हुआ। मनोकामना ज्योति कलश एवं जवाँरा विसर्जन अष्टमी तिथि को ही रात्रि12 बजे को करने की परंपरा है।अंचल के ग्राम पंचायत तिल्दा निवासी एवं कसडोल विधानसभा के वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता गोलू कैवर्त ने भी अपने निवास पर दुर्गा महानवमी मंगलवार को पूरे विधिवत नव कन्याओं का भोजन कराकर माँ महामाया से परिवार एवं क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की।

## पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी रखा गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भाटापारा के तत्वावधान में पांच दिवसीय चैतन्य देवियों की झांकी का कार्यक्रम रखा गया। जिसमे भाटापारा विधानसभा के विधायक शिवरतन शर्मा अपने पूरे परिवार के साथ उपस्थित रहे। भाटापारा सेंटर इंचार्ज मंजू बहन साथ में प्रभा बहन के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर झांकी का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात चैतन्य देवियों की झांकी का आध्यात्मिक रहस्य एनिमेशन वीडियो प्रोजेक्टर के द्वारा दिखाई गई। तदुपरांत विधायक ने मनमोहक चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन कर कहा की सचमुच में इन चैतन्य देवियों के मुख मंडल की आभा से सुखङ्कशांति पवित्रता की झलकियां अनुभव हो रही है, जिससे सभी भक्त जनों की मनोकामनाएं पूरी हो रही है, तो इस कार्यक्रम के लिए ब्रह्माकुमारीज की प्रशंसा करते हुए बहुत-बहुत बधाई दी। साथ ही इस झांकी का अवलोकन करने पत्रकारिता में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले हमारे प्रमुख पत्रकारगण संतोष अग्रवाल, राजीव तिवारी, श्याम पुरोहित, शंकरलाल सोनी, अमृत साहू साथ ही सदस्य भवन सन्न कर्मगार कल्याण मंडल छत्तीसगढ़ शासन सतीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ किसान कांग्रेस एवं जिला राइस मील एसोसिएसन अध्यक्ष देवेंद्र भृगु, दाल मिल एसोसियेशन संघ के अध्यक्ष नरेश आर्य, भाटापारा मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, व्यापारी प्रतिनिधि कृषि उपज मंडी भाटापारा नरेंद्र भूषाणिया भी उपस्थित रहे। सभी ने इस झांकी की भूरी भूरी प्रशंसा करने से अपने आप को नहीं रोक पाए और ब्रह्माकुमारी संस्थान को ऐसे कार्यक्रम चैतन्य देवियों की झांकी हर वर्ष होती रहे इसके लिए सेंटर इंचार्ज दीदी को विनम्रता पूर्वक अनुरोध करते उत्साहित भी किए। इस झांकी का अवलोकन करने शहर ही नही अपितु ग्राम के भी सैकड़ों की तादाद में भक्तजनों की भीड़ शाम से रात तक लगातार लगी ही रहती थी।

## नन्द कुमार बघेल के साथ वीआईपी सीट पर बैठकर विमल साहू ने भारत एवं श्रीलंका के बीच हुए मैच का आनंद उठाया

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नन्द कुमार बघेल ने शनिवार 1 अक्टूबर को रायपुर के अंतरराष्ट्रीय शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में हुए भारतीय लीजेंड एवं श्रीलंका लीजेंड के बीच हुए फाइनल क्रिकेट मैच का आनंद उठाकर क्रिकेटर एवं दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए दिखे इस मौके पर बलौदाबाजार जिला कांग्रेस महामंत्री एवं गो ग्रीन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष विमल साहू भी नंद कुमार बघेल के साथ वी आई पी सीट पर बैठकर मैच का आनंद उठाते हुए दिखे ।विमल साहू जंहा से बैठकर मैच का आनंद उठा रहे थे वँहा पहुँच पाना हर किसी राजनीतिक व्यक्ति के लिए आसान नहीं है। विमल साहू अपने कुशल नेतृत्व एवं सूझबूझ लोगों के प्रति उदारता पन ही है जो उन्हें अन्य किसी से खास बनाता है और शायद यही वजह है कि कम समय में वह राजनीति के हर मैदान में अपना नाम स्थापित कर प्रदेश में युवाओं के लिए एक अलग द्वार खोल रहा है।वरिष्ठ पत्रकार गोलू कैवर्त से चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया में कोई चीज प्राप्त करना असंभव नहीं है बस एक जिद और जुनून अंदर में हमेशा पालकर लक्ष्य के प्रति रफ्तार बनाने की आवश्यकता है फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता।इतने कम समय में प्रदेश के सभी बड़े नेताओं के बीच अच्छी संबंध के विषय पर बताया कि आपका व्यक्तित्व एवं कार्य करने की शैली ही आपको लोगों के बीच जोड़कर रखता है और वही आपके आगे बढ़ने का सबसे प्रथम पायदान होता है,जो आपको एक कुशल नेतृत्व के धनी के रूप में सबके बीच स्थापित करता है।आगे यह भी कहा कि उनका राजनीति में आना आम जनमानस की सेवा एवं लोगों की समस्याओं को दूर करना प्रथम दायित्व है।मातृभूमि के मूल्यों को चुकाना हम सबका प्रथम कर्तव्य भी है।

## सर्वाइकल कैंसर की जांच सुविधा अब जिला हॉस्पिटल में उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला अस्पताल में प्रत्येक शुक्रवार को सर्वाइकल अर्थात गर्भाशय के मुंह के कैंसर की जांच सुविधा प्रारंभ की जा रही है। इस संबंध में अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि अस्पताल में अब हर शुक्रवार को महिला चिकित्सकों द्वारा उक्त कैंसर की जाँच की जा रही है। गौरतलब है कि सर्वाइकल कैंसर के मामले आजकल महिलाओं में बहुत देखा जा रहा है। कई मामलों में शर्म या झिझक के कारण महिलाएं समस्या शुरू होने पर भी जाँच में देर करती हैं जिससे रोग बढ़ने की आशंका होती है। सफेद पानी का जाना ,अनियमित माहवारी ,पेट के निचले हिस्से में दर्द बना रहना, गुप्तांगों में खाज-खुजली,बदबूदार पानी, माहवारी के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव ये कुछ ऐसे लक्षण हैं जो सर्वाइकल कैंसर के कारण हो सकता है।

## वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

**संचालक, स्वास्थ्य सेवाये द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग एवं समस्त जिलों को दिए गए निर्देश**

वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। आयोडीन की कमी से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य गत समस्याएं होती हैं और बच्चों के विकास पर भी इसका असर पड़ता है। इसी के मद्देनजर संचालक स्वास्थ्य सेवाएं भीम सिंह ने वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण दिवस को जागरूकता अभियान के रूप में मनाने के लिए पत्र जारी किया है। समस्त जिलों एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग को जारी किए गए पत्र में स्वास्थ्य संचालक ने 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोडीन अल्पता से होने वाली बीमारियों से बचाव के संबंध में जन-जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है।

पत्र में संचालक, स्वास्थ्य सेवाये छ.ग. द्वारा ÷जिला स्तर पर 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2022 के मध्य विशेष अभियान चलाकर समाज में आयोडीन की कमीं से होने वाली बीमारियों और अन्य विकारों के प्रति जागरूकता लाने संबंधी कार्यक्रम संचालित किए जाने और लोगों को आयोडीन युक्त नमक के सेवन के लिए प्रेरित करने को कहा है। वही राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं नर्सिंग महाविद्यालयों में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जनमानस को आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण के बारे में जानकारी देकर जागरूक करने को कहा है। जिला स्तर पर अभियान चलाने के लिए शासकीय विभागों जैसे स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग,, पंचायत राज, नारगिक आपूर्ति आदि के प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही आयोडीन युक्त नमक के उत्पादन से जुड़े हुए संगठन, व्यापारियों तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित करने को कहा है गया है। जागरूकता के लिए होंगे कार्यक्रम- 21 अक्टूबर से 27 अक्टूबर के मध्य आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण के संबंध में जिला स्तर पर संगोष्ठी एवं कार्यशाला होगा। इसके साथ ही निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। जिला चिकित्सालयों, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्कूल में स्वास्थ्य शिक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे। आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण से संबंधित प्रचार सामग्री भी वितरित की जाएगी। इसके अलावा आयोडीन अल्पता से ग्रसित जिलों के मितानिन द्वारा उपलब्ध नमक परीक्षण कीट के माध्यम से ग्राम स्तर पर नमक जांच अभियान चलाया जाएगा।

राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियन्त्रण कार्यक्रम-चिकित्सा विशेषज्ञों के मुताबिक आयोडीन की कमी से मानसिक मंदता का एक प्रमुख कारण है।

# मंगल भवन में मां दुर्गा की स्थापना कर रास गरबा और विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

## कन्नौजिया क्षत्रिय समाज ने धूमधाम से मनाया नवरात्रि का पर्व

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शारदीय नवरात्रि धर्म की अधर्म पर और सत्य की असत्य पर जीत का प्रतीक है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में माँ दुर्गा धरती पर आती है और धरती को उनका मायका कहा जाता है. उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है। कन्नौजिया क्षत्रिय समाज मुंगेली द्वारा भी इस वर्ष शक्ति की आराधना का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया साथ ही समाज के आने वाले कल को अपने धर्म और संस्कृति से जोड़ने और मंचीय प्रतिभा निखारने के उद्देश्य विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन दो वर्गों में किया गया। जिसके तहत पहले दिन आरती गायन, आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता, दूसरे दिन मंत्र, श्लोक, स्तुति वाचन प्रतियोगिता, तीसरे दिन रामायण प्रश्न मंच प्रतियोगिता, चैथे दिन रंगोली, कराओके भजन गायन प्रतियोगिता, पांचवे दिन सांस्कृतिक परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन में समाज के



प्रतिभावान बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन में छोटे छोटे बच्चों का परफॉमेंस गजब का उत्साह पैदा कर रहा था। कहते हैं पूत के पांव पालने में ही नजर आने लगते हैं और इस कहावत को समाज के छोटे छोटे बच्चों ने अपनी योग्यता से सही साबित कर दिखाया। ऊर्जा, उत्साह और हौसलों से लबरेज बच्चों का कठिन से कठिन धाराप्रवाह स्तुति, श्लोक आरती गाते देख मंगल भवन परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से बार बार गूंज उठता। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को मेडल, प्रमाण पत्र व मोमेंटो बिलासपुर सांसद अरुण साव पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष थानेश्वर साहू, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, संजीत बेनर्जी उपाध्यक्ष जिला पंचायत के आतिथ्य में प्रदान किया गया। नवरात्र के अंतिम तीन दिवस रास गरबा का आयोजन किया गया जिसमें समाज की मातृ शक्ति ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। गरबा में विभिन्न श्रेणियों के विजेता प्रतिभागियों को पूर्व जनपद अध्यक्ष लोरमी वर्षा विक्रम सिंह ने अंतिम दिवस प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। पूरे आयोजन में संचालन कर समा बांधने का काम रामपाल सिंह और मृणालिनी सिंह ने बखूबी किया। नवरात्रि पर्व के इस गरिमामय आयोजन में विशेष योगदान महालक्ष्मी मेडिकोज, ठाकुर ट्रेडर्स, सार्थक इंडस्ट्रीज, आगमन ऑटो पार्ट्स, प्रगति बोर्बेल्स, गणेश होम्स बिलासपुर, शुभ ट्रैक्टर्स, शिवप्रताप सिंह, आकाश परिहार, राधाचरण सिंह, आलोक परिहार, विपिन सिंह का रहा। पूरे आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष गजानंद सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राधाचरण सिंह, सचिव संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सांस्कृतिक संयोजक रघुवंश परिहार, विश्वराज सिंह, पद्मराज सिंह, हरि सिंह, लवलेश सिंह, संजय सिंह, हृदेश सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह, ऋतुराज सिंह, चित्रकान्त सिंह, हर्षवर्धन सिंह, नमन सिंह, प्रांजल सिंह, व्यासवल्लभ सिंह, महिला इकाई से श्रीमती सुधा सिंह, विनिया सिंह, कन्या सिंह, कीर्ती सिंह, राजरानी सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, इंदु सिंह, सुकन सिंह, विश्वरानी सिंह, प्रीति सिंह, सोनाली सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

# थाना जरहागांव ने किया नाबालिग अपहृता को दमन द्वीप से बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

थाना जरहागांव द्वारा नाबालिक अपहृता को दमन द्वीप से बरामद किया गया। थाना जरहागांव क्षेत्र की रहने वाली नाबालिक अपहृता तखतपुर में स्थित अपने स्कूल जाने के लिए अपने घर से स्कूल ड्रेस में निकली थी, जो देर शाम तक वापस घर नही आई जो अपहृता के परिजनों द्वारा थाना जरहागांव पहुंचकर घटना की सूचना दी गई थी। सूचना से उच्चधिकारियों को अवगत कराने उपरांत उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर जरहागांव पुलिस द्वारा सूचना पर तत्काल अप0 पंजीबद्ध कर अपहुता का पता तलास शुरू कर दिया। इसी दौरान पता चला की थाना तखतपुर जिला बिलासपुर क्षेत्र की दो नाबालिक लड़कीया भी अपने घर से गायब है। जिसकी रिपोर्ट तखतपुर थाने में लिखाई गई है। तब तखतपुर थाना प्रभारी से सम्पर्क करने पर उनके द्वारा घटना को सही बताया गया, दौरान पता तलास इस बात की पुष्टि हुई की तीनों



नाबालिक अपहतायें आपस में सहेली है और एक साथ एक ही स्कूल में पढाई करती थी । एक साथ तीन नाबालिक बालिकाओं के गायब होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था।तीनो नाबालिक बालिकाओं के खोजबीन हेतु थाना जरहागांव एवं तखतपुर पुलिस साथ में काम कर रहे थे, एवं सायबर सेल की भी मदद ली जा रही थी। खोजबीन के दौरान विश्वस्त सूत्रों एवं तकनिकी साक्षियों से पता चला की नाबालिक बालिकायें दमन द्वीप में कचीगाम पहुंच गये है। सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक चंन्द्र मोहन सिंह तथा अति0 पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय मुंगेली को अवगत कराया गया। जिनके निर्देशन में एसडीओपी मुंगेली साधना सिंह से उचित मार्ग दर्शन प्राप्त कर थाना प्रभारी भुपेंन्द्र चन्द्रा के द्वारा टीम गठीत थाना तखतपुर के स्टॉफ के साथ टीम तत्काल दमन द्वीप रवाना किया गया। टीम के दमन द्वीप पहुंचने पर तीनों बालिकाये वहां सुरक्षित मिली तथा उनके साथ दो युवक जिनका नाम हरि ओम पटेल पिता केशव पटेल उम्र 20 वर्ष सा0 ग्राम भथरी थाना जरहागांव तथा संजय धुरी सा0 मोपका बिलासपुर भी मिले। नाबालिक बालिकाओं द्वारा बताया गया की वे दोनों युवक उन्हें शादी करने का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा कर ले आये है। बाद में तीनों बालिकाओं एवं दोनों संदेहीयों को लेकर टीम वापस थाना जरहागांव पहुंची। जहां जरहागांव थाना क्षेत्र अपहृता से पूछताछ कर प्रकरण में धारा तथा पॉकसो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़कर विधिवत् कार्यवाही करते हुए आरोपी हरि ओम पटेल पिता केशव पटेल उम्र 20 वर्ष सा0 ग्राम भथरी थाना जरहागांव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# कोरोना काल के बाद विजय दशमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मना

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोरोना काल के बाद इस वर्ष विजय दशमी का पर्व बडे हर्षोल्लास के साथ नगर में मनाया गया, जहां दुर्गा दर्शन सहित रावण मारने लोगो की भारी भीड उमडी। रावण दहन का कार्यक्रम बी आर साव मैदान , रेस्ट हाउस मैदान, बडा बाजार सहित रामगढ में आयोजित किया गया । जिसके लिए नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो से लोगो की आवाजाही दोपहर से ही प्रारंभ हो गई थी। गौरतबल हो कि प्रतिवर्ष की भांति बी आर साव मैदान में पालिका प्रशासन द्वारा , श्रीराम दशहरा उत्सव समिति द्वारा रेस्टहाउस मैदान में , बडा बाजार दशहरा उत्सव समित द्वारा बडा बाजार में रावण दहन किया गया। श्री दशहरा उत्सव



समिति के तत्वावधान में इस बार लगभग 51 फीट ऊँचे रावण का दहन श्रीरामदशहरा उत्सव समिति दाउपारा द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस मैदान में 05 अक्टूबर शाम 8.00 बजे किया गया। इस अवसर पर जिला स्तरिय रामधुनि प्रतियोगिता एवं जसगीत का भी आयोजन किया गया, जिसमें फंदवानी से आये रामधूनी टीम में आर्कषक प्रस्तुती देते हुए पहला स्थान फुलवारी ने 2100/ एवं शिल्ड नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंन्द्र गोस्वामी के हाथो प्राप्त किया। दुसरा स्थान खम्ही कुर्मी 15000/ रू एंव शिल्ड पूर्व विधानसभा प्रत्याशि राकेश पात्रे द्वारा एवं तीसरा स्थान पुरान 11000 रू एवं शिल्ड राज प्रार्पटी डीलिंग द्वारा प्रदान किया गया जिसे पुरान से आये रामधुनी की टीम ने प्राप्त किया । वही नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक दशहरा का पर्व बडे हर्ष से मनाया गया है। उन्होने सभी विजय दशमी की शुभकामनाएं प्रदान दी। वही छाया विधायक राकेश पात्रे ने सभी को विजय दशमी की बधाई दी।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शास्त्रोक्त विधि से संपन्न हुआ आध्यात्मिक कार्यक्रम

## भक्ति पूर्वक धूमधाम से मनाया गया गद्दी महोत्सव

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

चित्रोत्पला गंगा की तट पर विराजित भगवान शिवरीनारायण की पावन धरा में गद्दी महोत्सव का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक धूमधाम के साथ मनाया गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयदशमी के सांध्य कालीन बेला में प्रतिवर्ष की तरह यह आयोजन बड़े ही गरिमा मयी वातावरण में संपन्न हुआ। शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग शाम 4:30 बजे शिवरी नारायण मठ पहुंचे, यहां आगंतुकों से भेंट मुलाकात के पश्चात शाम 5:30 बजे विजय जुलूस बाजे गाजे के साथ जनकपुर, मेला ग्राउंड के लिए रवाना



हुआ। मठ मंदिर के कर्मचारी गण शस्त्रों से सुसज्जित होकर शौर्य प्रदर्शन करते हुए बाजे गाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए जोगीडीपा पहुंचे।

यहां शमी वृक्ष की विधिवत पूजा अर्चना संपन्न हुई तत्पश्चात सदियों से विराजित हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की गई। लोगों ने एक दूसरे को सोन पत्ती भेंट करके अभिवादन किया। विजय जुलूस पुनः शिवरी नारायण मठ के लिए रवाना हुआ। यहां पहुंचकर गद्दी स्थल पर शास्त्रोक्त विधि से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होम -हवन पूर्ण हुआ! गद्दी स्थल की परिक्रमा करके राजेश्री महन्त जी महाराज विराजित हुए। जगदीश मंदिर के पुजारी त्यागी जी महाराज ने राजेश्री महन्त जी महाराज की सबसे पहले तिलक लगाकर आरती की, वस्त्र, द्रव्य, श्रीफल भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया तत्पश्चात सुखराम दास जी मुख्तियार शिवरीनारायण मठ ने सपरिवार पार्षद रीना तिवारी के साथ आरती कर पूजा अर्चना की इसके बाद संत महात्माओं तथा दूर-दूर से आए हुए श्रद्धालु भक्तजन एवं नगर निवासियों ने भी कतारबद्ध होकर बड़े ही आस्था एवं श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# शिवरीनारायण में दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा उत्सव को टेम्पल सिटी शिवरीनारायण मे बडे धुमधाम से मनाया गया। इस वर्ष दशहरा उत्सव समिति व्दारा ग्राम कटौद के कारीगर से रावण का 40 फीट पुतला बनवाया गया था। 5 अक्टूबर को नगर में दशहरा उत्सव मनाने रावण का दहन मेला मैदान मे किया गया। रावण दहन से पूर्व नगर मे श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान और वानर सेना की जीवंत झांकी निकाली गई जो दुर्गा मंदिर से गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए रात्रि 8.30 बजे रावण दहन स्थल पर पहुंची और वहां पर आतिशबाजी के बाद रावण का दहन किया गया। रावण दहन होते ही जन समुदाय खुशी से जय श्रीराम की जयघोष करने लगे और एक दुसरे से गले मिल कर दशहरा उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। दशहरा उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी एवं पार्षदों का सहयोग काफी अच्छा रहा।

# कोरबा के प्रतिष्ठापूर्ण निर्वाचन में राजेन्द्र जायसवाल संस्था के अध्यक्ष निर्वाचित हुए

- दादू मनहर उपाध्यक्ष एवं सुखसागर मन्नेवार जिला सहकारी संघ के सदस्य चुने गए हैं।

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

संस्था के कार्यालय प्रेस क्लब तिलक भवन में निर्वाचन अधिकारी एस. के. फ्रैंकलीन एवं आर.पी. मसीह प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इससे पहले 30 सितंबर को संचालक मंडल के 11 सदस्य पदों के लिए निर्वाचन संपन्न हुआ था जिसमें राजेन्द्र जायसवाल, राकेश श्रीवास्तव, सुखसागर मन्नेवार, रामेश्वर ठाकुर, मनोज ठाकुर, राजश्री गुप्ते, पूजा साहू, दादू लाल मनहर, नरेंद्र कुमार रात्रे, रघुनंदन सोनी, रंजन कुमार प्रसाद निर्वाचित हुए थे। इन 11 सदस्यों के द्वारा आज गुरुवार को संस्था के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व जिला



सहकारी संघ सदस्य के लिए मतदान किया गया। उपाध्यक्ष और सहकारी संघ सदस्य के लिए क्रमशः दादूलाल मनहर व सुखसागर मन्नेवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष के लिए राजेन्द्र जायसवाल एवं राकेश श्रीवास्तव के मध्य मुकाबला रहा। 11 सदस्यों में से 8 सदस्यों ने राजेंद्र जायसवाल के पक्ष में मतदान किया। राकेश श्रीवास्तव को 3 मत प्राप्त हुए। निर्वाचित तीनों पदाधिकारियों को प्राधिकृत निर्वाचन अधिकारियों के द्वारा निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# संघर्षशील प्रेरक पंचायत कल्याण संघ की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

संघर्षशील प्रेरक पंचायत कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष संदीप द्विवेदी,उपाध्यक्ष संतोष यादव के आवाहन पर आगामी 10 अक्टूबर को मुख्यमन्त्री निवास का घेराव साक्षरता प्रेरक संघ के द्वारा किया जायेगा।साक्षरता प्रेरक 31 मार्च 2018 से उन्हें सेवा से पृथक कर दिया गया है।जिसके कारण आज भी प्रेरक बेरोजगार है।कांग्रेस सरकार आने से पहले अपने घोषणा पत्र में प्रेरको को नियमित रोजगार देने का वादा किया साथ ही मंत्री माननीय टीएस सिहदेव बाबा ने अपने लेटर पेढ में लिखकर दिए है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार कि बनती है तो साक्षरता प्रेरको को नियमित रोजगार दिया जायेगा कांग्रेस कांग्रेस सरकार को सत्ता में आये लगभग 4 वर्ष होने को है फिर भी साक्षरता प्रेरको को नियमित रोजगार नही मिल पाया है।साथ हि वर्तमान 43 विधायको एवं सांसदों का अनुसंसा पत्र भी लिखा गया है।छत्तीसगढ़ के 16802 साक्षरता प्रेरक आज भी बेरोजगार है। साक्षरता प्रेरको के द्वारा



पूर्व में भी धरना प्रदर्शन कर माननीय मुख्यमन्त्री को ज्ञापन के साथ अवगत कराया जा चूका है। प्रेरक काफी आक्रोशित है।

और वे उग्र आंदोलन की तैयारी में है इसी कड़ी में 10 अक्टूबर को मुख्यमन्त्री निवास का घेराव का रणनीति बनाया गया।जिसमे कोरबा जिला के कटघोरा के चकचकवा पहाड़ में प्रेरक संघ का बैठक आयोजित किया गया।जिसमे जिला पदाधिकारी एवं विकासखण्ड पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी एक स्वर में संगठन को साथ देने को कहा। और वे आगमी 10 तारिक मुख्यमत्री निवास घेराव में सभी प्रेरको को शामिल होने व अन्य रणनीति पर विस्तारित रूप से चर्चा कर अपना सुझाव दिये। उक्त बैठक में जिला अध्यक्ष, संभागध्यक्ष रविन्द्र कुमार बाजपेयी, सचिव, प्रदेश संगठन रामकुमार चौहान, महामन्त्री अरुण सारथी, अंजलि महंत विकासखण्ड अध्यक्ष पोड़ीउपरोड़ा विजयपाल सिंह कँवर,पाली मो0 हनीफ शेख,कोरबा मनोज साहू, करतला कृष्णा कुमार यादव,कटघोरा दिनेश कुमार, नितिन, शिवचरण यादव, उमा साव, पुष्पा तिवारी, भीमा देवी, मानकी यादव, अनीता सिंह, शीला, रजपाल सिंह, गनी राम, तनमन सिंह, लक्ष्मण सागर, सुंदर लाल, गजानंद, इन्द्रमणि कुजूर, सरस्वती कंवर व अन्य प्रेरकगण उपस्थित रहे।

# युवक की हत्या करने वाले 2 नाबालिग सहित 6 पकड़ाए डांडिया में हाथ टकरा जाने की बात पर चाकू मारकर हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिले के बाल्को थाना क्षेत्रान्तर्गत सेक्टर-3 के मैदान में डांडिया के दौरान एक दिन पहले हुए विवाद के बदले में हत्या कर दी गई। मामले में पुलिस त्वारित कार्रवाई कर 2 नाबालिग सहित 6 आरोपी को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-3 के मैदान में मंगलवार को डांडिया चल रहा था। डांडिया नाचने एवं देखने के लिए परसाभाठा निवासी अमित किरण, सोनू प्रसाद व अन्य लोग भी गये थे। 4 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11.30 बजे डांडिया नाचने के दौरान विधि से संघर्षरत बालक और पीड़ित के हाथ टकरा गये जिसके कारण धक्का-मुक्की और फिर विवाद हो गया। इसी बात को लेकर जितेन्द्र दास महंत, नागेश उर्फ पप्पू महंत, दीपक उर्फ चिट्टू महंत, सतीश उर्फबिट्टू महंत, बाबी चौहान सभी निवासी बेलाकछार ने एक राय होकर मारपीट किया। इसी



दौरान अमित किरण एवं अन्य बीच बचाव करने लगे तभी बिट्टू महंत ने अपने पास में रखे चाकू से अमित किरण को हत्या करने की नियत से सीने में वार कर दिया तथा पेट में भी चाकू मार कर प्राण घातक चोट पहुंचाया।

उसके साथी 3 अन्य पीड़ितों को भी चोट आया। अमित किरण को जिला अस्पताल लेकर आये जहां उपचार के दौरान मृत्यु हो गया।मृतक के चाचा बद्री किरण ने बाल्को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया जिस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध आमर्स एक्ट क़ायम कर कार्यवाही शुरू की गई। आरोपी नागेश उर्फ पप्पू महंत पिता शनि दास महंत उम्र 23 वर्ष साकिन बेलाकछार, सतीश दास महंत उर्फ बिट्टू पिता शनि दास महंत उम्र 22 वर्ष साकिन बेलाकछार, जितेश दास पिता समारू दास महंत उम्र 22 वर्ष साकिन बेलाकछार, रजनीश उर्फ बॉबी चौहान पिता कन्हैया लाल चौहान उम्र 21 वर्ष बेलाकछार थाना बालको नगर एवं दो अन्य विधि से संघर्रत बालक को गिरफ्तार किया गया है।

# पत्नी की हत्या कर परिजनों के सहयोग से दफनाया शव, पुलिस की सक्रियता से महिला की संदिग्ध मौत का हुआ खुलासा

- पत्नीहंता के साथ शव को दफ्न कराने में सहयोगी रहे 6 आरोपी साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा द्वारा ग्राम चिराईखार में पत्नी की हत्या कर अपने परिवारजनों के साथ शव को जमीदोंज करने वाले 7 आरोपियों को लैलूंगा पुलिस द्वारा हत्या और साक्ष्य छिपाने के अपराध में गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 02 अक्टूबर की शाम थाना प्रभारी लैलूंगा को पुलिसिया सूत्रों से सूचना मिली कि ग्राम चिरईखार, लैलूंगा में इंदरसाय नाम का व्यक्ति उसकी पत्नी से मारपीट किया जिससे उसकी मृत्यु होने पर दफ्ना दिया गया है। सूचना



की तस्दीकी के लिए तत्काल प्रभारी थाना लैलूंगा प्रशिक्षु डीएसपी सौरभ उइके थाने के उप निरीक्षक बी.एस. पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक चंदन नेताम एवं स्टाफ के साथ स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। ग्राम कोटवार से सम्पर्क कर जानकारी लिये जिसने गांव की शिवमती पति इन्दर साय उम्र 60 वर्ष सा. चिराईखार थाना लैलूंगा की आकस्मिक मृत्यु की पुष्टि किया। कोटवार के रिपोर्टध्आकस्मिक मृत्यु की सूचना पर थाना लैलूंगा में मर्ग इंटिमेशन चाक किया गया, 02 अक्टूबर को सूर्यास्त होने से लैलूंगा पुलिस की टीम पूरी रात शव दफ्न वाले स्थान की सुरक्षा में लगी रही । दूसरे दिन 3 अक्टूबर की सुबह तहसीलदार, बी.एम.ओ., मृतिका के ससुराल एवं गांववालों के समक्ष फोटोग्राफी विडियोग्राफी के साथ विधिवत शव उत्खन्न, पोस्ट मार्टम कराया गया। डॉक्टर से शॉर्ट पी.एम रिपोर्ट प्राप्त किया गया, प्रकरण में प्रथम दृष्टिया महिला को आई चोट हत्यात्मक प्रवृति का परीलक्षित होने से संदेही मृतिका के पति इन्दर साय को तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में इन्दर साय बताया कि 27 सितंबर को अपने बच्चों के पास रायगढ़ चावल पहुंचाने गया था। 30 सितंबर की शाम गांव लौटा, घर पहुंचकर पत्नी शिवमती को खाना बनाई हो पूछने पर नहीं बनाई हूं बोली, तब दोनों के बीच झगड़ा विवाद हुआ और झगड़ा विवाद के बीच घर में रखे लोहे के पाईप से शिवमती के चेहरे, सिर, माथा, कनपटी पर मारा जिससे वहीं पर शिवमती की मौत हो गई जिसके शव को घर के परछी में लिटाकर अपने छोटे भाई बालकृष्ण डोम को घटना बताया और दोनों हत्या की घटना को दुर्घटना बताते की योजना बनाये जिसके बाद इंदर साय अपने ससुराल बालकपोड़ी चला गया।


## न्यायालय तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202209190500037/अ-21/2021-22

// उदघोषणा //

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद सुकमा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सुकमा (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/1016/क/रीडर/भू.वि.अनु./2021-22 सुकमा, दिनांक 18/07/2022 प्रेषित कर अवगत कराया है कि आवेदक श्री सुब्बाराव पिता बी. रामाराव, उम्र 26 वर्ष, जाति तेलगा, निवासी सुकमा, थाना सुकमा, तहसील एवं जिला सुकमा के द्वारा स्वयं की स्वामित्व हक की नगर सुकमा, प.ह.नं. 13/सुकमा, तहसील सुकमा स्थित व्यवस्थापन के तहत प्राप्त कृषि भूमि ख.नं. 856/18 रकबा 0.018 हे. भूमि को क्रेता श्रीमती एम.डी. शबनम पति शरीफ, उम्र-45 वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी-4-585 R T AREA RUDRAMPUR KOTHA GUDEM ANDHRA PRADESH को विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत भूमि विक्रय अनुमति हेतु निर्धारित बिन्दुओं पर जाँच करते हुए, उक्त बिन्दुओं को जाँच प्रतिवेदन में शामिल करते हुए भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(7-ख) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार भूमि विक्रय की अनुमति के संबंध में स्पष्ट अभिमत सहित प्रतिवेदन मय प्रकरण उचित माध्यम से अंतिम आदेश हेतु प्रस्तुत करने इस न्यायालय को प्राप्त हुई है।

तत् संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 06/10/2022 तक दावा/आपत्ति कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।

मुहर

तहसीलदार
सुकमा, जिला-सुकमा

## न्यायालय नजूल तहसीलदार कोण्डागांव जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद खुर्शीद रिजवी पिता मोहम्मद युसूफ रिजवी जाति मुसलमान निवासी शीतलापारा कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव के द्वारा नगर कोण्डागांव के मंडी सेंटर स्थित शासकीय भूमि नजूल शीट नंबर 02 भूखण्ड क्रमांक 691/7 अभिन्यास क्रमांक 27 क्षेत्रफल 4800 वर्गफुट भूमि में से 2400 वर्गफुट भूमि को आवासीय प्रयोजन के लिए स्थायी पट्टे पर मांग किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 11/10/2022 का न्यायालय नजूल तहसीलदार कोण्डागांव में की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/09/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल तहसीलदार
कोण्डागांव

## कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

नि.आ.सू.क्रमांक 04/व.ले.लि./निविदा-जि.नि.स./22-23 दन्तेवाड़ा, दिनांक 03/10/2022

// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति से कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 21.10.2022 समय संध्या 05:00 तक
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि - 28.10.2022 समय दोपहर 03:30 तक
3. कलेक्टर कार्यालय में निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 31.10.2022

| स.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये में | अमानत राशि रूपये में | ठेकेदार का वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कुण्डेनार (मासोडी) कच्चाघाटी में एनीकट निर्माण कार्य। | 3,60,32,440.00 | 3000/- | 1,85,000/- | ''ब'' वर्ग एवं ऊपर |

रिमार्क :- 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि - 12 माह (वर्षाकाल सहित)

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा विज्ञप्ति, निविदा प्रपत्र एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित कार्यालय जल संसाधन सम्भाग दन्तेवाड़ा से प्राप्त की जा सकती है।

अपर कलेक्टर / प्रभारी अधिकारी
(जिला निर्माण समिति)
जिला द.ब.दन्तेवाड़ा छ.ग.

G-94792/7

संपादकीय

## होसबोले का भाषण स्पष्ट सरोकार

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के नेता दत्तात्रेय होसबोले ने अपने भाषण में गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता पर चिन्ता प्रकट की है। वैसे जब भी भारत के बारे में असहज करने वाली खबरें आती हैं, उनमें खराब मानव विकास सूचकांक, भूख, प्रेस पर नियंत्रण, आदि चीजें शामिल होती हैं। लेकिन ऐसे लेखकों व संबंधित प्रकाशकों के प्रति सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी संतुलित दृष्टिकोण नहीं अपनाती है। अक्सर उनके इरादों व क्रियाविधि पर सवाल उठाए जाते हैं और कभी-कभी ऐसी खबरों की फौरन निन्दा की जाती है। लेकिन आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के भाषण पर ऐसी प्रतिक्रिया नहीं हो सकती है। रविवार को उन्होंने सरकार व भाजपा के सामने विचारार्थ ऐसे मुद्दे रखे जिनको वे ज्यादा पसंद नहीं करते हैं। इनमें देश में बढ़ रही गरीबी, बेरोजगारी तथा बढ़ती असमानता हैं। उन्होंने कहा कि देश में गरीबी हमारे सामने एक भयानक राक्षस की तरह खड़ी है और इस राक्षस का वध करना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में लगभग 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं तथा 4 करोड़ बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी दर 7.6 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि होसबोले के विचारों को 'खान मार्केट गैंग' या 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' की लफ्फाजी बता कर खारिज नहीं किया जा सकता है। वे संघ परिवार के केन्द्र आरएसएस के वरिष्ठ नेता हैं। यदि वे कुछ कहते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा है और क्या नहीं तथा इसके गहन निहितार्थ क्या हैं।

हालांकि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक मामलों में बहुत अच्छा काम किया है जिसमें ढांचागत विकास, राजकोषीय घाटे का प्रबंधन व कुछ उद्यमों का निजीकरण शामिल है, लेकिन कुछ अन्य मामलों में उसका प्रदर्शन इतना संतोषजनक नहीं रहा है। तटस्थ दृष्टिकोण से देखा जाए तो व्यक्तिगत व नागरिक स्वतंत्रताओं के मामले में भी उसका प्रदर्शन मानकों से पीछे है, लेकिन यह आरएसएस की ज्यादा चिन्ता का विषय नहीं है। लेकिन गरीबी और बेरोजगारी दिखाई देते हैं और वे सुखद नहीं हैं। केवल कट्टर भाजपा समर्थक ही कह सकते हैं कि बेरोजगारी या गरीबी बड़े मुद्दे नहीं हैं और शायद होसबोले का दृष्टिकोण आलोचनात्मक है। इसलिए समय आ गया है कि सरकार इन मुद्दों का समाधान पूरी गंभीरता से निकालने का प्रयास करे। सबसे पहले तो उसे समस्या के अस्तित्व से इनकार करना बंद करना चाहिए और उनको स्वीकार करना चाहिए। उसे अपने उस आत्ममुग्धता वाले दायरे से बाहर निकलना चाहिए जिसे उसने स्वयं तैयार किया है। इसमें चौबीसों घंटे काम करने वाली प्रचार मशीनरी तथा मीडिया के बड़े हिस्सों का योगदान शामिल है जो लगातार उसे प्रसन्न करने में लगे रहते हैं। इस दायरे से बाहर निकलने के बाद सरकार को उचित कदम उठाते हुए सप्लाई पक्ष को सुधारने का प्रयास करना चाहिए ताकि अर्थव्यवस्था वर्तमान गतिरोध से निकल सके। वर्तमान समय में शायद बड़ी-बड़ी घोषणाओं व प्रतीकवादी उपायों को ही गंभीर अर्थनीति मान लिया गया है। जहां तक होसबोले का सवाल है, अर्थव्यवस्था की समस्याओं के बारे में उनकी स्पष्टवादिता आश्चर्यजनक है, लेकिन हम नहीं जानते कि उनके या उनके संगठन आरएसएस के पास इसके क्या समाधान हैं। होसबोले ने ये टिप्पणियां आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित वेबिनार में की हैं। वह 'भारतीय आर्थिक माडल' प्रस्तुत करता रहा है जिसमें अनेक चीजें शामिल हैं। वर्तमान युग में आर्थिक नीति संभवतः इन फार्मूलों से आगे निकल चुकी है जिसे सरकार व आरएसएस को स्वीकार करना चाहिए।

# नए अवसर देता कौशल संवर्धन

**संस्थानों के कौशल संवर्धन से हम ऐसे समय अनेक खोए अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जब भारत नई संभावनाओं के द्वार पर दस्तक दे रहा है।**



**विरजेश उपाध्याय**
(लेखक, एक स्तम्भकार हैं।)



देश में पहला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान-आईटीआई 1950 में स्थापित हुआ था। इसके बाद अगले सात दशक में देश में लगभग 10,000 आईटीआई खुल चुके हैं। लेकिन आईटीआई छात्रों का पहला दीक्षान्त समारोह होने में 72 साल लग गए। तथ्य यह है कि इस उदाहरण से सिद्ध होता है कि भारत में कौशल संवर्धन नीति-निर्माताओं की कितनी भयंकर अनदेखी का क्षेत्र है। केवल ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में कौशल विकास पर एक अध्याय था। लेकिन इसके बाद से इसक महत्व पर लगातार जोर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद पर आने के बाद से इस मामले में नाटकीय परिवर्तन आया है। पिछले आठ सालों में विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण पर व्यापक रूप से जोर दिया जा रहा है। इससे भारतीय कामगारों की रोजगार पाने की क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई है। यदि हम कौशल संवर्धन के प्रति प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर गंभीरता से गौर करें तो इससे तीन मुख्य आयाम उभरते हैं। पहला, कौशल विकास को नीति-निर्माण के केन्द्र में रखा जाए। 2014 में उपलब्ध वर्तमान कौशलों पर नजर रखने के लिए एक अलग मंत्रालय का गठन किया गया।

इसके साथ ही सरकार का एक शुरुआती फ्लैगशिप कार्यक्रम 'स्किल इंडिया' शुरू किया गया। इन प्रयासों का नतीजा निकला। पिछले आठ साल में देश में लगभग 5,000 नए आईटीआई खोले गए तथा चार लाख से अधिक सीटें बढ़ीं। हर साल एक करोड़ से अधिक नौजवान 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम में शामिल होते हैं और इससे लाभ उठाते हैं। इसके पीछे मंत्रालय का लक्ष्य नौजवानों को बेहतर आजीविका के लिए उपयुक्त कौशल से लैस करना है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत 1.3 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। निश्चित रूप से भविष्य में यह संख्या बढ़ेगी क्योंकि सरकार ने भारत में कौशल विकास को गति देने के लिए 5,000 से अधिक नए 'स्किल हब' खोलने का निर्णय किया है।

कौशल विकास के महत्वाकांक्षी मूल्य को बढ़ावा देना तथा उसे औपचारिक शिक्षा से जोड़ना प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण का दूसरा आयाम है। अनेक अवसरों पर यह बात सामने आई है कि ज्ञान केवल अकादमिक योग्यता तक सीमित नहीं है। कौशल प्राप्त करना समान रूप से महत्वपूर्ण है और कौशल को अन्य योग्यताओं के समकक्ष समझा जाना चाहिए। यह विचार सर्वोत्तम रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अभिव्यक्त हुआ है जिसमें अनुभव आधारित सीखने को प्रोत्साहित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कौशल विकास को भविष्य के लिए कार्यबल तैयार करने का एक तरीका समझते हैं और इससे उनके दृष्टिकोण का तीसरा आयाम स्पष्ट होता है। इसका अर्थ शोध के माध्यम से यह समझना है कि दुनिया कैसे बदल रही है तथा नीतियां बनाने में काम व सक्रियता को महत्व दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री के हालिया भाषणों व खासकर राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन को उनके संबोधन पर गौर किय जाए तो स्पष्ट होगा कि उन्होंने न केवल उद्योग-4, बल्कि रोबोटिक्स का उल्लेख किया है जो परिवर्तनशील काम के घंटों के अनुसार दुनिया में कहीं से भी काम करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने इन परिवर्तनों को महिला श्रमशक्ति सहभागिता के अनुकूल बताया है। उन्होंने श्रम मंत्रालय से इस पर जोर देने को कहा है जो 'अमृत काल' में विज़न-2047 पर पहले से ही ध्यान दे रहा है। इसका उद्देश्य यह पता लगाना है कि देश में उभरते नए क्षेत्रों में महिलाओं को कैसे शामिल किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से देखने पर प्रधानमंत्री द्वारा आईटीआई के 'कौशल दीक्षान्त समारोह' को एक प्रकार का फालोअप समझा जा सकता है। राष्ट्रीय श्रम सम्मेलनों के उलट इस बार प्रधानमंत्री एक असमान समूह से बात कर रहे थे जिसमें छात्र व नीति-निर्माता, दोनों शामिल थे। इसलिए प्रधानमंत्री ने इस बार दोनों के बारे में बातें कीं। उन्होंने देश में रोजगार सृजन का उल्लेख करते हुए कहा कि तकनीक परिष्करण की संभावनायें उजागर हो रही हैं। उन्होंने छात्रों से अपना भावी कौशल बढ़ाने के लिए 'स्किलिंग, रिस्किलिंग व अपस्किलिंग' का मंत्र दिया जिसमें सभी क्षेत्रों में नवीनतम बदलावों पर ध्यान देना जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने जोर दिया कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र, सौर ऊर्जा व बिजली वाहनों के मामले में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। रोजगार तलाशने वालों की सुविधा के लिए अनेक आईटीआई में इस संबंध में पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। यदि स्वतंत्रता के बाद भारत की यात्रा पर गौर करें तो यह दुःखद स्थिति हमारे सामने आती है कि कुछ उल्लेखनीय संस्थान स्थापित करने और शोध में विश्व नेतृत्व की स्थिति प्राप्त करने के बावजूद हम दुनिया में चल रही शोध व विकास की संस्कृति विकसित करने में विफल रहे हैं। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, बिजनेस व नीतिगत मामलों में ऐसा ही हुआ। प्रधानमंत्री ने शुरुआत से ही इस मामले को संबोधित करने का प्रयास किया है तथा केवल इसी उद्देश्य से नीति आयोग का गठन किया गया है। इसके साथ ही पीएम-ईएसी का गठन किया गया है जो प्रधानमंत्री को आर्थिक मामलों पर सलाह देती है। लेकिन विभिन्न मंत्रालयों व संस्थानों के स्तर पर ऐसी ही व्यवस्थाओं को और मजबूत करने की जरूरत है जो न केवल प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण समझ कर उसका विश्लेषण करें, बल्कि उसे जनादेश के अनुकूल विस्तार दे सकें। श्रम मंत्रालय हमारी जनसंख्या के सबसे बड़े हिस्से पर ध्यान देता है तथा कामकाज की बदलती दुनिया को देखते हुए उसके मुद्दों को संबोधित करता है।

उसके पास श्रम बाजार शोध के लिए दो संस्थान हैं-वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी नेशनल बोर्ड आफ वर्कर्स एजुकेशन एंड डेवलपमेंट-डीटीएनबीडब्लूडी। इन संस्थानों ने दूसरी और तीसरी औद्योगिक क्रांति के कालखंड में देश की अच्छी सेवा की है। हम पहली तीन औद्योगिक क्रांतियों में पिछड़े रहे, पर उद्योग-4 के मामले में नेतृत्वकारी भूमिका अदा कर रहे हैं। डिजिटल ढांचागत संरचना में अनेक विकसित देशों से आगे हैं और कम से कम निकट भविष्य में यह स्थिति बनी रहेगी। हमें श्रम बाजार विनियमनों व कार्यबल की रोजगार योग्य क्षमता में ऐसे ही नेतृत्व की जरूरत है। श्रम कानून, खासकर सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कानून बहुत ढीलेढाले हैं, जबकि इनका दृष्टिकोण गिग व प्लेटफार्म इकोनोमी को देखते हुए भविष्योन्मुखी होना चाहिए। डीटीएनबीडब्लूडी ने मोतीलाल नेहरू इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलोजी-एमएनएनआईटी के साथ संसाधनों का साझा करने तथा इंदिरा गांधी नेशनल ओपेन युनिवर्सिटी-इग्नू से एमओयू पर हस्ताक्षर कर इस दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इससे श्रमिकों को डिप्लोमा व प्रमाणपत्र देने में आसानी होगी। इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता, नए युग की ट्रेड यूनियनों, श्रम कानूनों पर प्रमाणीकृत विशेषज्ञ तैयार करना तथा क्षमता निर्माण है। लेकिन उभरते क्षेत्र में रोजगार क्षमता की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बहुत कुछ करना बाकी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन-आईएलओ ने कहा है कि उद्योग-4 में सफलता का बड़ा हिस्सा इस बात पर निर्भर करेगा कि कामगारों को नए उभरते क्षेत्रों के बारे में पहले से क्या जानकारी है और वे नए रोजगारों के मामले में कितने कुशल हैं। इससे उनको बेहतर शिक्षा व प्रशिक्षण सुविधाओं में चयन का अवसर मिलेगा तथा देश को कौशल व मानव विकास पूंजी का लाभ मिलेगा। भावी कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान व उनको लागू करने के लिए विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय, व्यावहारिकता तथा मूलभूत शोध की आवश्यकता है। हम संस्थानों की सहायता तथा इस उद्देश्य से लागू योजनाओं के माध्यम से असंगठित कामगारों के कौशल को ई-श्रम के माध्यम से प्रमाणित करने के प्रयास भी कर रहे हैं। उद्योग-4 का युग एकदम अलग होगा। नई चुनौतियों का सामना करने तथा नेतृत्वकारी स्थिति बनाए रखने के लिए न केवल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, बल्कि उसके संस्थानों को भी तत्काल भविष्य के लिए अपना पुनः मूल्यांकन करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'चौथी औद्योगिक क्रांति' के लिए त्वरित निर्णय लेने तथा उनका तेजी से क्रियान्वयन करने की आवश्यकता होगी।

# फेफड़ों के लिए घातक वायु प्रदूषण

> वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं।

**सूर्यकांत**
(लेखक केजीएमसी लखनऊ में प्रोफेसर हैं)



जैसा कि हम जानते हैं कि फेफड़े श्वसन के लिए प्राथमिक अंग हैं। वे शरीर को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने और कार्बन डाइऑक्साइड को बाहर निकालने के लिए अथक प्रयास करते हैं। सांस लेने से बोलने और गाने की क्षमता में भी मदद मिलती है। जीवन पहली सांस से शुरू होता है और आखिरी सांस पर खत्म होता है। यह न्यूनतम कोशिकीय स्तर तक शरीर और उसके सभी अंगों के कामकाज के लिए महत्वपूर्ण है। 350 लीटर ऑक्सीजन पाने के लिए हम रोजाना 10,000 लीटर हवा में सांस लेते हैं। हम भोजन के बिना तीन सप्ताह तक जीवित रह सकते हैं, बिना पानी के तीन दिन, लेकिन ऑक्सीजन के बिना हम तीन मिनट से अधिक नहीं रह सकते। कोविड -19 महामारी ने ऑक्सीजन, फेफड़े और फेफड़ों के विशेषज्ञों के महत्व को प्रकट किया। वातावरण में मौजूद विभिन्न प्रकार के हानिकारक एजेंटों या प्रदूषकों के संपर्क में आने से श्वसन प्रणाली लगातार प्रभावित होती है। यह अनुमान है कि दुनिया भर में कम से कम दो अरब लोग बायोमास ईंधन के दहन से उत्पन्न जहरीले धुएं के संपर्क में हैं। सात अरब से अधिक लोग प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं।

वायु प्रदूषण के कारण श्वसन तंत्र और फेफड़े सबसे अधिक प्रभावित मानव अंग हैं। कुछ सामान्य प्रभाव खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ, अस्थमा, निमोनिया और बच्चों में फेफड़ों की क्षमता में कमी, वायुमार्ग में रुकावट, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़े का कैंसर और कई अन्य हैं।

वायु प्रदूषण को अब दुनिया का सबसे बड़ा पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा माना जाता है, जिससे हर साल दुनिया भर में 70 लाख मौतें होती हैं। वायु प्रदूषण के कारण भारत में हर साल 17 लाख लोगों की मौत होती है। वायु प्रदूषण अस्थमा, फेफड़ों के कैंसर, फेफड़ों के अन्य रोगों को बढ़ाता है, जबकि हृदय रोग जैसी कई बीमारियों को भी बढ़ाता है। लगभग सभी भारतीय हवा में सांस लेते हैं जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों से अधिक है। इसकी 2021 की रिपोर्ट में बताया गया है कि मध्य और दक्षिण एशिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में से 11 भारत के थे। भारत में लगभग 16.7 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं, जो 2019 में देश में हुई कुल मौतों का 17.8 प्रतिशत थी। इसका मतलब है कि, भारत में प्रति मिनट तीन मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुईं।

2019 में उच्च रक्तचाप, तंबाकू और खराब आहार के बाद वैश्विक स्तर पर जल्दी मौत के जोखिम वाले कारकों में वायु प्रदूषण चौथे स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली मौतों में से लगभग 40 प्रतिशत, कम श्वसन संक्रमण से होने वाली मौतों में से 30 प्रतिशत और फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 19 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण था। भारत में, वायु प्रदूषण के कारण होने वाली फेफड़ों की बीमारियों से लगभग 45 प्रतिशत मौतें होती हैं और 40 प्रतिशत नुकसान अस्वस्थता, विकलांगता या जल्दी मृत्यु के कारण होता है। वायु प्रदूषण से निपटने और बदलाव लाने के लिए तत्काल और उचित कार्रवाई की आवश्यकता है।

श्वसन रोगों के प्रभाव में सीओपीडी जैसी पुरानी स्थितियां और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियां या निचले श्वसन पथ के संक्रमण दोनों शामिल हैं। 2019 में निमोनिया से 2.5 मिलियन से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह दुनिया में सबसे अधिक प्रचलित तीव्र बीमारियों और मृत्यु के कारणों में से एक बन गया। यह 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए भी मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है, जो नवजात नहीं हैं।

इसके अतिरिक्त, सार्स-सीओवी-2 मृत्यु दर उन वयस्कों में कोविड-19 के परिणामस्वरूप नाटकीय रूप से बढ़ गई, जिनमें अंतर्निहित सहवर्ती रोग थे, विशेष रूप से उन लोगों में जिन्होंने श्वसन रोग या निमोनिया विकसित किया, 6.3 मिलियन से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई, ज्यादातर श्वसन कारणों से। 2020 में, टीबी से 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जिससे यह कोविड-19 महामारी के बाद सबसे अधिक प्रचलित घातक संक्रामक रोग बन गया। दुनिया भर में, 10 मिलियन से अधिक व्यक्तियों ने टीबी का अनुबंध किया, जबकि भारत में 2.6 मिलियन लोग प्रभावित हुए। जीर्ण श्वसन रोग की शुरुआत को ऐसे तीव्र श्वसन संक्रमण और अन्य आनुवंशिक-पर्यावरणीय अंतःक्रियाओं से भी जोड़ा जा सकता है, जिसमें बचपन की बीमारी खराब स्वास्थ्य के लिए एक विकासात्मक प्रक्षेपवक्र स्थापित करती है। विश्व स्तर पर, अनुमानित 544.9 मिलियन लोग 2017 में पुरानी श्वसन स्थिति से पीड़ित थे। दुनिया में, सीओपीडी लगभग 200 मिलियन लोगों, या चार प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है, और सालाना 3.2 मिलियन लोगों को मारता है, जिससे यह मृत्यु दर का तीसरा सबसे बड़ा कारण बनता है। . अस्थमा दुनिया भर में 350 मिलियन लोगों (भारत में 35 मिलियन) को प्रभावित करता है और बच्चों में सबसे अधिक बार होने वाली पुरानी बीमारी है। बच्चे विशेष रूप से आसानी से प्रभावित होते हैं क्योंकि वे अभी भी बढ़ रहे हैं और उनके फेफड़े, दिमाग और प्रतिरक्षा प्रणाली विकसित हो रही हैं। कम उम्र में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से फेफड़ों के विकास में बाधा आ सकती है, मस्तिष्क के विकास में बाधा आ सकती है और अस्थमा जैसी स्थितियों का खतरा बढ़ सकता है। दमा से पीड़ित बच्चों के फेफड़े और वायुमार्ग आसानी से फूल जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप परेशान करने वाले दैनिक लक्षण होते हैं जो खेल, खेल, स्कूल और नींद में बाधा डालते हैं।

5 जून, 2022 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन) आंदोलन शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि लाइफ का दृष्टिकोण एक ऐसी जीवन शैली जीना है जो हमारे ग्रह के अनुरूप हो और इसे नुकसान न पहुंचाए। ऐसा जीवन जीने वालों को 'प्रो-प्लैनेट पीपल' के रूप में जाना जाता है। मिशन लाइफ अतीत से उधार लेता है, वर्तमान में काम करता है, और आगे देखता है। हमारा जीवन कम करने, पुनः उपयोग करने और रीसायकल करने की अवधारणाओं से बुना गया है।

## फरमाया



**राजस्थान** में नए मुख्यमंत्री के नाम पर विधायकों के भड़कने का नया मामला था।

**- अशोक गहलोत**
राजस्थान के मुख्यमंत्री



**ऊर्जा** संकट व मुद्रास्फीति के मामले में हमारे पास आगे बढ़ने की स्पष्ट योजना है।

**- लिज़ ट्रस**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**सत्तारूढ़** लोगों द्वारा महात्मा गांधी की विरासत पर कब्जा करना आसान है, पर उनके रास्ते पर चलना कठिन।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## ग्लोबल वार्मिंग के खतरे

**जब** जब भी प्रकृति करवटें बदलती है और देश में अनहोनी होती है तब तब हर कोई जलवायु परिवर्तन पर बहस करता है। सब के अपने तर्क होते हैं और हर कोई उसे श्रेष्ठ जताता है। सब का फोकस ग्लोबल वार्मिंग पर ही होता है जो आज बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। अध्ययन और शोध पर विश्वास करें तो आने वाले सालों में मानव जीवन के लिए मुसीबतें ही पैदा होना है। वास्तव में ग्लोबल वार्मिंग बड़े संकट का संदेशा है। ग्लेशियरों का पिघलना, मौसम में गर्मी बढ़ना और हीटवेव का एक निर्धारित अंतराल के बाद नियमित चलना कुछ ऐसी चेतावनी या हैं जिन पर गौर जरूरी है। गर्मी के मौसम में असहनीय गर्मी और अचानक मौसम का बदलना, बरसात होना या ठंड का चमकना शोधकर्ताओं की निगाहों में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। 2010 के ऊंचे तापमान को आधार मानकर सामने आए निष्कर्ष एक चेतावनी है जो हर तीसरे साल हीटवेव चलने की आशंका व्यक्त करते हैं। मौसम का मिजाज अगर अनुकूल होता तो दशकों के बाद निर्मित होने वाली असहनीय गर्मी की स्थिति साल दर साल न बढ़ती।

**- अमृतलाल मारू**, इंदौर

## पाप का अंत कब?

**वर्षों** से चली आ रही परम्परा दशहरे पर रावण दहन गांवो से लेकर अंचलो , नगरों, महानगरों व पुरे देश मे बुराई पर अच्छाई की जीत हेतु किया जाता है. और दहन पश्चात एक दूसरे को शुभकामनाएं, बधाई दी जाती है! रावण के पुतले के दहन के बाद विजयी पताका का इतना जोश , उत्साह होता है की हमने हमेशा हमेशा के लिए बुराई का अंत कर दिया, दहन कर दिया! परन्तु विडंबना है की वर्तमान दौर मे देश को खोकला करने वाले अर्थपिशाचो व संस्कार, संस्कृति को धूमिल करने वाले, सभ्यता को कलंकित करने वाले इन भरस्टाचारी व दुष्कर्मी रावणों का दहन कब होगा? क्या इन कलयुगी रावणों मे बुराई नहीं है? आये दिन मासूमों का बलात्कार, महिलाओ से छेड़छाड़, महिलाओ के साथ बलात्कार, जघन्य हत्याएं, क्या यह अपराध या बुराई नहीं? फिर इनका खात्मा करने के लिए कौन सा राम जन्म लेगा? देश मे घोटाले व आर्थिक अनियमियता की खबरों से व रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने की खबरें सुर्खियों मे होती है ! क्या अर्थ पिसाची रावण के खात्मे के लिए कोई कारगर व ठोस नीति नहीं है..? देश मे यह कृत्य आखिर सीमा क्यों लांघ रहे है!

**- योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र

## हृदयविदारक घटना

**उत्तर** प्रदेश के भदोही शहर में एक धार्मिक आयोजन में लगी आग में 6 लोगों की मृत्यु एवम 50 श्रद्धालुओं का घायल होना अत्यंत दुखदाई एवम हृदय विदारक घटना है. इससे पूर्व भी कानपुर में श्रद्धालुओं से को लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें करीब 23 लोगों की मृत्यु हो गई थी. और बड़ी संख्या में लोगों को गंभीर चोट आई है. धार्मिक अनुष्ठान के आयोजकों को ध्यान रखना चाहिए कि किसी तरह की दुर्घटना ना हो. यदि हो भी जाए तो रोकने के पुख्ता इंतजाम करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजकों के द्वारा स्थानीय शासन प्रशासन की अनुमति, वॉलिंटियर्स, ट्रैफिक , पर्यावरण , एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण यदि कोई दुर्घटना होती है तो बचाव के कार्य में सरकार को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है और जानमाल का नुकसान भी होता है इसलिए ऐसे आयोजनों पर सरकार को भी निगरानी रखनी होगी। धार्मिक आयोजनों में उत्सवों में और यात्राओं में श्रद्धालुओं को भी सावधानी बरतनी होगी। जान-माल का भारी नुकसान बेहद दर्दनाक होता है केवल सरकार के ऊपर जिम्मेदारी डाल देना किसी भी तरह से उचित नहीं है।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

# वृद्धजन सम्मान समारोह में जिले के हजारों बुजुर्गों का हुआ सम्मान

छत्तीसगढ़ सरकार वृद्धजनों के हित में निरंतर कार्य कर रही है: अनिला भेंडिया

## मंत्री अनिला ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com





प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व वृद्धजनों के हित में निरंतर कार्य किया जा रहा है, उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन सहित अन्य सुविधाएं दी जा रही है तथा वृद्धजनों के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले सरकार द्वारा लिए गए हैं। मंत्री भेंडिया बुधवार को डौंडीलोहारा के आईटीआई ग्राउण्ड में आयोजित वृद्धजन सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वृद्धजनों की सुविधा के लिए वृद्धजन हेल्पलाईन नम्बर शुरू करने की घोषणा की है, जो कि बहुत ही जल्द शुरू किया जाएगा। जिसमें बुजुर्ग अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण शासन-प्रशासन द्वारा किया जाएगा। मंत्री भेंडिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है, जो कि वृद्धजनों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध हुआ है। इसके तहत हाट बाजारों में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है, जिसमें निःशुल्क इलाज व दवाई का वितरण किया जाता है। उन्होंने सभी व वृद्धजनों से आग्रह किया कि वे इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

### शॉल श्रीफल देकर किया गया सम्मानित

मंत्री भेंडिया ने कहा कि हमारे प्रदेश की संस्कति व परम्परा बहुत ही अच्छी है, इसे हमें बनाए रखना है। हम अभी भी संयुक्त परिवार में रहते हैं, जिससे बुजुर्गों द्वारा बच्चों को संस्कार देने व संस्कृति को आगे प्रसारित करने का कार्य किया जाता है।

परिवार में मिले संस्कार से ही आने वाले जीवन को लोग बेहतर बनाते हैं। मंत्री भेंडिया ने जिले भर से आए हजारों वृद्धजनों को प्रणाम करते हुए उन्हें विजयदशमी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह को संसदीय सचिव व गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद और संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने भी संबोधित कर परिवार में बुजुर्गों की अहमियत को परिलक्षित किया तथा विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। समारोह में अतिथियों द्वारा वृद्धजनों को शॉल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम पश्चात वृद्धजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी। जिसकी शुरुआत मंत्री भेंडिया ने वृद्धजनों को भोजन परोस कर किया। समारोह में पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेंडिया, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मिथिलेश निरोटी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, कृषि उपज मण्डी बालोद के अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, गणमान्य नागरिक अनिल लोढा, पीयूष सोनी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुँचे वृद्धजन मौजूद थे।

# मंडी मैदान में राम लक्ष्मण ने किया 35 फीट रावण का दहन

## असत्य पर सत्य की जीत: आशीष

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





कृषि उपज मंडी मैदान में रामलीला का मंचीय कार्यक्रम बाद शाम करीब 7 बजे 35 फीट रावण का पुतला का दहन किया गया करीब शाम को 5.15 बजे रावण दल के लोग एक अलग वाहन से राम मंदिर से कृषि उपज मंडी मैदान पर पहुंचे तदुपरांत राम मंदिर से ही रामदल के लोग अलग से वाहन में पहुंचे नगर में स्थित कृषि उपज मंडी में अयोजित दशहरा उत्सव में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे विजयदशमी पर्व के लिए दो मंच बनाया गया था जिसमें एक मंच पर नगर के राम मंदिर के आचार्य पंडित शिवकुमार पाठक के सानिध्य में नवयुवक रामलीला मंडली ग्राम सरदा के द्वारा रामायण की संक्षिप्त प्रस्तुति की गई तदुपरांत राम रावण के युद्ध हुआ और मंच के मैं के बाद राम लक्ष्मण ने मैदान पर आकर 35 फुट के विशाल रावण के पुतले का अग्निबाण से दहन किया गया इसके पहले विजयदशमी के के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है, इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था,सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है,मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण हेतु समर्पित थे नैतिक, मानवीय और सामाजिक मूल्यों के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जीवन सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान करता है,विजयादशमी का पर्व हमें आशा, उत्साह और ऊर्जा के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देता है,विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव है,नवरात्रि के नौ दिन जगदम्बा की उपासना करके भक्तों में शक्ति का संचार होता है, इस अवसर पर बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मंगत साहू, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, पंचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, टी आर जनार्दन, जोगिंदर छाबड़ा,सुनील नामदेव, मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा,सनतधर दीवान,राम ठाकुर, मिटा नामदेव,राजू साहू, रानी सेन, जया साहू, जनता साहू, प्रशांत तिवारी,रावेंद्र देवांगन, शंकर चौहान, नीलू राजपूत,बीरेंद्र साहू, नीतू कोठारी, साधेलाल बघेल, लक्ष्मी लहरे, सजनी यादव, सत्रुहन साहू,सोमनाथ ध्रुव, शिल्पी मिश्रा, ध्रुव,रजक, प्रतीक दुबे, ऋतिक तिवारी सीएम ओ भूपेंद्र उपाधाय, एडीएम युगल उर्वश तहसीलदार आशुतोष गुप्ता टीआई अंबर सिंह उपस्थित थे।

# बौद्ध विरासत गौरैयाधाम में 9 को तथागत बुद्ध प्रतिमा की स्थापना एवं महापरित्राण पाठ में जुटेंगे हजारों की संख्या में लोग


पायनियर संवाददाता ≺ बालोद
www.dailypioneer.com



गौतम बुद्ध एवं बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के असीम अनुकंपा से एवं बुजुर्गों के मार्गदर्शन से गौरेया बुद्ध विहार चौरेल का अनावरण 25 फरवरी 1994 में किया गया था। नवीनीकरण उपरांत 9 अक्टूबर रविवार को भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालोद के प्रबंध निर्देशन एवं अर्जुंदा (टिकरी) के समन्वय से प्रतिमा अनावरण एवं महा परित्राण पाठ का आयोजन किया गया है। महा परित्राण पाठ पूज्य भंते धम्मतप राजनांदगांव द्वारा संपन्न किया जाएगा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महादेव कावरे संभागीय आयुक्त दुर्ग छत्तीसगढ़, अध्यक्षता वामन राव वानखेड़े अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा जिला बालोद, विशेष अतिथि दिलीप वासनिक जन सूचना आयुक्त छत्तीसगढ़, एसआर कांडे भारतीय बौद्ध महासभा ट्रस्ट सदस्यगण, बीएस जागृत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़, अनिल मेश्राम, रमेश सुखदेवे, ऐश्वर्य विमल महेश्वर, लवण चंद्राकर सरपंच चौरेल गौरैया न्यास प्रबंधक, मोंटी यादव जिला पंचायत सदस्य एवं सचिव गौरव न्यास, मधुकर जामुल कर मुख्य अभियंता दुर्ग छत्तीसगढ़ विभाग मंडल, सुमेर कामडे, त्रिभुवन मोहन वासनिक होंगे। कहा जाता है कि सिरपुर के बाद गोरैया छत्तीसगढ़ का दूसरा बौद्ध विरासत है। जिसको संजोने का कार्य बौद्ध अनुयायिओं द्वारा किया जा रहा है। यहाँ पर लगभग तीस साल पुराना पूवर्जों द्वारा स्थापित एक विहार था। जिसकी दशा दयनीय हो गई थी। जिसका जीर्णोद्धार समाज के लोगो ने मिलकर किया है इसी बौद्ध विहार का विधिवत परित्राण पाठ के साथ लोकार्पण किया जाएगा। इस सम्पूर्ण कार्य मे गोरैया समिति एवं चौरेल के सरपंच का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्राम के बीचों बीच एक बुद्ध चौक भी है। जो आकर्षन का क्रेंद्र भी है। चौक में सोलहवी शताब्दी का एक अशोक स्तंभ स्थापित है। जहाँ खुदाई से प्राप्त बुद्ध भगवान की प्रतिमा स्थापित है। गांव के लोग बड़ी आस्था से पूजा अर्चना करते है। अर्जुन्दा परिक्षेत्र के अध्यक्ष प्रवीण लोनहारे ने लोगो से अधिक से अधिक सँख्या में उपस्थित होकर बौद्ध विरासत को सहेजने की अपील की है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस और किया शस्त्र पूजन

पायनियर संवाददाता ≺ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुम्हारी शाखा द्वारा स्थापना दिवस और शस्त्र पूजन का कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के दुर्गा पंडाल मैदान में किया गया। प्रातः समस्त स्वयंसेवक उपस्थित हुए ध्वज प्रणाम किया, प्रातः स्मरण किया तत्पश्चात पथ संचलन किया जो कि विद्युत विभाग कार्यालय मार्ग से प्रभात चौक एवं बाजार चौक होकर वार्ड क्रमांक 9 होते हुए पुनः महामाया माता मुख्य मार्ग से वापस दुर्गा पंडाल मैदान पर पहुंचे । अनुशासित ढंग से पंक्तिबद्ध किए गए पथ संचलन का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया । स्वयंसेवकों ने योग व्यायाम, योग दंड, दंड संचालन, दंड प्रहार व दंड समता का प्रदर्शन किया । मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए प्रदेश संगठन मंत्री हिंदू धर्म जागरण मंच के राज कुमार चंद्रा द्वारा जिला कार्यवाह सुनील पटेल, कुलेश्वर साहू संघ संचालक कुम्हारी के सहयोग से शस्त्र पूजन किया गया । तत्पश्चात मुख्य वक्ता ने समस्त स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज का संगठित होना नितांत आवश्यक है, वर्तमान समय में हमें इस पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, जो कि देश में कहीं पर भी किसी भी आपदा, विपत्ति में देश सेवा हेतु सदैव तत्पर रहता है । उन्होंने युवाओं में शाखा के प्रति बढ़ते आकर्षण को एक अच्छा संकेत बताया। कार्यक्रम संयमित ढंग से व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ ।

# 13 विकास कार्य के लिए 64 लाख स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत 13 विकास कार्यों के लिए 64 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सांसद लोकसभा क्षेत्र दुर्ग विजय बघेल के अनुशंसा पर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत उक्त स्वीकृति दी है। जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा नवागढ़ के ग्राम पंचायत जेवरा (एन) के अश्रित ग्राम देवरी में मेन रोड से उत्तम नेताम के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु राशि 5 लाख, ग्राम पंचायत करमसेन में महामाया से लेकर रामेश्वर ठाकुर के घर तह सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम पंचायत अमोरा में यज्ञ स्थल से गंगा प्रसाद के घर तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख, ग्राम पंचायत घोरहा में घनश्याम के घर से छन्नू लाल बेदराम के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम पंचायत कामता में रंजीत के घर से आदिक के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम पंचायत बिनैका में शिवनंदन के घर से बुधारी के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख, ग्राम पंचायत गनिया में मेन रोड से रामगोपाल साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख एवं ग्राम पंचायत भोपसरा में रवि के घर से जीवन के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रुपये, विधानसभा बेमेतरा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुरुजपुरा में प्राथमिक शाला से ललित सिन्हा के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये एवं ग्राम पंचायत भेड़नी के वार्ड 12 में सीसी रोड निर्माण हेतु 4 लाख रुपये, विधानसभा साजा अन्तर्गत ग्राम कोंगियाकला में भुखन खान के घर से मुक्तिधाम तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये, ग्राम बरगा में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये एवं नवकेशा में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## नवागढ़ में चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# अनिमेश दीवान तनु युवा मोर्चा बेमेतरा नवागढ़ चुनरी यात्रा में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अष्टमी के महापर्व पर नवागढ़ के युवकों द्वारा ढोल,तासा,धुमाल व भव्य लाइटिंग के बीच चुनरी यात्रा निकाली गई जहाँ अनिमेश दीवान तनु युवा मोर्चा दादू सिन्हा, शाहिद खान,दीपक मराठा (पी.के.) प्रांजल बंजारे, शेखर महिलांग, बहादूर यादव, दिनेश निषाद, छोटा पाल(चना) गोपी निर्मलकर सहित, कमलेश यादव, मुकेश देवांगन बड़ी संख्या में नवयुवकों ने नगर के मुख्य चौंक में विराजमान माँ शेरावाली की पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाकर क्षेत्र की खुशहाली,सुख समवृद्धि के लिए प्रार्थना की,चुनरी यात्रा मुख्य चौंक से होते हुए बस सटैंड में विराजमान माता रानी की पूजा अर्चना कर चुनरी चढ़ाई,श्री शमी गणेश मंदिर होते हुए चुनरी यात्रा माँ महामाया के दरबार में माथा टेक कर युवकों ने मां महामाया से आशीर्वाद लिया। चुनरी यात्रा में मुख्यरूप से बलराम निषाद ,शेखर जायसवाल,संजय पटेल, दाऊ यादव, संजू पाल,विक्की वर्मा, प्रताप पांडे,कुलेश्वर निषाद,मोहित यादव,सागर गोष्वामी,राजकुमार सिन्हा,भोला रजक ,निशु श्रीवास्तव,शुशांत खतरी,रामकैलाश साहू,वेंकटेश यादव,रुपेश यादव,सोनू सिन्हा,विनोद भोई,कुशाल बंजारे, नानू कुमार,प्रकाश ध्रुव, राकी निषाद, महेश ध्रुव, प्रमोद सिन्हा, दीपक यादव,भवानी पाल,राहुल जायसवाल,राहुल मराठा, सी.जी. दादू,खिलेश पाल,दुर्गेश यादव,युवराज यादव,निक्की यादव,प्रमोद यादव, मोहन पाल,राजा पाल,शिव पाल,तारन पाल एवं नगरवाशी उपस्तिथ होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

# शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की अनूठी पहल सुरडोंगर शाला में

पायनियर संवाददाता ≺ डौंडी
www.dailypioneer.com



आपाधापी युग में किसी भी पर्व पर कार्यक्रम कराना या किया जाना खर्चा लागत आयोजकों के मध्य आ जाता है। जिसका समुचित ध्यान रखते हुए डौंडी ब्लाक के ग्राम सुरडोंगर स्कूल के शिक्षक गणों द्वारा एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर यह संदेश दिया गया कि कोई भी कार्यक्रम को गांव से ही छुपे प्रतिभा को निखार में लाकर उनके प्रतिभा का सम्मान किया जाय। ताकि ग्राम में आयोजित कार्यक्रम में आने वाली खर्च का बचत के साथ ही इन बच्चों की प्रतिभा का सबके सम्मुख कला झलके। इसी उद्देश्य को लेकर सुरडोंगर शाला में गांव के प्रतिभाशाली बच्चों कि हुनर को पहचानने प्रयास कर संजीदा प्रयास नवरात्र पर्व पर किया गया। जहां स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर अनेक प्रस्तुति के माध्यम से यह दिखाया कि वे लोकरंग कार्यक्रम के आर्टिस से कम नही है तथा गांव की प्रतिभा स्टेज को छोड़कर कम खर्चे में ही कार्यक्रम को दर्शकदीर्घा समक्ष उन्हें बांधकर रखने में पीछे नहीं है। जरूरत है कि ऐसी प्रतिभा को हर गांव के ग्रामीण खुद कार्यक्रम रखकर इन बच्चों का उत्साहवर्धन करे। गौरतलब है कि जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी शाखा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक शाला सुरडोंगर के संयुक्त तत्वावधान में तथा ग्राम विकास समिति सुरडोंगर, दूर्गा उत्सव समिति सुरडोंगर व शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के आह्वान तथा सरंक्षण पर विकासखंड रेडक्रॉस प्रभारी सह व्याख्याता संजय बंजारे के नेतृत्व में रेडक्रॉस के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ सांस्कृतिक कला मंचों में बड़ा मंच प्रदान कर उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से ग्रामीण छात्राओं के द्वारा ग्रामीण स्तर पर लोक रंग के कलाकारों की तर्ज पर बच्चों द्वारा मां दूर्गा के मंच गरबा नृत्य ,देवी जसगीत के साथ विभिन्न प्रकार के क्षेत्रीय गीत पर नृत्य का प्रस्तुतीकरण करने के लिए ग्राम से आह्वान के साथ साथ दो दिन तक समिति द्वारा प्रचार प्रसार उपरांत क्षेत्रीय रेडक्रॉस वालिटियर्स द्वारा रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया।

# रामलीला मंचन के बाद 75 फीट रावण का हुआ दहन

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





विजयादशमी के अवसर पर ग्राम रेवे में 75 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। जहां आसपास के अनेक गांव के लोगों ने रेवे पहुंचकर रामलीला का मंचन को देखा। दशहरा पर्व के अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल उपस्थित थे। ग्राम रेवे के युवा समिति के लोगों ने विगत कई दिनों से रावण का पुतला बनाने एवं रामलीला का रिहर्सल कर रहे थे। आज दशहरा उत्सव पर युवा समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया गया तत्पश्चात 75 फ़ीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया । रावण दहन के पूर्व आधे घंटे तक आतिशबाजी किया गया जिसको देखने रेवे सहित आसपास के कई गांव के लोग उपस्थित थे । ग्राम रेवे में विगत कई वर्षों से रामलीला का मंचन एवं रावण दहन किया जा रहा है ।रावण के पुतला बनाने के लिए रोमनाथ सिन्हा, राजेश सिन्हा, रितिक सिन्हा, ऋषि सिन्हा, भागवत सिन्हा, सुरेश सिन्हा ,योगेश सिन्हा, योगेश यादव, जीवन सिन्हा, शरद सिन्हा, हेमेंद्र सिन्हा ,राजेश कलाकार ,केजू सिन्हा का विशेष सहयोग रहा। पूतला निर्माण में ग्राम रेवे के विद्युत विभाग से जुड़े सभी लोगों का विशेष सहयोग रहा । विगत 55 वर्षों से नाटक मंडली के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है नाटक मंडली से जुड़े पुराने कलाकारों ने रामलीला का कार्यभार युवाओं की जिम्मेदारी दी गई पंडित श्रीकांत जोशी के संपूर्ण जिम्मेदारी में रामलीला मंडली को सौंपा गया इस परंपरा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई जिसे श्रीकांत जोशी ने के नेतृत्व में बखूबी निभाया गया। श्रीकांत जोशी ने अपने सहयोगी कलाकारों उमाशंकर,गोलू सिन्हा,मयाराम, सरजू, शरद सिन्हा कामदेव सिन्हा,नरेश आदि कलाकारों के के साथ रामलीला का मंचन किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र दुबे को सुनने रात भर डटे रहे श्रोता, अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन व उत्कृष्ट शिक्षको का हुआ सम्मान

# बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छा व्यवहार और संस्कार देते हैं शिक्षक : योगेश तिवारी

पायनियर संवाददाता ≺ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शहर के नवीन बाजार में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन व उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ । कार्यक्रम के आयोजक किसान नेता योगेश तिवारी थे । इस अवसर पर उत्कृष्ट शिक्षकों व मेधावी छात्रों का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया । कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व पद्मश्री सुरेंद्र दुबे शामिल हुए । कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे, जो रात भर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कवियों के हास्य व्यंग्य सुन कर आनंद उठाते रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योतिर्मयानंद महाराज मौजूद थे । आयोजक योगेश तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथि और श्रोताओं के अभिनंदन किया । उन्होंने कहा कि मां भद्रकाली की पावन धरा में छात्रों का मार्गदर्शन करने वाले गुरुओं का सम्मान करना सौभाग्य की बात है । इस तरह के आयोजन से समाज की बेहतरी के लिए और अधिक उत्साह से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है । शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छा व्यवहार और संस्कार देते हैं। इस बार समारोह को क्षेत्रवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिला । कार्यक्रम में शामिल होने भारी तादाद में शहर समेत आसपास गांव के ग्रामीण जुटे। इस दौरान प्रहलाद रजक, पप्पू रवानी, गिरीश गबेल, अजय मिश्रा, पीयूष शर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

### सभी समाज के लोग में आपसी प्रेम और सौहार्द्र

मुख्य अतिथि ने आयोजन के लिए किसान नेता योगेश तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी समाज के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द से रहते हैं । ये आगे भी बरकरार रहे, इसके लिए इस तरह के आयोजन जरूरी है । ऐसे आयोजन में सभी समाज प्रमुखों को एक मंच पर इकट्ठा होने का मौका मिलता है, जहां विचारों के आदान प्रदान से, समाज प्रमुखों को अपने समाज को सुधारने और आगे बढ़ाने के लिए नए उपाय व विचार मिलते हैं । अच्छे कार्यों का सम्मान होना चाहिए ताकि दूसरे लोग प्रेरणा लेकर समर्पित भाव से एक दूसरे की मदद करें।

### देर रात तक डटे रहे श्रोतागण

अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि सुरेंद्र दुबे, रामानन्द त्रिपाठी हास्य व्यंग्य कवि बेमेतरा, कवि सरदार मनजीत सिंह फरीदाबाद, डॉ अशोक हरिवंश, रामानंद त्रिपाठी हास्य व्यंग्य कवि बेमेतरा, लता शबनम श्रृंगार रस बालाघाट मध्यप्रदेश, पद्मलोचन शर्मा हास्य पैरोडी राजनांदगांव, कवि हेमंत बसंत श्रृंगार रस हास्य कवि महाराष्ट्र अपने हास्य व्यंगो से लोगों का मनोरंजन किया। देर रात तक श्रोतागण डटे रहे और कवियों के हास्य व्यंग्य का आंनद लेते रहे । अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र दुबे के व्यंग्यों से श्रोता प्रफुल्लित हो उठे और पूरे आयोजन के दौरान ठहाके लगाते रहे।

### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

समारोह में आयोजक व अतिथियों ने राम खिलावन निषाद प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला मुड़पार खुर्द बेरला, इंदर मान सिंह मरकाम प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भेड़नी विकासखंड बेरला, भुवन लाल साहू शासकीय हाई स्कूल लावातरा विकासखंड बेरला, सौरभ तिवारी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला ओटेबंद, गंगाधर दुबे सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला बारगांव बेरला, दिलहरण तिवारी सेवानिवृत्त के 17 साल बाद भी विभाग में से अपनी सेवाएं दे रहे है।

# राजहरा स्टेडियम में हर्षोल्लास के मनाया दशहरा महोत्सव

पायनियर संवाददाता ≺ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर का सबसे बड़ा दशहरा समारोह 5 अक्टूबर को बीएसपी राजहरा स्टेडियम (फुटबॉल ग्राउंड) राजहरा में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा संपन्न किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि खदान के मुख्य महाप्रबंधक समीर स्वरूप एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक बालमुकुंद सिंह एवं बृहस्पति सिंह ने की। उल्लेखनीय है कि यह दशहरा उत्सव विगत 50 वर्षों से, सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी दशहरा ग्राउंड में बड़े पैमाने पर उमड़ी भीड़ ने इस समारोह का आनंद लिया ।दशहरा समारोह संपन्न करने की प्रक्रिया में समिति के सदस्यों आर पी पांडे, एस के श्रीवास्तव, चेतन लाल साहू, आरती राम ठाकुर, जे. गुरूवुलु, एवं केदार साहू द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । इस अवसर पर रामलीला मंडली के रामदल की पूजा अर्चना का काम मुख्य अतिथियों द्वारा संपन्न किया गया । इस बार बेहतरीन आतिशबाजी भी की गई । इस अवसर पर मुख्य अतिथि समीर स्वरुप ने कहा कि यह समारोह हमारे देश की गंगा जमुनी तहजीब की याद दिलाते हुए हमारी समृद्ध संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दशहरा का यह समारोह देख कर मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है, इस बीच उन्होंने दशहरा उत्सव पर अपने बचपन की यादें भी ताजा की और कहा कि दशहरा उत्सव के लिए बीएसपी से हर संभव सहयोग किया जाता रहेगा। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने कहा कि दशहरा उत्सव समिति का यह कार्य सराहनीय है । दशहरा पर्व पर नगर की जनता को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि साल दर साल इस समारोह को और बेहतर बनाने के लिए मेरा सहयोग हमेशा बना रहेगा ।

# सोंठी धनुवार डेरा में खुले आम बिक रही महुआ शराब






पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोंठी धनुवार डेरा मे इन दिनो खुले आम महुआ शराब की बिक्री चल रही है यहां हर घर मे रोज शराब की भट्टी चढाई जाती है और क्षेत्र मे सप्लाई भी की जाती है और यह सब महुआ शराब का गोरख धंधा बम्हनीडीह थाना क्षेत्र पदस्थ दो तीन आरक्षक के इसारे से संचालित हो रहा है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह थाना मे पदस्थ आरक्षक शराब तस्करों से महिना बांध रखा है और बदले मे शराब तस्करों को संरक्षण भी देते है जैसे बम्हनीडीह थाना मे पदस्थ कोई भी अधिकारी सोंठी धनुवार डेरा शराब तस्करों पर कार्रवाई करने के लिए निकलता है तो आरक्षको के द्वारा शराब तस्करों को इसकी सूचना दे दि जाती है जिससे शराब तस्करो पर कार्रवाई नही हो पा रही है जिससे महुआ शराब बना कर बेचने वाले तस्करों की बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के सोंठी धनुवार डेरा मे बाढ आ गई है।

जल्द ही सोठी के शराब तस्करों पर कार्रवाई की जाएगी आरक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे।

**विजय अग्रवाल**
**पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा**

## लोकल होने का आरक्षक उठा रहे फायदा

बम्हनीडीह थाना मे कुछ आरक्षक ऐसे है जो लोकल है जिसको सब मालूम है की कहां किस तरह के गलत काम चल रहे है पर उनके खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की जा रही है बकायदा गलत काम करने वाले को बढ़ावा दे रहे है और उनसे हर महीने मोटी रकम लेके अटनी जेब भरने मे लगे हुए हैं।

## आरक्षक व प्रधान आरक्षको ने बांट रखा है अपना अपना एरिया

बम्हनीडीह थाना मे पदस्थ प्रधान आरक्षक व आरक्षको ने अपना अपना एरिया बांट कर रखा हुआ है कोई एक दुसरे के एरिया मे कार्यवाई करने नही घुसता हैं और आराम से बैठ कर शराब तस्करों से महिना ले रहे है जिसके चलते बम्हनीडीह थाना क्षेत्र में महुआ शराब की बिक्री जोरो से चल रही है और अपराध तेजी से बढ़ रहा है।

## सोंठी धनुवार डेरा मे बिकती है शराब वहां हो चुकी है हत्या

सोंठी धनुवार डेरा शराब तस्करों का गढ माना जाता है यहां काफी अधिक पैमाने पर शराब की बिक्री होती है और आये दिन यहां लडाई झगडे होते ही रहते हैं यहां शराब के नसे मे हत्या तक हो चुकी है पर बम्हनीडीह पुलिस को इससे कोई फर्क नही पड़ रहा है उन्हें तो केवल अपने महिने से मतलब है चाहे शराब के नही मे लोग हत्या जैसे बड़े अपराध कर बैठ रहे है।

# शासकीय कर्मियों के लिये लगेंगे फेस रीडिंग मशीन, कलेक्टर ने टेस्ट कर मशीनों को परखा

- अब कार्यालयों में लगेंगे, देरी से आना और जल्दी जाना, जिले में नहीं चलेगा यह बहाना
- शासकीय कर्मियों के लिये लगेंगे फेस रीडिंग मशीन
- कलेक्टर ने टेस्ट कर मशीनों को परखा, अब कार्यालयों में लगेंगे



पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

शासन के आदेश निर्देश और कलेक्टर के हिदायतों को नजरअंदाज करने वाले ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर जल्दी ही कार्यवाही की गाज गिरेगी जो समय पर न तो अपने कार्यालय पहुचते हैं और न ही निर्धारित समय तक कार्यालय में रहते हैं। जिले में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के संबंध में जन प्रतिनिधियों द्वारा लगातार आ रही शिकायतों के मद्देनजर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी कार्यालयों में फेस रीडिंग मशीन लगाने का निर्णय लिया है। इन मशीनों के कार्यालय में लगने के पश्चात हर अधिकारी-कर्मचारी को निर्धारित समय पर अपनी उपस्थिति दर्शानी होगी, यही नहीं निर्धारित समय तक कार्य करने के बाद जाते समय भी उन्हें अपना चेहरा या फिंगरप्रिंट मशीन में दर्ज करना होगा। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद जिले में देरी से आकर कार्यालय से जल्दी चले जाने की प्रवृत्ति पर जहां अंकुश लगेगी, वही आम जनता की समस्याओं का निराकरण एवं शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन भी आसानी से होगी। जिले में कलेक्टर के रूप में पदस्थ होने के पश्चात तारन प्रकाश सिन्हा ने पहली बैठक में ही सभी सरकारी कर्मचरियों को निर्धारित समय में कार्यालय आने के निर्देश दिए थे। यहीं नहीं जिले के सभी विकास खण्ड मुख्यालयों के कार्यालयों एवं स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, उचित मूल्य की दुकानों के अलावा अन्य सरकारी दफ्तरों के निरीक्षण के पष्चात उन्होंने ब्लॉक मुख्यालय लेबल के अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त हिदायत भी दी थीं। उनके द्वारा विगत तीन माह के कार्यकाल के दौरान यिे गए आकस्मिक निरीक्षण में अनेक कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों की अनुपस्थिति भी उजागर हुई थी। शासकीय कार्यालयों में समय पर अधिकारी-कर्मचारियों नहीं आने पर आम जनता में नाराजगी के साथ जनप्रतिनिधियों में आक्रोश तो था ही, शासन द्वारा निर्धारित जनहितैषी कार्यों के अलावा शासन की जन कल्याण कारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी लापरवाही हो रही थी। कलेक्टर ने जिले में सरकारी व्यवस्था को दुरस्त करने की ठानी और निर्देशों का अवहेलना करने वालों को सही राह में लाने आधुनिक फेस रीडिंग मशीन लगाने का फैसला लिया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने मेहंदी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में की पूजा- अर्चना

- प्रदेश अध्यक्ष के साथ अकलतरा विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भी रहे मौजूद



पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण साव ने 4 अक्टूबर को जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर मेंहंदी में पहुंचकर दर्शन किए तथा पूजा अर्चना कर वहां आशीर्वाद प्राप्त किया, इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने देवरघटा में भी पहुंचकर वहां हनुमान मंदिर के दर्शन किए साथ ही प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने इस दौरान कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर सार्वजनिक भंडारा प्रसाद में शामिल होकर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की, साथ ही महानदी के संगम स्थल के विहंगम दृश्य को भी देखा, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव के जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ में आगमन पर उनके साथ प्रमुख रूप से अकलतरा के विधायक, भाजपा के दुर्ग संभाग प्रभारी तथा प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य सौरभ सिंह, भाजपा जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, पामगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश कर्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी संतोषी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता गुलाब सिंह चंदेल, शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष संजीव सिंह बंजारे, जिला भाजपा मंत्री धीरेंद्र नाथ योगी, सौरभ दुबे, सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडलों के पदाधिकारी कार्यकर्ता जन प्रतिनिधि मौजूद रहे,इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि नवरात्रि की इस पावन बेला पर वे पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश वासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

# नंदौर कला में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में शामिल हुए अध्यक्ष नरेश गेवाड़ीन

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विकासखंड के ग्राम नन्दौर कला में 5 अक्टूबर को विजयादशमी महोत्सव के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, इस आयोजन में नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता नरेश वे गेवाडिन सहित क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए, इस अवसर पर 40 फुट ऊंचे रावण के दहन कार्यक्रम में जहां सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे तो वहीं पूरे रावण दहन स्थल पर मेले के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीन ने कहा कि विजयादशमी महोत्सव की आप सभी को मैं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं,साथ ही दशहरे का यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत एवं बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है, एवं भगवान रामचंद्र ने लंका नरेश रावण का दहन किया था, एवं आज रावण दहन का यह कार्यत्र्क्रम पूरे देश भर में किया जा रहा है, एवं हमारे शक्ति जिले के भी विभिन्न स्थानों पर इस कार्यक्रम का भव्य रुप से आयोजन हो रहा है,तथा हम सभी आज के इस दिन से सदैव क्षेत्र, प्रदेश तथा राष्ट्र की सेवा का संकल्प लेते हुए अपना कार्य करें, एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश ने कहा कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र में भी यहां के लोकप्रिय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में अध्यक्ष के रूप में आसीन डॉक्टर चरणदास महंत भी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं, एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने भी पूरे राज्य सहित शक्ति क्षेत्र में भी विकास के कार्यों को एक नई गति प्रदान की है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों को दशहरे पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की तथा अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना भी की गई।

# शासकीय भूमि में कूट रचना एवं दस्तावेजों में छेड़छाड़ में कलेक्टर ने किया पटवारी को निलंबित

पायनियर संवाददाता ‹ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जारी आदेश क्रमांक /// रीडर / अ.अ.वि.अ./2022 जांजगीर, दिनांक 06.10.2022 के तहत तहसील कार्यालय अकलतरा अंतर्गत प.ह.नं. 17 मुख्यालय पकरिया लटिया पटवारी कमलकांत महतो तहसील कार्यालय अकलतरा के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा0 ) पामगढ़ जिला - जांजगीर-चांपा (छ0ग0) से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय भूमि में कूटरचना तथा शासकीय रिकार्ड से खिलवाड़ प्रथम दृष्टया परीलक्षित होने के कारण कमलकांत महतो पटवारी प.ह.नं. 17 मुख्यालय पकरिया लटिया तहसील अकलतरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है,एवम निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसील कार्यालय अकलतरा नियत किया कर, निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होने की बात कही गई है।

## चोर पहुंचा चंद घंटों में ही पुलिस हिरासत में

**सक्ती।** मोटर साइकल चोर को चंद घण्टे मे गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा मे,सक्ती जिले के अंतर्गत थाना मलखरौदा की कार्यवाही हुई है, मामले का संक्षिप्त इस प्रकार है प्रार्थी खोलबहरा पिता छेडूराम चंद्रा साकिन नवागाँव का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की रात्रि 07-08:00 अपने मोटर सायकल एच.एफ डिलक्स की 25,000रुपये को घर के बाहर गली मे रखकर नवरात्रि में जसगीत गाने गया था।


# आम आदमी पार्टी का सदस्य अभियान जोरों पर

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



आम आदमी पार्टी के ईश्वर साहू अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ जैजैपुर विधानसभा एवम रामलाल कर्ष की उपस्थिति में आम आदमी पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर सामाजिक कार्यकर्ता दो बार के सरपंच एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी स्वाभिमान पार्टी रामसाय कश्यप ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली एवं आम आदमी पार्टी के विचारधारा एवं दिल्ली, पंजाब मॉडल को गांव-गांव एव जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया इससे पूरे जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में है आम आदमी पार्टी का सदस्यता अभियान जोरों पर चल रहा है आने वाले विधानसभा को देखते हुए आम आदमी पार्टी भी सतर्क हो गया है

## पुलिस अधीक्षक ने दशहरा पर्व पर की शस्त्र पूजा



**सक्ती।** दशहरा पर्व, विजय दशमी के अवसर पर थाना सक्ती में पुलिस अधीक्षक एम. आर. आहिरे की उपस्थिति में शस्त्र पूजा सम्पन्न हुई, जिसमे मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता, एस. डी. ओ. पी. मोहम्मद तसलीम आरिफ, टी. आई. कमल किशोर महतो एवं समस्त थाना स्टाफ़ उपस्थित रहे। शस्त्र पूजा के बाद के पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त स्टाफ़ को दशहरा पर्व की बधाई दी गई, साथ ही कर्मचारियों के समस्याओं को सुनकर निराकरण करने आश्वासन दिया गया।

# आतिश बाजी से छाया रावण दहन तो दूसरी और विशाल दशहरागढ़

पायनियर संवाददाता ‹ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर में इस बार रावण दहन का कार्य कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन के नेतृत्व में किया गया द्य जहां पर जैजैपुर स्टेडियम के अंदर इस साल रावण बनाया गया द्य जहां पर ढोल ,बाजे कर्मा नृत्य के साथ अनेकों प्रकार की झांकियां जमकर आतिश बाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया द्य यह कार्यक्रम मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एवं नगर पंचायत जैजैपुर ने आयोजन किया था द्य इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, नरेंद्र प्रजापति पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, अमृतलाल साहू पार्षद, सुरेश साहू सुमित अग्रवाल , गोपी सिंह ठाकुर भाजपा जिला मंत्री, मोहन कुमारी साहू के साथ में अनेकों गणमान्य लोग दिखाई दिए द्य यहां पर रावण दहन के पश्चात छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकार चांदनी पारेख का कार्यक्रम देर रात में प्रारंभ किया जहां पर क्षेत्र के लोग भारी संख्या में रावण दहन एवं चांदनी पारेख का कार्यक्रम देखने के लिए भीड़ उमड पडे मौसम भी करवटें बदलते रहे लेकिन मौसम ने खुलकर साथ दिया द्य जिसकी वजह से रावण दहन एवं चांदनी पारेख का कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ एक ओर दशहरागढ़ रहा तो दूसरी और स्टेडियम मे नगर पंचायत का विशाल रावण द्य इस तरह से देखा जाए तो रात भर कार्यक्रम में भीड़ दिखाई दी यह भीड 2 वर्ष कोविड-19 के कार्यकाल के बाद हजारों की संख्या में जयजयपुर का स्टेडियम रावण दहन को देखने के लिए एकत्रित हुए थे यदि चांदनी पारेख का कार्यक्रम रावण दहन के तुरंत बाद होता तो स्टेडियम मैं लोगों के लिए जगह नहीं होता लेकिन कार्यक्रम करने वाले हमेशा लेट लतीफ में कार्यक्रम का संचालन करते हैं।

# नेशनल हाईवे में सकरेली के रुके पड़े रेलवे ओवरब्रिज का काम कलेक्टर की पहल पर हुआ प्रारंभ

## 2023 तक ब्रिज का कार्य पूर्ण कर लेने के लिए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति जिले की नव पदस्थ कलेक्टर आईएएस नूपुर रात्रि पन्ना ने शक्ति जिले के आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल करते हुए नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय से महज कुछ ही दूरी पर स्थित सकरेली रेलवे फाटक जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित है तथा यहां नेशनल हाईवे द्वारा नया ओवर ब्रिज वर्षों पूर्व 2016 से प्रारंभ हुआ है, किंतु रेलवे की तकनीकी कारणों के चलते एवं ड्राइंग डिजाइन फाइनल ना हो पाने के कारण यह ओवरब्रिज नहीं बन पा रहा था, तथा सकरेली रेलवे फाटक जो कि विगत कई वर्षों से आवागमन के नाम पर लोगों का बड़ा सिरदर्द बना हुआ है, तथा यहां प्रतिदिन लंबे जाम लगने के कारण सैकड़ों गाड़ियां फाटक के दोनों और फंसी रहती हैं,तो वही छोटे-बड़े वाहन चालकों को इस फाटक को पार करना ही बहुत चुनोति भरा होता है, तथा कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने रेलवे के उच्चाधिकारियों के साथ प्रस्तावित ओवर ब्रिज स्थल का निरीक्षण कर इसे 2023 तक पूर्ण कर लेने के सख्त निर्देश दिए हैं, वहीं यह ब्रिज बन जाने से लोगों को रेलवे फाटक की समस्या से निजात मिल सकेगा तो वहीं आम आदमी को भी इस नेशनल हाईवे पर आवागमन करने में दिक्कत नहीं होगी, उल्लेखित हो की शक्ति जिले की नव पदस्थ कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने अपने ओएसडी के रूप में विगत महीनों पदभार ग्रहण करने के बाद से ही नवीन शक्ति जिले की आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में पहल प्रारंभ की थी,तथा अब कलेक्टर मैडम की यह पहल क्षेत्रवासियों को एक बड़ी समस्या से निजात दिला पाएगी।

# नवीन जिला सक्ती के प्रथम जिलाध्यक्ष बने पूर्व विधायक डॉ.खिलावन साहू

## पूर्व विधायक एवं जांजगीर-चांपा जिला साहू संघ के भी अध्यक्ष रह चुके हैं डॉक्टर खिलावन साहू

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने नवीन जिला सक्ती के लिए सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक व अविभाजित साहू संघ जिला जांजगीर चांपा के प्रथम एवं वर्तमान में कार्यरत रहे डॉ. खिलावन साहू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है,डॉ.खिलावन साहू के सामाजिक, राजनैतिक जीवन की शुरुआत एक पंच के रूप में हुई और 1999 में छत्तीसगढ़ के उस समय के सबसे बड़े परिक्षेत्र सरहर केंद्राध्यक्ष निर्वाचित हुए,फिर सक्ती तहसील अध्यक्ष बने,2004 में जिला साहू समाज जांजगीर चांपा के अध्यक्ष निर्वाचित होकर 2015 तक लगातार 11 वर्षो का कार्यकाल रहा,विधायक बनने से सामाजिक चुनावी गतिविधियों से दूर रहकर समाज सेवा में लगे रहे , 17 जनवरी 2021 को पुनः जिला साहू संघ जांजगीर चांपा के पदाधिकारियों ने भारी बहुमत से डॉ. साहू को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया।अपने कार्यकाल में बहुत सारे विकास कार्य सामाजिक दृष्टिकोण से डॉ. साहू ने किए,डॉ साहू की सामाजिक सक्रियता एवं विकास कार्यों को देखते हुए सक्ती के नया राजस्व जिला बनने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ ने डॉ. खिलावन साहू को नवीन जिलाध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी फिर से दी है जिससे समाजिक पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है, उल्लेखित हो कि शक्ति विधानसभा के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू अपने राजनैतिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी पूरी सक्रियता के साथ भागीदारी करते हैं, वे विगत एक दशक से निरंतर जहां क्षेत्रीय, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक की सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रुप से पहुंचकर भाग लेते हैं, तो वहीं जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष रहते हुए भी इनके कुशल नेतृत्व में विभिन्न सकारात्मक कार्यों को भी गति मिली, तथा जिला साहू संघ ने समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने की दिशा में भी काफी पहल की है,एवं अब शक्ति जिले के अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर खिलावन साहू के अनुभव एवं सक्रियता का लाभ साहू समाज को मिलेगा।

## 3 आयु वर्ग में 6 स्तर पर होगा छत्तीसगगढ़िया ओलंपिक

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शक्ति में कलेक्टर की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

- 6 से 11 अक्टूबर तक शक्ति जिले में 14 पारंपरिक खेलों की होगी विभिन्न स्पर्धाए

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में वर्तमान कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक सकारात्मक पहल करते हुए विजयादशमी पर्व के ठीक दूसरे दिन पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ किया है, प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जहां छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बुढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इनडोर स्टेडियम से इस ओलंपिक खेल का शुभारंभ किया तो वहीं इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा एवं खेल मंत्री उमेश पटेल भी मौजूद रहे तथा प्रदेश के 33 वे राजस्व नवीन शक्ति जिले में भी शहर के शासकीय कसेरपारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ हुआ,इस अवसर पर सक्ती जिले की कलेक्टर आईएएस नूपुर राशि पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी बी एल खरे, नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना, मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिथिलेश कुमार अवस्थी, गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी, प्रशासनिक एवं पुलिस के भी अधिकारी मौजूद रहे तथा नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ आज से हो रहा है, एवं हमारे शक्ति जिले के भी इस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मैं शुभकामनाएं देती हूं, तथा इस आयोजन को हम सभी को पूरे उत्साह के साथ संपन्न कराना है,एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुरानी खेलों की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में यह आयोजन प्रारंभ हुए हैं तथा ज्ञात हो कि शक्ति जिले में भी प्रारंभ हुई छत्तीसगढ़िया ओलंपिक विभिन्न स्तर पर आयोजित की जाएगी तथा इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक नगरीय निकायों और पंचायतों में गठित राजीव युवा मितान को दिया गया है, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 14 खेल प्रमुख रूप से गिल्ली डंडा, लंगड़ी दौड़, पित्थुल, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी,बांटी कंचा,100 मीटर दौड़, लंबी कूद, सहित प्रमुख खेल शामिल हैं, तथा इसमें 3 आयु वर्ग में खिलाड़ी शामिल होंगे, जिसमें 18 वर्ष की आयु तक, 18 से 40 वर्ष की आयु तक एवं 40 वर्ष से अधिक की आयु तक महिला एवं पुरुष दोनों ही इन प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे, साथ ही इस छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन अनेको स्तर पर होगा जिसमें क्लब स्तर का 6 से 11 अक्टूबर, जोन स्तर का 15 से 20 अक्टूबर, विकासखंड स्तर का 27 अक्टूबर से 10 नवंबर, जिला स्तर का 17 से 26 नवंबर,संभागीय स्तर का 5 दिसंबर से 14 दिसंबर एवं राज्य स्तर पर अंतिम चरण 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक होग।

## पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष के नेतृत्व में साहू संघ ने की गृह मंत्री से मुलाकात



**पंडरिया।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू के नेतृत्व में तहसील साहू संघ पंडरिया के प्रतिनिधि मंडल ने राजधानी के सरकारी निवास पर गृहमंत्री ताम्रतध्वज साहू से की मुलाकात तहसील साहू संघ पंडरिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण में बतौर मुख्यातिथि आमंत्रण को लेकर मुलाकात हुई वही सामाजिक विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई वही गृहमंत्री ताम्रतध्वज साहू ने शपथ ग्रहण में आने की आश्वासन दी इस अवसर पर थानेश्वर साहू के साथ साहू संघ के प्रदेश महामंत्री विष्णु साहू प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम साहू जिला उपाध्यक्ष जल्लु साहू तहसील अध्यक्ष गजपाल साहू तहसील महामंत्री महेश्वर साहू सरपंच कुंडा व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पंडरिया योगेंद्र साहू मंडल अध्यक्ष साहू संघ पंडरिया संदीप साहू मिडिया प्रभारी मनमोहन साहू उपस्थित रहे शपथ ग्रहण कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी को लेकर तहसील साहू संघ पंडरिया ने तिब्र गति से कार्य करना शुरू कर दिया शपथ ग्रहण 9 अक्टूबर के बाद संभावित है।

## साधु संत के वेश भूषा में बच्चा चोर गिरोह सक्रिय, पुलिस प्रशासन को दे रहे चकमा

**डौंडी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिला में इन दिनों बच्चा चोरी की खूब चर्चा हो रही है लेकिन चौकाने वाली बात बालोद जिला के गुरुर थाना पुलिस द्वारा शाधु संत वेशभूषा में पकड़ाये यूपी के दो व्यक्तियों की सपडं में आ जाने से समस्त छत्तीसगढ़ निवासियों के मध्य सहसा भयभीत हो गए है। कारण साफ है कि ये बंदे नन्हे मुन्हे बच्चो को अपनी ओर आकर्षित कर चोरी छिपे उन्हें कहा ले जाना चाहते है , या उनका असली उद्देश्य क्या है यह खुलेरूप से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। लेकिन आम जनों के मध्य यह चर्चा हो रहा कि ये बच्चों को ले जाने में कामयाब होकर उनका किडनी निकाल लेते है, हालांकि इस बात की पुष्टि पायनियर न्यूज नही करता है। ऐसा नही कि इससे पूर्व छत्तीसगढ़ में शाधु संत आकर भिक्षा नही मांगते थे परंतु बच्चा चोरी की घटना सुनाई में नहीं आ रही थी पर कुछ दिनों पहले बालोद जिला के गुरुर थाना क्षेत्र की घटना व हाल ही दुर्ग सिटी में राजस्थान से आये तीन साधु संतों की बच्चा चोरी के शंका में जमकर पिटाई की गई जिन्हें पुलिस प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप कर उक्त साधु संतों को गिरफ्त में लिया गया। अब बालोद जिला आदिवासी विकासखंड मुख्यालय डौंडी के वार्ड क्रमांक 9 बंधियापारा में कल एक महिला को जमकर पीटा गया बताया जा रहा कि वह एक बच्चे को चॉकलेट का लालच देकर बच्चे का अपरहण करने की कोशिश की जा रही थी। इस संदर्भ में जब डौंडी पुलिस से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि उक्त महिला मेंटल है वह किसी भी बस में चढ़कर कहि भी आती जाती रहती है। गौर करने वाली बात ये है कि छत्तीसगढ़ के गुरुर व दुर्ग पर घठित घटना किस ओर इशारा कर रहा है कि शांत छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह साधु संत अपनी आईडी प्रूफ ना रखकर बच्चा चोरी के आरोप में जमकर मारपीट खा रहे है। बड़ा सवाल यह कि ये संबंधित थानों में मुसाफिरी लिखा रहे अथवा नही। यदि ये मुसाफिरी लिखा रहे है तो बच्चा चोरी का आरोप इनके ऊपर क्यों लगता जा रहा है। सवाल यह भी की डौंडी नगर में गत दिनों एक बाहरी व्यक्ति साधु संत की परिवेश में किसी भी दुकानदारों से बगैर भिक्षा मांगे घूम रहा था, यह सोचनीय तथ्य है । जिसका निराकरण अतिआवश्यक बताया जा रहा है।

## महामाया मन्दिर के मैदान में दशहरा मनाने सपरिवार सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री भूपेश



**कुम्हारी।** विजयादशमी के पावन अवसर पर सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति कुम्हारी द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी मां महामाया मंदिर के मैदान में विजयादशमी पर्व पर मेला आयोजित किया गया । रावण दहन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सपरिवार सम्मिलित होकर नगरवासियों को हार्दिक शुभ कामनाएं मंच से प्रेषित किया । उन्होंने उपस्थित आयोजक समिति व रामायण मंडली सहित हजारों की संख्या में पहुँचे दर्शकों का अभिवादन करते हुए विजयदशमी की सभी को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि इस शारदीय नवरात्रि में नौ दिनों का लोगों द्वारा मां की उपासना कर जोत ज्वारा विसर्जन के बाद विजयदशमी का पर्व मनाया जा रहा है। आज के दिन अहंकार रूपी रावण का वध मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम द्वारा किया गया था । आज का दिन असत्य पर सत्य की जीत, बुराइयों पर अच्छाई की जीत का प्रतीक व अन्याय पर न्याय की विजय के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व से हमें प्रेरणा लेकर संकल्पित होकर सत्य धर्म न्याय के मार्ग का अनुसरण करना चाहिए इससे स्वयं का परिवार का और प्रदेश का उत्थान होगा। उन्होंने विजया दशमी पर्व के अवसर पर प्रदेश के लोगों के खुशहाल जीवन की कामना की । समिति द्वारा 50 फिट का रावण जलाया गया वहीं आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के कारीगरों द्वारा बनाये गए आतिशबाजी से लोगों का मनोरंजन कराया गया जिससे शाम होते ही रंग बिरंगे फटाकों से आकाश जगमगा उठा।

# छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक खेल के साथ जिले में 'छत्तीसगढ़िया ओलंपिक' का हुआ आगाज

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ी पारंपरिक लोक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, लंगड़ी दौड़, बांटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा सहित 14 तरह के खेल के साथ आज जिले में 'छत्तीसगढ़िया ओलंपिक' का शुभारंभ हुआ। जिले में शहर से लेकर गांव तक महिला, पुरूष, बुजुर्ग सहित बच्चों ने इस पारंपरिक लोक खेल में भाग लिया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री भूपेश ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की आज शुरूआत की। छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता और विशिष्ट पहचान यहां की ग्रामीण परंपराओं और रीति रीवाजों से है। इसमें पारंपरिक खेलों का विशेष महत्व है। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के इन खेलों को लोग भूलते जा रहे थे। खेलों को चिरस्थायी रखने, आने वाली पीढ़ी से इनको अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक खेलों की शुरूआत की गई है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पटेल मैदान में आयोजित राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर 'छत्तीसगढ़िया ओलंपिक' का शुभारंभ किया। इस दौरान कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संघ, राजीव युवा मितान क्लब ने गिल्ली डंडा खेल और समूह की महिलाओं ने फुगड़ी रस्सा कसी खेल में हिस्सा लिया। कलेक्टर महोबे ने संबोधित करते हुए कहा कि परंपरागत रूप से बहुत समय से खेलते आ रहे खेल को शासन द्वारा वैश्विक पहचान दिलाया जा रहा है। हम सभी को इसमें अधिक से अधिक हिस्सा लेना चाहिए। यहां के सभी लोग इस कार्यक्रम के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल को खेल तक न रखते हुए हमारी संस्कृति को आत्मसात करने का साधन बनाएं और आगे बढ़े। छत्तीसगढ़ लोक संस्कृति, लोक परंपरा सदियों से चली आ रही है जिसे आगे बढ़ाया गया है, उसी प्रकार हमारी खेल संस्कृति को भी बहुत आगे तक ले जाना है। इससे ना केवल हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा बल्कि हमारा रुझान अपनी संस्कृति और खेल के प्रति बढ़ेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप छत्तीसगढ़ी परंपरा का निर्माण बहुत अच्छे ढंग से करना है। इसी परिपेक्ष में आज छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ पूरे प्रदेश में एक साथ किया गया। छत्तीसगढ़ी खेल हम बचपन से खेलते आ रहे हैं। इन खेलों को हम भूल गए थे, इसे हमारे मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पुनर्जीवित किया और हमें लोक परंपरा और छत्तीसगढ़ी खेल की तरफ जोड़ने का प्रयास किया और इससे हम फिर से जुड़ने जा रहे हैं। राजीव युवा क्लब के माध्यम से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक को पूर्ण करने जा रहे हैं जिसके माध्यम से अपनी संस्कृति और छत्तीसगढ़िया परंपरा, अपनी पहचान को परिलक्षित कर सकेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, नगर पालिका सीएमओ नरेंद्र वर्मा, पार्षद अशोक सिंह, जिला खेल अधिकारी श्रीमती आरती पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

**'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' का हुआ आयोजन**

जिले में गांव से लेकर शहर तक'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' का आयोजन किया गया। जिसमे महिला, पुरूष, बुजुर्ग सहित बच्चों ने इस पारंपरिक लोक खेल में भाग लिया। 'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' गांव से लेकर राज्य स्तर तक आज 6 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 6 जनवरी 2023 तक चलेगा।

**दो श्रेणी में 14 तरह के खेले होंगे**

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय एवं एकल श्रेणी में होगी। छत्तीसगढ़ ओलम्पिक 2022-23 में 14 प्रकार के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इसमें दलीय श्रेणी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसे खेल शामिल किए गए हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ और लम्बी कूद शामिल है।

**गांव से लेकर राज्य तक छह स्तरों पर आयोजन**

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में छह स्तर निर्धारित किए गए हैं। इन स्तरों के अनुसार ही खेल प्रतियोगिता के चरण होंगे। इसमें गांव में सबसे पहला स्तर राजीव युवा मितान क्लब का होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। फिर विकासखंड/नगरीय क्लस्टर स्तर, जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गो में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक फिर 18-40 वर्ष आयु सीमा तक, वहीं तीसरा वर्ग 40 वर्ष से अधिक उम्र के लिए है। छत्तीसगढ़ के ये पारम्परिक खेल न केवल ऋतुओं पर आधारित होते है, बल्कि कई बार अपने साथ-साथ लोकसंगीत और लोकगायन को भी लिए होते हैं, जिसके कारण ये खेल अपार रोचकता के साथ तेज गति, तेज दृष्टि, संतुलन, स्फूर्ति को ब?ाते हुए शारीरिक और मानसिक मनोरंजन देते हैं। ये खेल इतने अधिक रोचक होते हैं कि गांवों के बच्चे अपने सारे सुख-दुख, गम शिकवे भूल कर इन खेलों के अभूतपूर्व आनंद की अनुभूति लेते हैं। तेजी से लुप्त होते जा रहे ऐसे खेल और बच्चों की मासूमियत एक बार फिर से लोक खेलों के माध्यम से वापस लौटाई जा सकती है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए 'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' की शुरूआत की गई है, इससे खेलों के प्रति एक उत्साह का वातावरण बनेगा।

# छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को दिया जा रहा है बढ़ावा: यूडी मिंज

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर
www.dailypioneer.com



तीज त्यौहार, लोक संस्कृति, लोक कला को बढ़ावा देने के बाद अब छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को भी वैश्विक पहचान दिलाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत हो चुकी है। कुनकुरी में संसदीय सचिव यू. डी मिंज ने आज मिनी स्टेडियम कुनकुरी में इसकी शुरूआत की। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरूआत के इस अवसर पर संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति व सभ्यता और विशिष्ट पहचान यहां की ग्रामीण परंपराओं और रीति रीवाजों से है। इसमें पारंपरिक खेलों का विशेष महत्व है। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ के इन खेलों को लोग भूलते जा रहे थे। खेलों को चिरस्थायी रखने, आने वाली पीढ़ी से इनको अवगत कराने के लिए छत्तीसगढ़ियां ओलंपिक खेलों की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ के ये खेल मनोरंजक होने के साथ साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन खेलों से बच्चे, बुजुर्ग व युवा सभी व्यायाम आदि शारीरिक गतिविधियों से जुड़ते हैं। संसदीय सचिव यू. डी मिंज ने कहा हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सोच है कि छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास अभी तक किसी ने नहीं किया। पहली बार यह प्रयास मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ी भाषा, खानपान, लोक कला, संस्कृति, खेलकूद को बढ़ावा देने और उसे छत्तीसगढ़ के बाहर भी पहचान दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरुआत में आज कुनकुरी में ग्रामीण महिलाओं ने रस्साकस्सी में अपना दम दिखाया. ग्रामीण महिलाओं जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक थी की टीम ने जनपद अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष अंजना मिंज की टीम को रस्साकस्सी में पछाड़ दिया, वहीँ आज इस खेल में संसदीय सचिव यू डी मिंज ने भी फिटुल खेलकर अपना भाग्य आजमाया. आज इस आयोजन में महिलाओं और बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आज इस आयोजन में सभी बच्चे बने नजर आ रहे थे. छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के शुभारंभ अवसर पर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण खिलाड़ी और गणमान्य नागरिक और बच्चे भी उपस्थित थे।

## एटी ज्वेलर्स की उपहार योजना गोल्डन सेलिब्रेशन पहला ड्रा निकला, निर्मला अग्रवाल ने जीती कार



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अनोपचंद तिलोकचंद एटी ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड (एटी) की सबसे बड़ी उपहार योजना एटी गोल्डन सेलिब्रेशन का पहला ड्रॉ बुधवार को विजयदशमी पर कोतवाली चौक स्थित एटी पैलेस में निकाला गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर एजाज ढेबर ने ड्रॉ निकालकर विजेताओं के नाम घोषित किए द्य उपहार योजना के तहत 1 कार, 6 टू व्हीलर, 6 वॉशिंग मशीन और अन्य आकर्षक उपहार के ड्रॉ निकाले गए द्य इस उपहार योजना में कार की विजेता रही निर्मला अग्रवाल (कूपन नंबर 002130)। उपहार योजना से जुड़ी जानकारी एटी के वेबसाइट पर ली जा सकती है द्य कार्यक्रम में एटी के संचालक तिलोकचंद बरडिया, नितिन बरडिया, निकेश बरडिया, सौरभ बरडिया सहित बरडिया, परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर तिलोकचंद बरडिया ने कहा कि उपहारयोजना के माध्यम से आभूषण खरीदारों को उनकी पसंद की सही चीज के साथ साथ अतिरिक्त लाभ प्रदान करना है। उपहार योजना एटी गोल्डन सेलिब्रेशन में शामिल होकर आभूषण खरीदार आकर्षक और बड़े उपहारों के हकदार हो सकते हैं द्य उपहार योजना में 11 कार, 65 टू व्हीलर, 65 वाशिंग मशीन और 1957 अट्रैक्टिव गिफ्ट्स है द्य एटी ज्वेलर्स के किसी भी शोरूम से हर दस हजार रुपए की खरीदारी पर उपहार योजना में शामिल हुआ जा सकता हैं और इसका बंपर ड्रॉ 14 जनवरी, 2023 को निकाला जाएगा द्य दिवाली तक वीकली ड्रॉ निकाले जाएंगे द्य पहला ड्रॉ आज निकाला गया है और अब अगला ड्रॉ 12 अक्टूबर को पंडरी शोरूम और 19 अक्टूबर को सदर बाजार के शोरूम में निकाला जाएगा।

## सीएसईबी की टीम पहुंची बगीचा, 11 लाख बकायादार 15 लोगों की काटी गई बिजली



पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बिजली विभाग की ओर से बिल कायादारों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को बगीचा में अभियान छेड़कर 15 बड़े बकायादारों की बिजली काट दी गई जिनपर विभाग का 11 लाख रुपए बकाया है।

इस संबंध में जशपुर के सहायक यंत्री संजय भगत ने बताया कि सोमवार को जशपुर, बगीचा और कुनकुरी के सहायक यंत्री और कनिष्ठ यंत्री की टीम बगीचा में थी और 15 बकायादारों के लाइन का विच्छेदन किया गया है। उन्होंने कहा, यह अभियान जिलेभर में चलेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिल समय पर चुकाने की अपील की है।

## एसपी लाल उमेद सिंह ने विजयदशमी पर रक्षित केंद्र के शस्त्रागार में की पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के न्यू पुलिस लाइन रक्षित केंद्र में विजयदशमी पर्व के शुभ अवसर पर शस्त्रागार कवर्धा में प्रातः 10.30 बजे पूरे विधि- वधान से अस्त्र शस्त्रों की पूजा अर्चना पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया। शस्त्र पूजा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मोनिका सिंह परिहार, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल कौशल किशोर वासनिक, उप. पुलिस अधीक्षक जय सिंह मरावी, उप. पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं रक्षित केंद्र के समस्त अधिकारी कर्मचारी शस्त्र पूजा में सम्मिलित होकर किसी भी निर्दोष पर शस्त्र का कभी भी उपयोग न करने तथा असहाय आम जनों की हर संभव मदद कर उनकी रक्षा करने, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने तथा अपराधियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कर सलाखों के भीतर पहुंचा कर जिले को अपराध मुक्त बनाने का संकल्प कबीरधाम पुलिस के द्वारा लिया गया, साथ ही जिले में शांति व्यवस्था, आपसी भाईचारा बना रहे के लिए शांति हवन कर जिले वासियों के खुशहाली की कामना करते हुए विजयदशमी की समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं जिले वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित स्टाफ को प्रसाद का वितरण किया गया, तथा पूजित शस्त्रों से पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप. पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारी व रक्षित निरीक्षक के द्वारा हर्ष फायर भी किया गया साथ ही जिले के समस्त थाना एवं चौकी में भी पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम थाना परिसर के शस्त्रागार में आयोजित किया गया है।

# विजयादशमी पर्व पर रक्षित केन्द्र में मां दुर्गा एवं शस्त्र पूजा के साथ पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





विजयादशमी के पावन पर्व पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के द्वारा शाक्ति स्वरूपा मां दुर्गा एवं शस्त्र की पूजा की गई । इस अवसर पर उन्होने उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयदशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, सउनि (अ) प्रदीप देशमुख, सउनि दीनानाथ सिन्हा, दिलीप सिंह, आनंदी राम, प्रधान आरक्षक अनुपम शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, राजेन्द्र बघेल, सतीश श्रीवास्तव, राजेश राजपूत, जगदीश कोसरिया, नंदलाल चतुर्वेदी, खिलेन्द्र साहू, खुबचंद बघेल, पन्ना लाल सिन्हा एवं आरक्षक तारनदास घितोडे, मुकेश यादव, जय गुप्ता, श्रवण चंद्राकर, राकेश मेरावी, संजीव साहू, द्वारिका साहू, धर्मेन्द्र साहू, जगन्नाथ साहू, पाचीलाल साहू, अविनाश राजपूत, आमिर हुसैन, पीलाराम साहू एवं रक्षित केन्द्र के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। तथा समस्त थाना चौकी प्रभारियों के द्वारा भी अपने-अपने थाना चौकी में शाक्ति स्वरूपा मां दुर्गा एवं शस्त्र की पूजा की गई।

**रक्षित केन्द्र पुलिस परेड ग्राउंड परिसर में पौधारोपण**

विजयादशमी के पावन पर्व पर रक्षित केंद्र बेमेतरा पुलिस ग्राउंड परिसर में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के द्वारा वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण जैसे पुनित कर्तव्यों का निर्वहन किये। और उन्होनो बताया कि वृक्षों से मानव को अनेक लाभ है पर्यावरण के संरक्षण के लिए आज के समय में पौधारोपण आवश्यक हो गया है सूर्य के प्रकाश में वृक्ष ऑक्सीजन का उत्सर्जन तथा कार्बन डाइऑक्साइड शोषित करते हैं जिसके फलस्वरूप वातावरण में इसका संतुलन बना रहता है इससे वातावरण की शुद्धि होती है वृक्षों से तापमान का नियंत्रण होता है तथा वृक्षारोपण का कार्य पुण्यकार्यो में सबसे श्रेष्ठ कार्य पौधा रोपण ही है। इस अवसर पर डीएसपी राजेश कुमार झा, रक्षित निरीक्षक मुकेश जोशी, थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, सउनि (अ) प्रदीप देशमुख, सउनि दीनानाथ सिन्हा, दिलीप सिंह, आनंदी राम, प्रधान आरक्षक अनुपम शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, राजेन्द्र बघेल, सतीश श्रीवास्तव, राजेश राजपूत, जगदीश कोसरिया, नंदलाल चतुर्वेदी, खिलेन्द्र साहू, खुबचंद बघेल, पन्ना लाल सिन्हा एवं आरक्षक तारनदास घितोडे, मुकेश यादव, जय गुप्ता, श्रवण चंद्राकर, राकेश मेरावी, संजीव साहू, द्वारिका साहू, धर्मेन्द्र साहू, जगन्नाथ साहू, पाचीलाल साहू, अविनाश राजपूत, आमिर हुसैन, पीलाराम साहू एवं रक्षित केन्द्र के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.**
**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी)**

क्रमांक/कार्या./कार्य.अभि./सामा./3927 कसडोल, दिनांक :- 06/10/2022

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.क्रं.लिमि. कसडोल के अंतर्गत समस्त सम्माननीय उच्चदाव एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व रख रखाव एवं आवश्यक सुधार कार्य हेतु नीचे लिखें विवरणानुसार, संभाग अंतर्गत स्थापित समस्त 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों एवं फीडरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक बंद रहेगी, समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है:-

| क्र. | दिन एवं दिनांक | प्रस्तावित फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | शनिवार एवं 08.10.2022 | 11 के.व्ही. कसडोल-1 | कसडोल उपकेन्द्र से सिरपुर रोड, यूको बैंक, पारस नगर सेक्टर-1 एवं पारस नगर सेक्टर-2 |
| 2. | सोमवार एवं 10.10.2022 | 11 के.व्ही. कसडोल-2 | कसडोल उपकेन्द्र से गुरूघासीदास चौक, अभिषेक लॉज, गुलाब बिहार कालोनी, दर्रा, खर्वे एवं चांटीपाली |
| 3. | मंगलवार एवं 11.10.2022 | 33 के.व्ही. ठाकुरदिया | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र ठाकुरदिया एवं अर्जुनी से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम |
| 4. | बुधवार एवं 12.10.2022 | 11 के.व्ही. कसडोल-3 | कसडोल उपकेन्द्र से रिंग रोड, जी.ए.डी. क्वाटर, हड़हापारा एवं बलार रोड |
| 5. | शनिवार एवं 15.10.2022 | 33 के.व्ही. कसडोल | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र कसडोल, ठाकुरदिया एवं अर्जुनी से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम |
| 5. | मंगलवार एवं 18.10.2022 | 33 के.व्ही. अर्जुनी | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अर्जुनी से निकलने वाली समस्त 11 के.व्ही. फीडर के अंतर्गत आने वाली समस्त ग्राम |

(एस.एस.पाण्डव 4450861)
कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि.कसडोल

''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें''

# एबीस ने लगाया चूना : 20 सालों में शासन को हुआ करोड़ों के राजस्व का नुकसान, प्रशासन ने कसा कार्रवाई का शिकंजा

- पोल्ट्री फार्म व्यवसाय के संचालन में प्रशासन ने पकड़ी बड़ी खामियां, नोटिस थमाई
- डोंगरगांव अनुविभागीय क्षेत्र में ही प्रति वर्ष 50 लाख के राजस्व की क्षति हो रही

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एबीस कॉर्पोरेशन और प्रशासन आमने-सामने आ गए हैं। मामला शासन को दशकों से प्रति वर्ष लाखों की राजस्व की क्षति का है। दरअसल, एबीस कार्पोरेशन के जिले भर में कई पोल्ट्री फॉर्म्स हैं। प्रशासन ने अब इनके संचालन को राडार पर लिया है। डोंगरगांव अनुविभागीय क्षेत्र में संचालित पोल्ट्री फॉर्म्स के बगैर डायर्वसन और लगान जमा किए बिना संचालन पर एसडीएम सुनील नायक ने नोटिस जारी किया है।

प्रशासन का आंकलन है कि, एबीस पोल्ट्री द्वारा डोंगरगांव अनुविभागीय क्षेत्र में जितने पोल्ट्री फॉर्म्स का संचालन किया जा रहा है उससे सालाना सरकार को 50 लाख रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। लगभग 20 सालों से यहां फॉर्म्स चल रहे हैं। बगैर डायर्वसन और लगान के यहां कुक्कुट पालन का व्यवसाय किया जा रहा है। इन मामलों को लेकर एबीस फॉर्म्स को नोटिस भी थमाई गई थी।

प्रबंधन द्वारा दायर किए गए जवाब को एसडीएम ने खारिज कर दिया है। उन्होंने अब दूसरी नोटिस जारी करते हुए राजस्व की मांग करते हुए डायर्वसन और लगान की प्रक्रिया पूरी करने का उल्लेख किया है। अकेले डोंगरगांव राजस्व क्षेत्र में शासन को प्रति वर्ष लाखों राजस्व के नुकसान का अनुमान है। अंदाजा ही लगाया जा सकता है कि राजनांदगांव जिले के अन्य राजस्व क्षेत्र सहित नए जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में संचालित पोल्ट्री फॉर्म को मिलाकर यह आंकड़ा कितना बड़ा होगा। सवाल यह भी है कि, क्या डोंगरगांव राजस्व क्षेत्र के बाहर अन्य हिस्सों में इस तरह की कार्रवाई की बीड़ा प्रशासन उठा पाएगा।

### जानकारी जुटाई फिर थमाई नोटिस

एसडीएम सुनील नायक ने जानकारी दी थी कि, एबीस कॉर्पोरेशन के पोल्ट्री फॉर्म्स की जानकारी तहसीलदार से तामिल की गई थी। इसमें डोंगरगांव अनुविभगीय राजस्व क्षेत्र के ग्राम महोल झोपड़ी, गोड़री, दीवान झिटिया, मचानपार और धौराभांठा में बगैर व्यवसायिक डायवर्सन के 20 सालों से पोल्ट्री फार्म के संचालन की जानकारी सामने आई। इसके बाद 15 सितंबर 2022 को को एबीस कॉर्पोरेशन को पहली नोटिस जारी की गई थी। इसमें उन्होंने पोल्ट्री में कुक्कुट पालन को बैंकिंग एक्ट के तहत कृषि करार देते हुए फार्म को वैध करार दिया था। इस जवाब में प्रस्तुत तथ्यों को विधि अनुकल न मानते हुए प्रशासन ने एबीस कॉर्पोरेशन को फार्म का डायवर्सन कराने और लगान जमा करने दूसरी नोटिस जारी की है।

### गंदगी फैल रही, इस पर भी कार्रवाई की तैयारी

एसडीएम सुनील नायक ने बताया कि, ग्राम पंचायत मचानपार में एबीस कॉर्पोरेशन द्वारा संचालित पोल्ट्री फार्म के अपशिष्ट सड़क किनारे शासकीय भूमि में फेंके जाने की शिकायत ग्रामीणों से मिली है। इससे आने वाली सड़ांध से आसपास के लोगों और राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ी है। इसे लेकर भी कॉर्पोरेशन को नोटिस जारी किया गया है। गौरतलब है कि, अधिकतर पोल्ट्री फॉर्म्स में इस तरह की शिकायतें आम हैं। जिले भर में फॉर्म के अपशिष्ट प्रबंधन के लिए उचित व्यवस्था नहीं है। संचालक और प्रबंधक इसे लेकर लापरवाह हैं और नियमों को ताक पर रखकर इसे खुले में ही सार्वजनिक स्थानों पर फेंक दिया जाता है। इससे आने वाली सड़ांध असहनीय है और संक्रामक रोगों का कारण भी बन सकती है।

### कस सकता है शिकंजा

डोंगरगांव अनुविभागीय क्षेत्र में एबीस के फॉर्म्स पर जारी कार्रवाई के बाद जिले भर में मौजूद एबीस सहित दूसरे पोल्ट्री फॉर्म्स भी प्रशासन के शिकंजे में आ सकते हैं। अकेले एबीस के ही सैकड़ा भर फॉर्म्स राजनांदगांव और नवगठित दो नए जिले के दायरे में है जो कि लगभग डेढ़-दो दशक से संचालित हैं। इनसे राजस्व की वसूली होने पर राशि करोड़ो की होगी। जो कि अब तक शासन-प्रशासन से छिपाई जाती रही है।

### विवादों में रहा है एबीस

उद्योगपति बहादुर अली द्वारा संचालित पोल्ट्री व्यवसाय पर पहली भी कई तरह के आरोप लगते रहे हैं और कई बार वाद-विवाद की स्थिति भी बनी है। लेकिन पहली मर्तबा है जब प्रशासन ने उनके व्यवसाय को लेकर बड़ी कार्रवाई की तैयारी की है। अकेले डोंगरगांव राजस्व क्षेत्र में फॉर्म्स से राशि वसूलने पर एबीस पोल्ट्री को बड़ी चपत लग सकती है। हालांकि एबीस प्रबंधन इस मामले को बैंकिंग एक्ट के कृषि व्यवसाय के तहत वैध करार दे रहा है।

## शरद पूर्णिमा पर होगा सत्यनारायण भगवान का दुग्धाभिषेक

- 9 अक्टूबर को गूंजेगी भजनों की सुमधुर वाणी
- मध्य रात्रि को भक्त प्राप्त करेंगे अमृतमयी खीर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



संस्कारधानी के हृदय स्थल में विराजित सत्यनारायण मंदिर में हिंदू संस्कृति के विभिन्न त्योहारों को भव्य स्वरूप में मनाए जाने की परंपरा है। आगामी 9 अक्टूबर रविवार को शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल , कोषाध्यक्ष हरीश अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री सत्यनारायण मंदिर , कामठी लाइन में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुबह 9:00 बजे से 10:00 बजे तक श्री सत्यनारायण भगवान एवं श्री राधा कृष्ण भगवान का दुग्धाभिषेक किया जावेगा। जो पुरुष भक्त कुर्ता पायजामा पहनकर आयेंगे उन्हे मंदिर के गर्भगृह में श्री सत्यनारायण भगवान का अभिषेक करने का अवसर प्राप्त होगा। माता - बहने अखंड ब्रह्मांड नायक भगवान राधाकृष्ण का अभिषेक कर सकेंगे। भक्तगण अपने घर से गाय का दूध लाकर अपने हाथों से भगवान राधा कृष्ण एवं श्री सत्यनारायण भगवान का दुग्ध अभिषेक कर सकते हैं। उक्त अभिषेक किए हुए दूध प्रसाद का वितरण शरबत के रूप में अभिषेक के तुरंत बाद मंदिर में किया जाएगा। रात्रि 8:30 बजे से संस्कारधानी की सुप्रसिद्ध भजन मंडली बाबा सेवक मंडल के आकाश शर्मा एवम साथियों के द्वारा सुमधुर भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित की जाएगी। मध्य रात्रि में भगवान की आरती होगी एवं अखंडब्रम्हांड नायक भगवान राधा कृष्ण के महारास के पश्चात 16 कलाओ से बिखरी चंद्रमा से निकली अमृत युक्त खीर का प्रसाद भक्तो को प्राप्त होगा।

## राम रावण संवाद व आतिशबाजी के मध्य रावण दहन दशहरा उत्सव में इंडियन आईडल सिंगर की प्रस्तुति



**डोंगरगांव नगर।** नगर में दशहरा उत्सव पारंपरिक तौर पर मनाया गया। इस मौके पर कालेज ग्राउंड में राम-रावण संवाद के मध्य भव्य आतिशबाजी के साथ 51 फीट के रावण का दहन किया गया। नगर की निशांत दशहरा उत्सव समिति के द्वारा कालेज ग्राउंड में आयोजित दशहरा उत्सव दरम्यान इंडियन आईडल फेम सिंगर जौलीदास एन्ड ग्रुप की रंगारंग प्रस्तुति भी हुई। निशांत दशहरा उत्सव समिति डोंगरगांव द्वारा दशहरा उत्सव अंतर्गत लगभग 7 बजे से ही सिंगर जौलीदास ईंटरटेनमेंट ग्रुप का शो प्रारंभ हो गया था। इस दरम्यान भारी भीड़ के मद्देनजर महिलाओं के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था रखी गई थी। निकाय अध्यक्ष हीरा भाई निषाद के मार्गदर्शन में बेरिगेटिंग कराई गई थी। लगभग रात्रि 10 बजे दुर्गा की प्रतिमा आयोजन स्थल समीप पहुंचने व मंदिर का पारंपरिक डोला पहुंचने के दस्तूर उपरांत राम रावण संवाद के मध्य रावण दहन संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अफ़्सर भी मोर्चा संभाले हुए थे। निकाय अध्यक्ष ने अफ्सरों का आभार जताया। आयोजन में संरक्षक दिनेश गांधी, नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा भाई निषाद, वीरेंद्र बोरकर, मनीष बोहरा, हेमंत यदु, प्रवेश ठाकुर, अमिताभ जैन, गब्बर जैन व युवाओं सहित पार्षदगण ने सहयोग प्रदान किया।

## युवा मितान क्लब ने किया महिला खेलकूद आयोजित
# ग्रामीण खेलकूद में महिलाओं ने दिखाये जौहर

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरगांव में जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू के निर्देशन में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेलकूद अंतर्गत कुर्सी दौड़, आलू दौड़, सौ मीटर दौड़, सुई धागा, जलेबी दौड़, मटका फोड़ एवं विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया। विजेता प्रतिभागियों को आयोजक राजीव युवा मितान क्लब की ओर से पुरुस्कृत भी किया गया। युवा मितान क्लब के बैनरतले आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कुसी दौड़ में प्रथम मीना सिन्हा, द्वितीय मीना श्रीवास रहे। जलेबी दौड़ में प्रथम गंगोत्री सिन्हा व द्वितीय चंपा साहू रहे। सौ मीटर दौड़ में प्रथम धनेश्वरी सिन्हा व द्वितीय गीता साहू रहे। आलू दौड़ में प्रथम लुकेश्वरी साहू व द्वितीय गीता साहू रहे। सुई धागा में प्रथम हरिला सेवता व द्वितीय लीला साहू रहे। मटका फोड़ में बिन्दा बाई प्रथम रहीं। प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक अंसारी व शशांक साहू थे। इस मौके पर सरपंच कुमान सिंह नेताम, राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष लोकेश सिन्हा, निर्मल साहू, अनिल सिन्हा, तुलसी सिन्हा, रौशनी साहू, मालती नेताम, लीला साहू, ममता सिन्हा भागी नेताम, भागीरथी सिन्हा, चेमन नेताम, खोमेश विश्वकर्मा, पोषण नेताम, प्रवीण साहू, ग्राम प्रमुख बिसौहा सिन्हा, गिरवर साहू, मीणा श्रीवाश, लुकेश्वरी साहू, धनेश्वरी सिन्हा व भारी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## विशाल रावण का राम ने किया वध, दहकते पुतले के साथ अधर्म के अंत का उत्सव मनाया

- आतिशबाजी से रंग दिया आसमान, गायकों ने भी समां बांधा

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



विजयादशमी के मौके पर आयोजित कार्यक्रमों में जनसैलाब उमड़ा। लगभग दो वर्ष बाद बगैर कि प्रतिबंध के हुए इन आयोजनों में मुंबई के कलाकारों की प्रस्तुति ने समां बांधा। वहीं भव्य आतिशबाजी ने शहर के आसमान को काफी देर तक कई रंगों से सजाए रखा। देर रात रावण वध के बाद कार्यक्रमों का समापन हुआ। स्टेट स्कूल, म्युनिसपल स्कूल, कमला कॉलेज मैदान के आयोजन उत्साह का केंद्र रहे। स्टेट स्कूल में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों ने वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी से लोगों का मनोरंजन किया। यहां आस्टेलिया से प्रोग्राम्ड फायर शो भी हुआ। इस भव्य आतिशबाजी ने लोगों को रोमांचित कर दिया। आखिर में श्रीराम के हाथों 51 फीट के रावण का वध हुआ। रावण दहन में भी आतिशबाजी हुई। म्युनिसपल स्कूल में छत्तीसगढ़ जनमहोत्सव समिति के आयोजन में गायक मधुर शर्मा ने शिरकत की। युवाओं के बीच लोकप्रिय गायक को सुनने-देखने में हजारों की तादाद में भीड़ पहुंची। मोबाईल की फ्लैश लाईट जलाकर लोगों ने गायक का अभिवादन किया। उन्होंने भी लोगों की पसंद के गाने गाकर मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम और रावण दहन को देखने लोग फ्लाई ओवर पर भी डटे रहे। कमला कॉलेज मैदान का आयोजन भी महत्वपूर्ण रहा। राजा दिग्विजयदास विजया दशमी महोत्सव समिति द्वारा आयोजन का यह 23वां वर्ष था। राजनांदगांव की बेटी और टीवी रियलिटी शो में प्रतिभागी रही पार्श्व गायक सुमेधा कर्महे ने यहां अपने बैंड के साथ प्रस्तुति दी। पहली बार राजनांदगांव में उन्होंने शो किया। उन्हें सुनने बड़ी तादाद में यहां लोग पहुंचे थे। इस आयोजन में कलेक्टर, एसपी और आयुक्त ने भी शिरकत की। यहां उड़ीसा की भव्य आतिशबाजी ने लोगों का मनमोह लिया। आयोजन का काफी प्रशंसा मिली। अंत में 25 फीट के रावण के वध और दहन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। गौरीनगर में भी लगभग 45 फीट के रावण का दहन किया गया। यहां प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट उपलब्धियों के लिए नागरिकों का सम्मान भी किया गया। इसके अलावा भी शहर में विभिन्न स्थानों पर विजयादशमी पर्व का आयोजन किया गया।

# दो सूत्रीय मांगों के लिए सोसायटी कर्मियों का प्रदर्शन, ज्ञापन भी सौंपा

- उपेक्षा का लगाया आरोप देर के लिए सरकार को ठहराया जिम्मेदार

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com



जिला सेवा सहकारी समितियों के कर्मी अपनी लंबित मांगों को लेकर उग्र हो गए हैं। संघ ने मंगलवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। रैली निकालकर लंबित मांगें पूरी नहीं होने के लिए प्रदर्शनकारियों ने सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। मांगों को पूरा कराने के लिए कलेक्टोरेट में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जानी है। सहकारी समितियों कर्मियों का मत है कि, उन्हें हमेशा ही शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है। धान खरीदी के बाद सूखत की समस्या पर वसूली जैसे आदेश उनके लिए बड़ा नुकसान है। कर्मचारियों ने आज दो सूत्रीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन सहित कलेक्ट्रेट परिसर पहुंच कर कलेक्टर जगदीश सोनकर को ज्ञापन भी सौंपा। इनकी प्रमुख मांग धान खरीदी मे सुखत मान्य करना, समिति स्तर पर विगत 15 वर्षो से प्रासांगिक, सुरक्षा व्यय एवं धान खरीदी की कमीशन राशि बढ़ाना शामिल है। इस दौरान सेवा सहकारी समिति कर्मियों के संघ के प्रदेश संरक्षक ईश्वरी साहू, जिला अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास, उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंद्राकर, महामंत्री आरिफ खान, खैरागढ़ कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वर्मा सहि समस्त सोसायटियों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शिकारीमाहका में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम शिकारीमाहका में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम में जगजीत सिंह भाटिया पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो मुख्य अतिथि रहे। भाटिया ने कहा की जिस किसी विषय में प्रतियोगिता होती है तो ये निश्चित है, कि उक्त प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागी का गुणवत्ता का मानक बढ़ता है। नृत्य कला पुरातन काल से चली आ रही है। गीत संगीत का हम सभी के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासी व यंग ब्रदर्स समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मीना कुंजाम (सरपंच), वैधराज, गोपाल प्रसाद तिवारी, चुरामन साहू, कौशल साहू, बैसाखू साहू भी शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुराणिक, रवि सिन्हा, खुमान, बलराम राणा, एकलव्य, युगल किशोर, रिखीराम, भूपेंद्र कुमार, यशपाल, संदीप, रविंद्र, अनिल, भोज, कुलेश्वर, भुनेश्वर, भारत यादव, कैलाश, हिमांशु, ईश्वर, नरेंद्र, शिवम, मनीष, दिनेश साहू, आयुष दुबे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## दशहरा के आयोजनों में शामिल हुईं जपं अध्यक्ष



पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

दशहरा के अवसर पर जनपद पंचायत क्षेत्र छुरिया के विभिन्न ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित हुए। जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव ने अलग-अलग ग्रामों के कार्यक्रमों में शिरकत की। ग्राम हालेकोसा, लालुटोला, गुंडरदेही, खुर्शीटीकुल में पहुंचकर उन्होंने ग्रामीणों का अभिवादन करते हुए विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एकांत चन्द्राकर, रविंद्र वैष्णव, गोपाल साहू, किसुन साहू, देवारु मालेकर, संजय सिन्हा, किरण साहू, अनिता कुंजाम सरपंच हालेकोसा, दुर्गा महानदिया सरपंच खुर्शीटिकुल, रमेश पिस्दा सरपंच गुंडरदेही, नैनसिंह पटेल, राजेश मोगरे, शिशुपाल पटेल, फूलचंद ठाकुर, प्रेमीचंद्र साहू, अयोध्या प्रसाद साहू, ओमलाल साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

# खुज्जी विधायक के प्रयासों से मिली साढ़े चार करोड़ की स्वीकृति

## विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का होगा नवीनीकरण

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू के प्रयासों से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में 4 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से 35 सड़कों के नवीनीकरण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृति अंतर्गत क्षेत्र में 35 किमी सड़कों का निर्माण होगा। गौरतलब है कि भारी बारिश और पुराना निर्माण होने के चलते कई ग्रामों की सड़क जर्जर हो चुकी थी। ग्रामीण की मांग और सड़कों की स्थिति देखते हुए नवीनीकरण का प्रस्ताव विधायक ने छत्तीसगढ़ शासन को भेजा था जिसे सरकार ने हरी झंडी दे दी है। इस स्वीकृति के तहत कुमर्दा धनगांव से भेजराटोला के बीच 15.58 लाख रुपए की लागत से सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा। इसी तरह टी.07 से ठाकुरबांधा के लिए 19.36, टी.06 से नरेठीटोला के लिए 26.73, एल 0.39 से देवरी हेतु 19.31, चिरचारी से चोरहाबंजारी में 37.22, चांदो से बंशीबंजारी के लिए 38.52, टी.10 से तुमडीलेवा हेतु 18.03, टी.06 से गोटाटोला के लिए 17.57, टी करमरी-गोडलवाही से रानामटिया में 13.86, टी.05 से बीरूटोला के लिए 15.46, गोडलवाही से चिखलामटिया के लिए 41.19, करमरी-गोडलवाही से तुमडीकसा के बीच नवीनीकरण के लिए 25.28 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी तरह टी.10 से बागद्वार 13.70 लाख, टी.02 से किरगाटोला 24.53 लाख, छुरिया-डोंगरगांव से पदगुडा 10.76 लाख, टी 01 से रियाटोला 14.86 लाख, टी 09 से दुर्रेबंजारी 23.07 लाख, आको से रानीपुर खड़खड़ी 14.37 लाख, एन एच -6 से रानीतालाब 15.99 लाख, एन एच -6 (पाटेकोहरा) से कुबराडीह 46.55 लाख, भोलापुर से झालाटोला 16.76 लाख, एनएच 052 से टेकेहर्रा 40.58 लाख, रंगीटोला हाटबंजारी (एम.डी.आर ) से मरकाकसा 81.87 लाख, एल.060 से बरछाटोला 23.33 लाख, एल.055 से बखरूटोला 37.35 लाख, टी.09 से मोहगांव 11.74 लाख, केलीयारी से खेर्राटोला 48.26 लाख, टी.11 से लालमेटा 54.18 लाख, छुरिया बंजारी मार्ग से मोरकुटुम्ब 33.72 लाख व एनएच.6 से रामपुर के बीच सड़क नवीनीकरण के लिए 32.43 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। उक्त नवीनीकरण कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र की जनता में हर्ष है। ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री व विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अतिथियों ने रस्सा खींच खेल में हिस्सा लेकर खेलों का आनंद लिया
# शुरु हुआ पारंपरिक खेलों का छत्तीसगढ़िया ओलंपिक

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का शुभारंभ स्थानीय प्यारेलाल स्कूल में किया गया। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगडी दौड, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बाटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेडी दौड़, भंवरा, 100 मीटर की दौड एवं लंबी कूद को शामिल किया गया है। उक्त आयोजन में अतिथियों ने रस्सा खींच खेल में हिस्सा लेकर खेलों का आनंद लिया।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 आयोजित करने बैठक लेकर छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष दोनो वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। आयु वर्ग में 18 वर्ष तक, 18 से 40 वर्ष तक एवं 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी भाग लेंगे। बताया गया कि खेल आयोजन के लिए 6 स्तर में बांटा गया है। जिसमें राजीव युवा मितान क्लब, जोन (08 क्लब को मिलाकर 1 जोन होगा) विकासखंड/नगरीय क्लस्टर स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर व राज्य स्तर में खेल होंगे। नगरीय निकाय क्षेत्र में दो स्तर में खेल आयोजित किए जाएंगे। जिनमें पहला राजीव युवा मितान क्लब स्तर जिसका आयोजन 6 से 11 अक्टूबर तक किया जाएगा एवं दूसरा जोन स्तर (08 क्लब को मिलाकर 1 जोन होगा) जिसका आयोजन 15 से 20 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसमें से चयनित प्रतिभागी आगे के स्तरों में खेल का प्रदर्शन करेंगे।

# जिले में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का शानदार आगाज

## ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पारम्परिक खेलों का महाकुंभ छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आज बिलासपुर जिला सहित पूरे राज्य में शानदार शुभांरभ हुआ। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार, लोक संस्कृति, लोक कला को बढ़ावा देने के बाद अब छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेलों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह आयोजन 6 अक्टूबर 2022 से 6 जनवरी 2023 तक पूरे राज्य में किया जा रहा है। तखतपुर नगर पालिका परिषद में संसदीय सचिव एवं तखतपुर विधायक रश्मि सिंह ने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक की शुरूआत की। जिले के सभी ग्राम पंचायतों सहित नगरीय निकायों में पारम्परिक खेल गिल्ली डंडा, पिट्टूल, रस्साकसी, बाटी, फुगड़ी, भौंरा, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो जैसे 14 खेल विधाओं में बच्चें, युवा और बुजुर्ग भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। प्रदेश में पहली बार इस तरह के खेलों का आयोजन होने से छोटे बच्चों से लेकर महिलाओं और पुरूषों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कलेक्टर एस सौरभ कुमार ने जिले के लोगों से छत्तीसगढ़ियां ओलम्पिक में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की अपनी परम्परा एवं पहचान है। गांव-गांव में लोक खेलों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता से एक बार फिर पारम्परिक खेलों की पहचान बढ़ेगी। कलेक्टर ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आयोजित होने खेलों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में छत्तीसगढ़ के पारम्परिक 14 खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इन खेल विधाओं में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, रस्साकसी, बाटी, फुगड़ी, भंवरा, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, संकली, लंबी कूद, गेड़ी दौड़, 100 मी दौड़ और बिल्लस शामिल है। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की जा रही है। पहला 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा 18 से 40 वर्ष की आयु तक एवं तीसरा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक महिला और पुरूष दोनों वर्ग में शामिल हो सकते है।

प्रतियोगिता पहले स्तर पर राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर होगी। दूसरे स्तर में 8 क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विकासखण्ड स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्द्धा में भाग लेंगे। इसके बाद जिला, संभाग और अंतिम में राज्य स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता और प्रतिभागी दल को पुरस्कार राज्य युवा महोत्सव में दिया जाएगा।



### 6 अक्टूबर से 6 जनवरी तक चलेगा आयोजन

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर के आयोजन 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक होंगे, वहीं जोन स्तर का आयोजन 15 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2022 तक होगा। विकासखण्ड स्तर पर 27 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक आयोजन होगा।

# कांग्रेस नेताओं से प्रताड़ित कांग्रेसी का फांसी लगाना बेहद शर्मनाक : भाजपा

## कांग्रेस के जंगल राज में कांग्रेसी ही महफूज नहीं: डॉ. बांधी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व छत्तीसगढ़ शासन ने पूर्व मंत्री डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी ने बिलासपुर में एक कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा कांग्रेसी नेताओं की प्रताड़ना से त्रस्त होकर खुदकुशी करने की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि अब तक कांग्रेस के गुंडे, माफ़ियाराज में नदी, नाला, स्कूल परिसर, श?मशान घाट तालाब की खाली जमीन पर कब्जा हो रहा है, रेत से लेकर शराब तस्करी हो रही है, हत्या, लूट, बलात्कार की वारदातों की बाढ़ आ गई है लेकिन अब यह मामला साबित कर रहा है कि बाड़ ही खेत खाने लगी है। कांग्रेसी ही कांग्रेसी की मौत का कारण बन रहे हैं। कांग्रेस के लोग अपनी ही पार्टी के लोगों को नहीं बख्श रहे। भूपेश बघेल की सरकार में यहां ऐसा जंगल राज चल रहा है, जिसमें छोटे छोटे सियासी जीवों को सियार निगल रहे हैं। कांग्रेस के नरवा में बड़ी मछलियां छोटी मछलियों को खा रही हैं। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि कांग्रेस के राज में कांग्रेस के कार्यकर्ता ही महफूज नहीं हैं तो आम जनता कैसे सुरक्षित रहने की सोच सकती है। भूपेश बघेल सरकार ने कांग्रेस पोषित अपराधियों को खुली छूट दे रखी है कि वे अपने पराए में भेद किये बिना हर किसी के साथ जो चाहें, कर सकते हैं। बिलासपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता रज्जब अली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके सुसाइड नोट में दो कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाना यह खुलासा कर रहा है।

# साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी



**रायपुर।** माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। लतिका भावे द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई। सचिव नीता श्रीवास्तव ने गत माह की गोष्ठी का संपूर्ण विवरण साझा किया। दोहे,छंद,कविताएं व व्यंग्य रचनाओं से गोष्ठी परवान चढ़ी। साक्षी रहे-ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यद,शशि मिश्रा,डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, सरोज दुबे, अनिल श्रीवास्तव, सुरेंद्र रावल, प्रज्ञा त्रिवेदी। सूत्रधार रहीं चंद्रकला त्रिपाठी, अंत में ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने धन्यवाद ज्ञापित कर सबका आभार व्यक्त किया ।

# 9 अक्टूबर को मनाया जायेगा जश्ने ईद मिलादुन्नबी-हाजी अखलाक

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



जश्ने ईद मिलादुन्नबी जिले में हर साल की तरह इस साल भी बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक खान अशरफी ने बताया कि इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार तीसरे महीने यानी रबी-उल-अव्वल की 12 तारीख को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इस दिन को ईद मिलादुन्नबी के नाम से जाना जाता है। इस बार ईद मिलादुन्नबी 9 अक्टूबर रविवार के दिन मनाया जायेगा। जिले में जुलूस ए मोहम्मदी सुबह 9.30 बजे नूरी मस्जिद बुधवारी से निकाली जाएगी। जुलूस पुरानी बस्ती मदीना मस्जिद तक जाएगी। हाजी अखलाक ने लोगों से अपील की है सभी अपनी दुकाने बंद करके जुलूस ए मोहम्मदी में आये। जामा मस्जिद कोरबा में मुये मुबारक की जियारत फज्र से लेकर जोहर तक पुरूषों को और जोहर से लेकर असर तक मस्तूरातो को जियारत करवाया जाएगा। सुन्नी मुस्लिम जमात के द्वारा 4 अक्टूबर दिन मंगलवार को मस्जिद गरीब नवाज टीपी नगर में सुबह 11 बजे से आम मीटिंग रखी गयी थी। इस बैठक में समाज के मुखिया समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। बैठक में ईद मिलादुन्नबी और हुजूर गाजीए मिल्लत सैय्यद हाशमी मिया साहब व राशिद मक्की मिया साहब की आमद को लेकर चर्चा हुई। इस पर सभी ने अपनी राय रखी और सहमति जताई गई। बैठक में सुन्नी मुस्लिम जमात के सरपरस्त कारी सैय्यद सब्बीर आमद असरफी, अध्यक्ष हाजी अखलाक खान असरफी, ज.सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़्वी, सेक्रेटरी सैय्यद असफाक अली, युनुस मेमन, शाकिर अंसारी, हलीम शेख, आरिफ खान, सरवर हुसैन खान,अब्दुल करीम, मंसूर सेख,असरफ अली, इमरान , आरिफ खानमसूद अहसन, अनवर रज़ा, तस्व्वुर, अजहर अली, जुनैद मेमन, सोहेल अख्तर, वसीम अकरम, शहनवाज, मोइन, अमन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण के लगाए ट्रेप में फंसा तेंदुआ वन विभाग ने किया रेस्क्यू

पायनियर संवाददाता ✓ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





वन मंडल भानुप्रतापपुर और वन मंडल बालोद के सीमाव्रती क्षेत्र में स्थित ग्राम तुमरीसुर में एक तेंदुआ रात को ग्रामीण के सुअर के बाड़े में घुस गया और ग्रामीण के बिछाए जाल में फंस गया। जिसे बालोद वनमंडल व रायपुर वाइल्डलाइफ की टीम रेस्क्यू कर रही है। इन मामलों में प्रशिक्षित वन विभाग की टीम ने पहले तो तेंदुआ को बेहोश करने के लिए ट्रेंकुलाइज किया और उसके बाद पिंजरे में डाल कर डौंडी ले जा कर स्वास्थ्य जांच कर प्रॉपर ट्रीटमेंट किया गया।जबकि इसके बाद तेंदुआ को निकटतम घने जंगलों में छोड़ा गया। ग्रामीणों के अनुसार यह तेंदुआ आसपास के चार से पांच गांवों में सक्रिय था, और लगातार पालतू पशुओं का शिकार कर रहा था। जिस ग्रामीण जागेश्वर कोमरे ने फंदा लगाया था, उसके भी 10 सुअरों को यह तेंदुआ मार चुका था। जागेश्वर ने बताया कि वह अपने नुकसान से परेशान हो चुका था। उसके पास कुल ग्यारह सुअर थे, जिनमें से दस सुअरों को यह तेंदुआ मार कर खा गया था। उसे यह मालूम नहीं था कि कौन सा जानवर उसके पशुओं को मार रहा है। फिर उसने देशी तरीके से बाड़े में फंदा लगाया और यह तेंदुआ फंस गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगभग 50 से अधिक पालतू जानवरों का शिकार जंगली जानवरों द्वारा किया जा चुका है। परन्तु वन विभाग को सूचित करने पर भी उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलता वन विभाग के द्वारा मरे हुए जानवर का प्रमाण मांगा जाता है, पर यदि कोई जंगली जीव उनके पालतू पशु को खा जाएगा तो उसके बाद उनके पास क्या प्रमाण मिलेगा। पर अब जबकि तेंदुआ एक ग्रामीण के सुअर के दड़बे में घुसते हुए फंदे में फंस चुका है, तो उसके बाद भी क्या वन विभाग और प्रमाण मांगेगा।

# दुर्गा पंडाल से निकले युवक की दूसरे दिन मिली लाश, हत्या की आशंका

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दुर्गा पंडाल से निकले युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला है। उसके सिर और गले में चोंट के निशान मिले हैं। वहीं, गमछा गले में फंसा हुआ था, जिससे गला दबाकर उसकी हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। पुलिस संदेहियों की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार सरकंडा क्षेत्र के लिंगियाडीह निवासी संतोष यादव 38 वर्ष होटल में काम करता था। घर में उसकी पत्नी कविता यादव, 16 साल की बेटी पूजा और 6 साल का बेटा पंकज यादव रहते हैं। बीते मंगलवार की रात संतोष यादव दुर्गा पंडाल में प्रसाद बांटने के लिए निकला था। इसके बाद वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। इस पर परिजन को लगा कि वह दुर्गा पंडाल के पास रह गया होगा। बुधवार की सुबह पुलिस को आसपास के लोगों ने जानकारी दी कि लोयला स्कूल रोड में मटन दुकान के पास युवक की लाश पड़ी है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पूछताछ कर युवक की पहचान संतोष यादव के रूप में की। इसके बाद उसके छोटे भाई अशोक यादव और परिजन को संतोष की मौत की खबर दी। परिजन जब मौके पर पहुंचे, उसके सिर और गले में चोंट के निशान थे। युवक के गले में गमछा भी फंसा हुआ था, जिससे परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस भी प्रथम दृष्टया इसे हत्या मान रही है।

हालांकि, पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# वित्तीय गड़बड़ी का मामला दो पंचायत सचिव निलंबित

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोटा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लिटिया में कार्यरत दो पूर्व पंचायत सचिवों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कार्यकाल के दौरान भारी वित्तीय गड़बड़ी के आरोप प्रारंभिक रूप से सही पाये गये है। जिला पंचायत सीईओ जयश्री जैन ने जांच रिपोर्ट मिलने के बाद यह कड़ी कार्रवाई करते निलंबन के आदेश जारी किये गये है। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन सचिव केशव यादव और पोलोदास कुर्रे अलग-अलग समय पर लिटिया पंचायत में सचिव के पद पर थे। उनके विरूद्ध वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। यादव के कार्यकाल में 4 लाख 9 हजार 245 एवं कुर्रे के कार्यकाल 3 लाख 35 हजार 718 रूपये की गड़बड़ी जांच में पाया गया। वर्तमान में ग्राम पंचायत यादव कुंवारीमुड़ा एवं कुर्रे छेरकाबांधा में सचिव का काम कर रहे हैं। निलंबन के बाद दोनों को जनपद पंचायत कार्यालय कोटा में संलग्न किया गया है। पंचायत का काम सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत कुंवारीमुड़ा का अतिरिक्त प्रभार नवागांव सल्का के पंचायत सचिव कैलाश भट्ट और एवं ग्राम पंचायत छेरकाबांधा का प्रभार ग्राम पंचायत के सचिव कुलेश्वर राज को सौंपा गया है।

## 34,871 कृषि मजदूरों को मिल रही आर्थिक सहायता

**बिलासपुर।** राजीव गांधी ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत जिले में 34,871 मजदूरों को लाभ मिल रहा है। इनमें 25,617 मजदूर वर्ष 2021-22 में पंजीकृत किये गये थे जबकि इस साल 9,256 नये मजदूरों का पंजीयन किया गया है। योजना के अंतर्गत मजदूरों को प्रति वर्ष 7 हजार रूपये की राशि तीन किस्तों में सहायता स्वरूप प्रदान की जाती है।

# दशहरा उत्सव मना रहे अधेड़ की युवकों ने कर दी पीट पीट कर हत्या, महिलाओं ने थाना घेरा

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दशहरा उत्सव मना रहे अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मोहल्ले वाले रात में दशहरा उत्सव पर डी जे बजा रहे थे। उसी समय 10-12 युवक पहुंचे और चाकू, तलवार और पाइप से हमला कर दिया। इस हमले में घायल अधेड़ को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, महिला समेत तीन लोग घायल हैं। हमलावरों पर कार्रवाई नहीं होने से गुस्साई महिलाओं ने गुरुवार की सुबह थाने का घेराव कर दिया।

आरोप है कि पुलिस ने हमलावरों को थाने से छोड़ दिया। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार घटना जूना बिलासपुर में रात मोहल्ले के लोग दशहरा पर्व मना रहे थे। इस दौरान वे लोग डी जे बजाकर नाच रहे थे। आरोप है कि उसी समय कबाड़ दुकान चलाने वाला तना उर्फ संतोष यादव अपने 10-12 साथियों के साथ पहुंचा और गाली देते हुए मारपीट करने लगा। बताया जा रहा है कि हमलावर युवक तलवार, चाकू, राड लेकर पहुंचे थे। इस हमले में प्रहलाद नोनिया, मंगल लोनिया और महिला के सिर में चोंटे आई है। हमले में घायल अधेड़ प्रहलाद (55) को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। अधेड़ की मौत के बाद भी पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं करने से गुस्साई महिलाओं ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। थाने में बैठी महिलाओं के साथ ही परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि रात में हुए हमले की उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन, पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। पुलिसकर्मियों ने उन्हें यह कहते हुए भगा दिया कि जब मोहल्ले में हत्या होगी तब आना, हम कार्रवाई करेंगे। थाने का घेराव करने पहुंची महिलाओं और युवकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्य आरोपी और कबाड़ दुकान संचालक संतोष यादव से पुलिस की मिलीभगत है, जिसके कारण से उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस रात में उसे लेकर आई थी और फिर उसे थाने से भगा दिया गया।

इधर, कोतवाली T। भारती मरकाम ने बताया कि कतियापारा में दशहरा उत्सव मनाते समय दो पक्षों के बीच रात में विवाद हुआ था। इस केस में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। सुबह इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत होने की जानकारी मिली है, जिसके बाद हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# उत्साह के साथ मनाया गया 'दशहरा' दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com






विजयादशमी का पर्व कल धूमधाम से मनाने तथा जगह जगह लंकापति रावण के पुतले दहन किए जाने के बाद दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया है। रुक रक कर हो रही बारिश के बीच बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन करने दुर्गोत्सव समितियां सक्रिय हो गई है। शहर के अनेक क्षेत्रों में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया हजारों की संख्या में नागरिकों और ग्रामीणों ने रिमझिम बारिश के बीच दहन कार्यक्रम का आनंद लिया। शहर में मुख्य रूप से पुलिस मैदान में नगर निगम द्वारा रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सांसद, विधायक सहित अनेक नेताओं ने हिस्सा लिया ।यहां पर हजारों की संख्या में नागरिक जमा थे। शहर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला एवं पुरुष बच्चों को साथ लेकर रावण दहन कार्यक्रम देखने शहर पहुंचे थे। रेलवे , राजकिशोर नगर ,पुराना बस स्टैंड, शनिचरी, सरकंडा मुक्तिधाम चौक,नूतन कॉलोनी ,साइंस कॉलेज मैदान सहित शहर के अनेक स्थानों में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सांसद अरुण साहू बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे महापौर रामशरण यादव अपेक्स बैंक अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव समेत अनेक नेता एवं पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। शनिचरी बाजार में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के मुख्य अतिथि में रावण दहन समारोह आयोजित किया गया हालांकि समारोह में बारिश ने बाधा डालने की पूरी कोशिश की लेकिन लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। शाम को लोग आपस में एक दूसरे को सोनपान देते हुए विजयदशमी की बधाई दी। आज गुरुवार को शहर में जगह जगह विराजे मां दुर्गा की प्रतिमा प्रतिमाओं तथा झांकियों का दर्शन करने का सिलसिला भी शुरू हो गया। दुर्गा उत्सव समितियो द्वारा विशेष पूजा पाठ और हवन के बाद दुर्गा प्रतिमा को विसर्जित करने की तैयारी की जा रही थी। कई स्थानों पर आज ही दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बरसते पानी में किया गया ।बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया।

## ,पंचायतों से ऑनलाइन ऑडिट मैनज करने प्रति पंचायत 15 -15 हजार की वसूली का चल रहा खेल

# पौने 4 करोड़ के शासकीय धन राशि के व्यय आक्षेप के समायोजन की फुर्सत नहीं

- जिम्मेदार मौन ,कार्यालय उपसंचालक पंचायत , जिला पंचायत की कार्यशैली चर्चाओं में

पायनियर संवाददाता ✓ कोरबा
www.dailypioneer.com



एक तरफ कार्यालय उपसंचालक पंचायत एवं जिला पंचायत लिखित शिकायत एवं प्रावधान के बावजूद 81 पंचायतों से 2019 -20 के ऑडिट टीप के व्यय आक्षेप का 3 करोड़ 73 लाख 577 रुपए की शासकीय धनराशि का समायोजन कराने में नाकाम रहा,वहीं ऐसे ही पंचायतों से ऑनलाइन ऑडिट के नाम पर प्रति पँचायत 15 -15 हजार रुपए वसूलने की चर्चाएं सरगर्म हैं। नाम न छापने की शर्त पर पंचायत सचिव सिस्टम के सितम की दर्द बयां कर रहे। यहां बताना होगा कि ग्राम पंचायतों को ग्राम विकास के लिए केंद्र शासन से विभिन्न मदों से जनसंख्या के अनुपात में फंड प्रदान की जाती है। इनमें मनरेगा ,मूलभूत से लेकर 15वें वित्त मद ,प्रमुख रूप से शामिल हैं। पंचायतों में विभिन्न मदों से कराए गए कार्यों का कार्यालय उप संचालक पंचायत के अंकेक्षक ऑडिट करते हैं। वर्तमान समयावधि में कार्यों की अधिकता की वजह से कुछ पंचायतों की कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा ऑनलाईन ऑडिट भी की जाती है। जिसमें ऑडिटरों द्वारा जांच के दौरान व्यय पक्षों संतुष्टिजनक, नियमानुसार नहीं पाए जाने पर आक्षेप की जाती है। इस व्यय आक्षेप में उल्लेखित आक्षेपित शासकीय धनराशि का पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा के तहत वसूल करने का प्रावधान है ।लेकिन भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुके कोरबा जिले के पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक के 52 कटघोरा के 29 , एवं कोरबा के 3 कुल 81 ग्राम पंचायतों में 2019 -20 के आडिट टीप में 3 करोड़ 73 लाख 577 रुपए के व्यय आक्षेप निकाली गई है। इन पंचायतों में उक्त करोड़ों रुपए की शासकीय राशि का बंदरबाट कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को 2 मई एवं 9 मई 2022 को पृथक पृथक पंचायतवार पत्र प्रस्तुत कर 15 दिवस के भीतर विशेष टीम गठित कर उक्त शासकीय धनराशि का समायोजन कराए जाने अनुरोध किया गया था। लेकिन निर्धारित मियाद के एक माह बाद भी कोई पहल नहीं की गई। लिहाजा कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा को पुनः स्मरण पत्र प्रस्तुत कर 5 दिवस के भीतर विशेष टीम गठित कर उक्त शासकीय धनराशि का समायोजन कराए जाने अनुरोध किया गया था।

### इधर ऑनलाइन ऑडिट के नाम पर वसूल रहे प्रति पंचायत 15-15 हजार

एक तरफजहां 2019 -20 के वार्षिक अंकेक्षण के दौरान जिले के पोंडी उपरोड़ा ब्लॉक के 52 कटघोरा के 29 ,एवं कोरबा के 3 कुल 81 ग्राम पंचायतों से आक्षेपित 3 करोड़ 73 लाख 577 रुपए के शासकीय धनराशि की वसूली में कार्यालय उपसंचालक पँचायत ,जिला पंचायत नाकाम रहा है वहीं प्रत्येक पंचायतों से छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा द्वारा ऑनलाईन ऑडिट में बचाने के नाम पर 15 -15 हजार की वसूली की जा रही। नाम न छापने की शर्त पर पंचायत सचिवों ने बताया कि उन्हें कार्रवाई का भय दिखाकर कार्यालय उपसंचालक पंचायत द्वारा उक्त राशि वसूल किया जा रहा। जबकि पूर्व में मैन्युअल ऑडिट के नाम पर 15 से 20 हजार दे चुके हैं। यही नहीं किसी पंचायत की शिकायत रहती है तो मोटी रकम की मांग की जाती है। निश्चित तौर पर शिकायतें गम्भीर है जिसकी जांच की नितांत आवश्यकता है।

### कार्यालय जिला पंचायत, उप संचालक पंचायत की जुगलबंदी से भ्रष्ट पंचायतों को मिल रहा पनाह ,सीएम आगमन पर नपेंगे जिम्मेदार

पोंडी, कटघोरा कोरबा ब्लॉक के 81 पंचायतों द्वारा दबाई गई शासकीय धन राशि के रिकवरी की लिखित शिकायत के 4 माह बाद भी कार्रवाई नहीं होना कहीं न कहीं इस बात पर बल दे रहा है कि कार्यालय जिला पंचायत, कार्यालय उप संचालक पंचायत की जुगलबंदी भ्रष्ट पंचायतों को पनाह दे रही है। जल्द ही मुख्यमंत्री का कोरबा आगमन होने वाला है ऐसे में ऐसे अधिकारियों के कार्यशैली की सीएम के समक्ष अगर लिखित शिकायत हो तो कोई हैरानी वाली बात नहीं होगी। कार्यालय उप संचालक पंचायत जिला अंकेक्षक अर्से से जमे हैं जो पूरे विभाग की व्यवस्था को कहीं न कहीं अपने नियंत्रण में ले रखे हैं। बताया जा रहा है वरिष्ठता नियमों की अनदेखी कर करारोपण अधिकारी जे एस पैकरा को जिला अंकेक्षक बनाकर उपकृत किया गया है। संचालनालय एवं सचिवालय को अब इस खेल की जानकारी है या नहीं ये तो जांच का विषय है लेकिन पूरे जिले में विभाग के मेहरबानी की चर्चा है।

# छत्तीसगढ़ में सामूहिक हत्याकांड की बाढ़, आखिर कहां है सरकार- चंदेल

**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने जशपुर में तिहरे हत्याकांड की वारदात पर रोष व्यक्त किया है। उन्होंने इसके पहले मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और राज्य के दो अन्य मंत्रियों के जिले दुर्ग के कुम्हारी में चार लोगों की एक साथ हत्या तथा इसके पहले जशपुर के सीमावर्ती इलाके के जंगल में पत्थर से कुचलकर तीन लोगों की सामूहिक हत्या की वारदात का हवाला देते हुए सवाल किया है कि छत्तीसगढ़ में सरकार नाम की कोई चीज है अथवा नहीं? राज्य में सामूहिक हत्याकांडों की बाढ़ आई हुई है। आखिर सरकार कहां है और क्या कर रही है? प्रदेश की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। हर रोज हत्या लूट डकैती बलात्कार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं ।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403